जबलपुर सोमवार 18 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया, संवत 2083

वर्ष 31 अंक 318 मूल्य ₹3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



एलिना स्वितोलिना ने तीसरी बार रोम खिताब जीता

10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.3°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C
सूर्योदय - 5.28 | सूर्यास्त - 6.46



सी.बी.एस.ई. 12वीं के परीक्षाफल में नवोदय विद्यालय... 2



तूफान से पहले की शांति, मध्य-पूर्व में तनाव के बीच ट्रंप... 7



17 दिन बाद खत्म हुआ युवा कांग्रेस का किसान न्याय... 9



# 'सवालों' से पटा बाजार, शिक्षा मंत्री क्यों लाचार

## नीट पेपर लीक मामले में राहुल गांधी का हमला जारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को एक बार फिर नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। वही, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को उनके पद से नहीं हटाए जाने को लेकर सवाल उठाए है। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल ने 2024 और 2026 के नीट पेपर लीक मामलों से निपटने के तरीके की तुलना की और पीएम मोदी से देश द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब देने की मांग की। कांग्रेस नेता ने अपनी पोस्ट में लिखा कि नीट 2024 पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद नहीं हुई। मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई ने जांच शुरू की। एक समिति बनाई गई। नीट 2026 पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद कर दी गई। मंत्री ने अभी भी इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर से जांच कर रही है। एक और समिति बनाई जाएगी। उन्होंने आगे कहा, मोदी जी देश के आपसे कुछ सवाल हैं। उनके जवाब दीजिए! बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? आप इस बार-बार होने वाली परीक्षा पे चर्चा पर चुप क्यों हैं? आपने बार-बार विफल हो रहे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया है? राहुल गांधी ने कल भी नीट पेपर लीक विवाद से जुड़ी छात्रों की आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था। परीक्षा रद होने के बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले उत्तर प्रदेश के एक 21 वर्षीय छात्र की मौत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा परीक्षा से नहीं हारे, उन्हें एक भ्रष्ट व्यवस्था ने मार डाला है। यह आत्महत्या नहीं है। यह सिस्टम द्वारा की गई हत्या है।

### सीबीएसई का भी मुद्दा उठाया

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सीबीएसई के खराब ओएसएम सिस्टम के कारण 12वीं के कई छात्रों को उम्मीद से कम अंक मिले। इसके कारण कई छात्र कॉलेज में एडमिशन की योग्यता खो बैठे हैं। सीबीएसई ने अब 9वीं क्लास के लाखों छात्रों को 1 जुलाई से नई भाषा सीखने का कहा है। न कोई शिक्षक है, न कोई बुक और 14 साल के बच्चों को काम चलाऊ उपाय के तौर पर 6वीं कक्षा की किताबें थमा दी गई हैं।

### नीट पेपर लीक खुलेआम व्यापार बना



ग्वालियर में रविवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों और लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने नीट परीक्षा में लगातार हो रही धांधलियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है, साथ ही सरकार की आर्थिक नीतियों पर भी कड़े सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नीट परीक्षा में हो रहे घोटालों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि देश में लगातार चौथी-पांचवीं बार नीट का पेपर लीक हुआ है, जिसके कारण लगभग 22 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है और उन्हें दोबारा परीक्षा देनी पड़ रही है। भाजपा शासित राज्यों से इसकी लगातार शिकायतें आ रही हैं और यह छात्रों के भविष्य के साथ खुलेआम व्यापार हो रहा है।

## जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री को लिखा पत्र

# मंडियों में ठगा जा रहा है किसान

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर किसानों को वास्तविक न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने और इसे कानूनी गारंटी देने की मांग की है। पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार कागजों पर एमएसपी बढ़ाने का प्रचार करती है, लेकिन मंडियों में किसान घोषित मूल्य से भी कम दाम पर अपनी उपज बेचने को मजबूर हैं। जीतू पटवारी ने पूछा है कि वर्तमान या पूर्व में घोषित एमएसपी सूची में कौन-सी ऐसी फसल है, जिसकी मध्य प्रदेश में वास्तविक खरीद एमएसपी पर हो रही है? उन्होंने प्रदेश की मंडियों और खरीद केंद्रों की संयुक्त जमीनी पड़ताल कराने की मांग की और खुद इस जांच में शामिल होने को तैयार हैं। जीतू पटवारी ने दोनों नेताओं से अपील की है कि वे किसान हित में गंभीरता से विचार करें



और मध्य प्रदेश को किसानों के अधिकारों की रक्षा करने वाला अग्रणी राज्य बनाने का निर्णय शीघ्र लें। पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखे पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के लिए नई एमएसपी सूची जारी किए जाने के बावजूद किसान आज भी अपनी उपज घोषित समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार कागजों में समर्थन मूल्य बढ़ाने का प्रचार करती है, लेकिन मंडियों में किसानों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाता। खुले बाजार में व्यापारी एमएसपी से कम कीमत पर खरीद करते हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है। कांग्रेस नेता ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बने, जहां एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए। उन्होंने एमएसपी से कम कीमत पर खरीद को दंडनीय अपराध घोषित करने, सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने और प्रत्येक मंडी में वास्तविक समय मूल्य निगरानी तंत्र स्थापित करने की मांग की। पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह राज्य होने के कारण इस दिशा में पहल कर सकता है।

### घोषणाएं नहीं, गारंटी चाहिए

पत्र में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि 25 साल से सत्ता में रहने वाली भाजपा को अब यह समझना होगा कि किसान केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि गारंटी चाहता है। उन्होंने लिखा कि अगर मध्य प्रदेश (शिवराज सिंह चौहान का गृह राज्य) एमएसपी की कानूनी सुरक्षा लागू करता है तो यह पूरे देश के लिए न्यू एग्रो मॉडल बन सकता है।

### जीतू पटवारी ने की ये मांगें

- मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बने, जहां एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए।
- एमएसपी से कम मूल्य पर किसानों की उपज खरीदना दंडनीय अपराध घोषित किया जाए।
- न्यूनतम मूल्य सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी और पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए।
- हर मंडी में वास्तविक समय पर मूल्य निगरानी तंत्र स्थापित हो और शिकायत पर तुरंत कार्रवाई हो।

## एआईबी टैक्स मॉडल लागू कर देश का पहला राज्य बना कर्नाटक

**बेंगलुरू।** कर्नाटक देश का पहला राज्य बन गया है जिसने एल्कोहल इन बेवरेज (एआईबी) आधारित एक्साइज ड्यूटी संरचना लागू की है। नई नीति 11 मई 2026 से प्रभावी हो गई है। राज्य आबकारी विभाग के मुताबिक, यह कदम मुख्यमंत्री के 2026-27 बजट भाषण के बाद उठाया गया। एआईबी आधारित टैक्स सिस्टम को दुनिया भर में शराब टैक्स का गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है। नई नीति के तहत सरकार द्वारा तय की जाने वाली कीमतों की व्यवस्था पूरी तरह खत्म कर दी गई है। अब उत्पादकों को बाजार की हालात के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में अपने उत्पाद की कीमतें रखने की छूट दी गई है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, इंडियन मेड लिकर (आईएमएल) की श्रेणियों को घटाकर 8 कर दिया गया है। आबकारी विभाग का कहना है कि इस बदलाव का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर शराब उपलब्ध कराना है।

# वीडी सतीशन आज से शुरू करेंगे 'केरल स्टोरी'

## शपथग्रहण में राहुल गांधी भी होंगे शामिल



तिरुवनंतपुरम।

केरल में यूडीएफ सरकार के मुख्यमंत्री पद के निर्वाचित उम्मीदवार वीडी सतीशन सोमवार सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। उनके साथ उनकी पूरी कैबिनेट भी शपथ ग्रहण कर सकती है। केरल में नई सरकार का भव्य शपथ ग्रहण समारोह तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस शासित तीनों राज्यों के मुख्यमंत्री विशेष रूप से तिरुवनंतपुरम पहुंच रहे हैं। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंप दी गई है। मंत्रियों की घोषणा सीधे तौर पर नहीं की जाती। ये हमेशा से चली आ रही परंपरा है। यूडीएफ की सक्षम टीम मंत्रियों के रूप में शपथ लेगी। यूडीएफ एक अच्छी टीम उतारेगी जो केरल की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार अपने घोषित वादों पर गंभीरता से विचार करेगी। इस संबंध में किसी प्रकार की चिंता की जरूरत नहीं है। उन्होंने वेल्लापल्ली नटेसन के हालिया भड़काऊ बयान देने पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार शपथ लेने ही जा रही है। इससे पहले वेल्लापल्ली नटेसन को ऐसे भड़काऊ बयान नहीं देने चाहिए था।

## सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 38 हुई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने के यूनियन कैबिनेट के फैसले को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026 जारी करके सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (सीजेआई को छोड़कर) करने की मंजूरी दे दी है।

## बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्दः वैष्णव

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने रविवार को वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कड़ी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी।

## नदी में नहा रहे 6 दोस्त डूबे, 4 की मौत

**फतेहपुर।** कुन्नू का डेरा मजरे खुरमानगर स्थित रिंद नदी में रविवार दोपहर एक बजे नहा रहे छह दोस्त गहरे बहाव में डूब गए। चीख पुकार सुनकर स्थानीय गोताखोर नदी में कूदे और सभी को ढूंढकर बाहर लाए। इसके बाद एंबुलेंस से सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकीय टीम ने चार दोस्तों को मृत घोषित कर दिया जबकि दो का उपचार चल रहा है। मृतकों में 3 नाबालिग हैं।

# राजधानी एक्सप्रेस में लगी भीषण आग

## दो कोच जलकर खाक, दिल्ली-मुंबई रूट प्रभावित



रतलाम।

मध्यप्रदेश के रतलाम के पास रविवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस में भीषण आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन जा रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच आग की चपेट में आ गए। घटना कोटा रेल मंडल के लूणीरिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन के बीच हुई। जिसके बाद दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5.30 बजे लूणी-विक्रमगढ़ के बीच ट्रेन के बी-1 कोच में आग लग गई। गार्ड ने तुरंत इसकी सूचना लोको पायलट को दी, जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया। देखते ही देखते आग ने दो कोचों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों ने तेजी से राहत कार्य शुरू किया। करीब 68 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे कोचों में शिफ्ट किया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। रेलवे अधिकारियों की तत्परता के चलते किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग लगने की घटना के बाद नई दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर रेल परिचालन प्रभावित हो गया। कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा। रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर कुछ ट्रेनों के संचालन में बदलाव भी किया।



## आकाश जैन को मिली एनटीए की कमान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2013 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी आकाश जैन को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत आकाश जैन को प्रतिनियुक्ति पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन, यूजीसी-नेट तथा सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाएं आयोजित करती है।

# कोलकाता में टीएमसी दफ्तर पर रेड

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल पार्टी कार्यालय से 100 से अधिक आधार कार्ड और सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। साल्ट लेक इलाके में बिधाननगर नगर निगम के वार्ड नंबर 36 के अंतर्गत, बसंती देवी कॉलोनी में टीएमसी का यह कार्यालय मौजूद है। स्थानीय निवासी बरामद सामान को सुरक्षित रखने के लिए मौके पर पहुंचे और इस मामले की सूचना बिधाननगर दक्षिण पुलिस थाने को दे दी गई। बाद में पुलिस ने आकर आधार कार्ड जब्त किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक टीएमसी दफ्तर में मिले आधार कार्ड इलाके के लोगों के ही हैं। लोगों का कहना है कि आधार कार्ड बनवाते वक्त टीएमसी पार्टी ऑफिस के पते पर आधार



**सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री के दस्तावेज और सौ से ज्यादा आधार कार्ड जब्त**

कार्ड आते थे। ऐसे में कई बार आधार कार्ड मांगने पर पार्टी के लोग कह देते थे कि अभी तक आधार कार्ड नहीं आया है। स्थानीय लोगों ने 4 मई के दिन इस पार्टी ऑफिस में ताला लगा दिया था और जब पार्टी ऑफिस का ताला खोला गया तो आधार कार्ड बरामद हुए। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और फर्जी आधार कार्ड का मुद्दा बहस के केंद्र में रहा है। अब टीएमसी के दफ्तर से बड़ी संख्या में आधार कार्ड बरामद किए जाने के बाद एक नई सियासी बहस छिड़ गई है। सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों की टीएमसी दफ्तर से बरामदगी से भी सूबे की मुख्य विपक्षी पार्टी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



## नीदरलैंड से सीखने लायक है वाटर मैनेजमेंटः मोदी

एम्स्टर्डम।

नीदरलैंड दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को डच प्रधानमंत्री रॉब जेटेन के साथ विश्व प्रसिद्ध अफ्सलाउटडाइक डैम का दौरा किया। इस दौरान भारत और नीदरलैंड के बीच वाटर मैनेजमेंट, फ्लड कंट्रोल, क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से निपटने और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी की नीदरलैंड की यह यात्रा उनकी चार देशों की यूरोप यात्रा का हिस्सा है, जिसमें स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्सलाउटडाइक डैम के दौरे के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वाटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में नीदरलैंड ने दुनिया के सामने एक मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को नीदरलैंड के अनुभव और तकनीक से सीखने की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत वाटर मैनेजमेंट के इस आधुनिक तकनीक को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सिंचाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके, बाढ़ से सुरक्षा सुनिश्चित हो और इनलैंड वाटर नेटवर्क का विस्तार किया जा सके।

# 'यह इकोलॉजिकल तबाही का नुस्खा है'

नई दिल्ली।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने इस परियोजना को पारिस्थितिक आपदा का नुस्खा करार दिया और सरकार से कम पर्यावरणीय नुकसान वाले वैकल्पिक रक्षा बुनियादी ढांचा प्रस्तावों पर विचार करने का आग्रह किया है। अपने पत्र में रमेश ने तर्क दिया कि हालांकि भारत की रणनीतिक और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना नितांत आवश्यक है, लेकिन मौजूदा रूप में ग्रेट निकोबार परियोजना को सर्वोपरि सुरक्षा कारणों का हवाला देकर उचित ठहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में मूल रूप से एक वाणिज्यिक उद्यम है, जो क्षेत्र की बेहद संवेदनशील पारिस्थितिकी और आदिवासी अधिकारों को गंभीर रूप से नुकसान

**ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को लेकर कांग्रेस ने राजनाथ सिंह को लिखा पत्र**



पहुंचा सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना पत्र साझा करते हुए कांग्रेस नेता ने लिखा कि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री को पत्र लिखने के बाद, अब मैंने ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना पर रक्षा मंत्री को पत्र लिखा है। पूर्व पर्यावरण मंत्री रमेश ने कहा कि सरकार ने 1 मई को द ग्रेट निकोबार आइलैंड प्रोजेक्ट एफएक्यू शीर्षक से एक प्रेस नोट जारी किया था। उन्होंने दावा किया कि यह दस्तावेज पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया की पूरी तरह से झूठी तस्वीर पेश करता है और वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुपालन को गलत तरीके से प्रस्तुत करता है। रमेश ने बताया कि 10 मई, 2026 को मैंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर बताया था कि कैसे ये एफएक्यू परियोजना की पर्यावरण मंजूरी पर एक पूरी तरह से झूठी तस्वीर पेश करते हैं, जो वास्तव में बहुत ही संदिग्ध आधार पर दी गई है। इसके अलावा, 13 मई को जनजातीय कार्य मंत्री को लिखे पत्र का हवाला देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना की मंजूरी प्रक्रिया संसद द्वारा आदिवासी समुदायों को दिए गए व्यक्तिगत और सामूहिक अधिकारों का खुले तौर पर उल्लंघन करती है।

### सैन्य मजबूती के लिए सुझाए विकल्प

रक्षा मंत्री को लिखे अपने पत्र में रमेश ने उन्होंने सुझाव दिया कि भारत तुलनात्मक रूप से कम पर्यावरणीय नुकसान पहुंचाने वाले मौजूदा बुनियादी ढांचे के विस्तार के माध्यम से इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति मजबूत कर सकता है। रमेश ने कैंपबेल बे में स्थित आईएनएस बाज का उदाहरण दिया, जिसे 2012 में कमीशन किया गया था। उन्होंने बताया कि इसके रनवे के विस्तार और नौसैनिक जेट्टी बनाने की योजनाएं लगभग पांच वर्षों से लंबित हैं और इन प्रस्तावों का पर्यावरण पर बहुत कम प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने निकाला विशाल मशाल जुलूस

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस द्वारा नीट परीक्षा में हुए कथित पेपर लीक एवं परीक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस भवन से गांधी चौक तक विशाल मशाल जुलूस निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं छात्र-युवा प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करने की मांग उठाई। मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई कार्यकर्ता एवं छात्र शामिल हुए। हाथों में मशाल और तख्तियां लिए कार्यकर्ताओं ने च्छात्र विरोधी सरकार मुर्दाबादज्, च्नीट घोटाले की जांच करोज्, च्युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करोज्




जैसे नारों के साथ अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि देश के लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार परीक्षा पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे युवाओं का विश्वास व्यवस्था से उठता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना केवल एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों और मेहनत के साथ अन्याय है। कांग्रेस पार्टी छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग करती है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा की निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की। मशाल जुलूस में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के अध्यक्षगण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

# दवा व्यवसायी बुधवार के दिन पूर्णत: बंद रखेंगे अपने प्रतिष्ठान

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



**ऑनलाइन दवा की बिक्री बंद किये जाने तथा कारपोरेट्स द्वारा शोषणकारी मूल्य निर्धारण का विरोध प्रदर्शित करते हुए मांगों को लेकर करेंगे प्रदर्शन**

आल इण्डिया एवं म.प्र. केमिस्ट्स ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर दवा विक्रेताओं की न्यायसंगत मांग को लेकर 20 मई को जिले के साथ-साथ कोयलांचल क्षेत्र बुढ़ार-धनपुरी की दवा दुकानें पूर्णत: बन्द रहेंगी। आल इण्डिया केमिस्ट एवं म.प्र. केमिस्ट ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर दवा विक्रेता अपनी मांगों को लेकर 20 मई को सड़कों पर उतरेंगे और अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बन्द कर अपनी मांगों की आवाज बुलन्द करेंगे। जिला केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश पाण्डेय, महासचिव-सुभाष बाधवानी एवं सचिव संदीप चपरा के अगुवाई में 20 मई को जिले के दवा विक्रेता अपने प्रतिष्ठानों को बन्द रखकर न्याय मांगों की आवाज बुलन्द करेंगे। जिला केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के शहडोल जिला उपाध्यक्ष अविनाश नानकवानी ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि-ऑनलाइन दवा की बिक्री बन्द किये जाने, कारपोरेट्स द्वारा शोषणकारी मूल्य निर्धारण को बन्द किये जाने, नकली दवाइयों से देश को बचाने तथा नीएसआर 817 दिनांक 28 अगस्त 2018 एवं नीएसआर 220, 26 मार्च 2020 को वापस लिये जाने की आवाज बुलन्द करते हुए न्याय संगत मांगों को लेकर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है और 20 मई को आल इण्डिया एवं म.प्र. केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर जिले के साथ-साथ कोयलांचल क्षेत्र बुढ़ार-धनपुरी के दवा व्यवसायी अपने प्रतिष्ठानों को बन्द रखेंगे, दवा व्यवसायियों के इस निर्णय तथा विरोध प्रदर्शन की चर्चाएं कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों व्याप्त है।



## जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने डेंगू रथ रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर डॉ आर.के.शुक्ला जिला स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में आई-पी-पी-06 सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का मुख्य उद्देश्य डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरूता विभिन्न स्तरों पर आयोजित कर लोगों को डेंगू रोग के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ अधिकारी ने बताया कि सतर्कता ही बचाव है इसके लिए हमे प्रचार-प्रसार के साथ-साथ अन्य सहयोगी विभाग जैसे महिला एवं बाल विकास, पंचायत, ग्रामीण एवं शहरी विकास नगरीय प्रशासन वन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग आदि से समन्वय स्थापित कर डेंगू चिकुनगुनिया के नियंत्रण में मिलकर प्रयास करना होगा। राष्ट्रीय डेंगू दिवस में दी गई थीम डेंगू नियंत्रण के लियें जन भागीदारी जांच करें,सफाई करें और ढकें रही। कार्यशाला मे जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि डेंगू चिकनगुनिया बीमारी सक्रंमित मादा एडीज मच्छरों के काटने से फैलती है , यह मच्छर रुके हुयें साफ पानी में पैदा होता है और दिन के समय काटता है। संक्रमित मच्छर के काटनें से तेज बुखार, सिर दर्द, मास पेशियों एवं जोडों में दर्द, ऑखो के पीछे दर्द, गंभीर स्थिति में शरीर पर चकते दिखना या रक्त बहाव इनमें से दो या दो से अधिक लक्षण पाये जाते है तो डेंगू संभावित रोगी हो सकता है, इसकी जांच जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क जांच करावे, और डेंगू एवं चिकुनगुनिया पाये जाने पर डॉक्टर की सलाह अनुसार पूरा उपचार ले।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान 2026 जिला प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार को भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल द्वारा दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान 2026 जिला प्रशिक्षण वर्ग का दो दिवसीय आयोजन नगर होटल न्यू यश पैलेस में वर्ग का आयोजन किया गया इस दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग में प्रथम दिन शनिवार को 7 सत्र एवं द्वितीय दिवस रविवार को 5 सत्र संपन्न होते ही दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन भी किया गया। अवसर पर अतिथियों द्वारा मां भारती की छायाचित्र एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण वर्ग का द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। दो दिवस



के प्रशिक्षण वर्ग में आठवें, नववें, दशवें, ग्यारवें, बारवें, एवं आज के अंतिम सत्र में प्रशिक्षण वर्ग में पधारे वक्ताओं ने प्रमुखता से अपने विचार व्यक्त किया द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित वक्ताओं ने अपना उद्बोधन के साथ प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आपेक्षिक श्रेणी के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा अभियान 2026 जिला प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष अमिता चपरा ने की। प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के जिला संयोजक राकेश पांडे सहसंयोजक संतोष लोहानी जी उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा का एक सशक्त आंदोलन है।संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क से ही संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रहा है। अमिता चपरा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा संगठन की आत्मा हैं। ऐसे वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ संगठनात्मक कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाते हैं। भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है और इसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। द्वितीय दिवस आठवें सत्र के वक्ताओं के रूप में वीरेंद्र गोयल स्थायी कार्यक्रम बूथ प्रबंधन मां की बात आईटी के विषय पर अपने विचार व्यक्त किया इसी प्रकार नववें में सत्र में के वक्त के रूप में सांसद हिमाद्री सिंह ने अपनी सरकारों की गरीब कल्याण की योजनाएं और उनके क्रियान्वयन मैं संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया इसी क्रम में दसवें वक्त के रूप में सपना मौर्या ने सोशल मीडिया मीडिया को लेकर अपने विचार व्यक्त किया।

## सी.बी.एस.ई. 12वीं के परीक्षाफल में नवोदय विद्यालय की होनहार छात्रा स्मृति सिंह ने अर्जित की सराहनीय सफलता

बुढार (स्वतंत्रमत)।



जवाहर नवोदय विद्यालय की होनहार छात्रा-स्मृति सिंह ने सी.बी.एस.ई. कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षाफल में 95 दशमलव 8 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले एवं विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही। नगर परिषद बकहों के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता अभय सिंह, की पुत्री जो पी.एमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ ब्यौहारी जिन्होंने कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षाफल में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने माता-पिता, विद्यालय तथा जिले का नाम गौरवान्वित किया है। होनहार छात्रा स्मृति सिंह की इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। छात्रा स्मृति ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों को दिया है, और उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी निश्चित ही प्रेरणा मिलेगी। विद्यालय की प्रचार्य उमा प्रताप रावत ने विद्यालय की होनहार छात्रा स्मृति की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय होती है। उन्होंने स्मृति की मेहनत, लगन एवं अनुशासन की मुक्त कंठ से सराहना की है और कहाकि-निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि स्मृति भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करेंगी। विद्यालय के सहायक प्रचार्य डॉ.बी.एस. गुप्ता ने होनहार छात्रा स्मृति के कामना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने स्मृति को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त की कि वे आगे भी निरंतर प्रगति करती रहेंगी।

# अवैध गौवंश तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 11 भैंस, पड़े और वाहन जब्त, कई आरोपी गिरफ्तार

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

जिले में अवैध गौवंश तस्करी एवं पशु क्रूरता पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना शाहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 11 भैंस पड़े से भरे एक वाहन को पकड़कर जब्त किया है। मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी शहपुरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शाहपुर निरीक्षक केवल सिंह परते द्वारा विशेष टीम गठित कर गौवंश तस्करी के विरुद्ध लगातार निगरानी एवं सूचना संकलन किया जा रहा था।

रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक एलपीडी 407 वाहन में अवैध रूप से गौवंश का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम सक्का से मालपुर



मुख्य मार्ग पर ग्राम खम्हरिया के पास घेराबंदी कर वाहन क्रमांक स्क्क09 तस्त्र 1518 को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में 11 नग भैंस पड़े क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए।

पुलिस ने मौके पर सभी भैंस पड़े एवं वाहन को जब्त कर लिया। जब्त मशरूका की अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई गई है।

थाना शाहपुर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 140/2026 दर्ज कर धारा 11(1)(घ), 11(1)(ढ़), 11(1)(ढ्ढ), 11(1)(ढ्ढ) पशु क्रूरता अधिनियम तथा धारा 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पकड़े गए आरोपियों में अज्जू खान निवासी छतरपुर, मेहमूद खान निवासी जबलपुर एवं वाहन स्वामी फिरोज खान शामिल हैं। वहीं आजाद खान, भोला खान तथा जुल्फीकार की भूमिका भी मामले में सामने आई है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक केवल सिंह परते, एएसआई श्यामलाल उर्वे, एएसआई अतुल हरदहा, प्रधान आरक्षक खेमराज, आरक्षक अंकित मरावी एवं कमलेश भवेदी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध गतिविधियों एवं गौवंश तस्करी के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का निरीक्षण

***नरसिंहपुर ( स्वतंत्र मत )।*** *कलेक्टर रजनी सिंह ने शनिवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, मेडिसिन विभाग, हड्डी रोग विभाग, जनरल ओपीडी, नाक-कान-गला विभाग (ईएनटी), दवा वितरण केंद्र तथा फिजियोथैरेपी इकाई आदि का अवलोकन निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने अस्पताल पहुंचे मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर चिकित्सकों की उपलब्धता, दवाइयों की व्यवस्था तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।*

# नर्मदा तट पर गूंजा योग और फिटनेस का संदेश 'समर कैंप स्पोर्ट्स 2026' में उमड़ा उत्साह

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित 'समर कैंप स्पोर्ट्स 2026' के अंतर्गत रविवार को मां नर्मदा नदी तट पर पुल के पास विशेष योग एवं फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों, स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान, नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग सत्र के दौरान विभाग के



प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों के मार्गदर्शन में योगासन, स्ट्रेचिंग एवं एरोबिक गतिविधियां आयोजित की गईं। नर्मदा तट के शांत एवं प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस विशेष योग कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश दिया। समर कैंप में शामिल बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों एवं आमजन ने भी बढ़-चढ़कर योग गतिविधियों में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और योग के प्रति जागरूक करना रहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में लगातार खेल, योग, फिटनेस एवं मनोरंजक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी नागरिकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सड़क दुर्घटना में घायलों से भेंट कर स्वास्थ्य की जानकारी ली

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने शनिवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में पहुंचकर जिले के पलालोहा बड़ा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायलों के स्वास्थ्य के सम्बन्ध में डॉक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने घायलों के समुचित और बेहतर उपचार करने के निर्देश चिकित्सकों को दिए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना में घायल मरीजों से भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि जिले के पलोहाबड़ा थाना अंतर्गत ग्राम कठोतिया के पास शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे सड़क निर्माण कार्य के लिए मजदूरों को लेकर जा रही एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए थे। इस दौरान ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, आरएमओ डॉ. राहुल नेमा, जिला चिकित्सालय प्रबंधक डॉ. आरके डेहरिया मौजूद थे।

## एसडीएम गोटेगांव और नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा ने किया गेहूं खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में एसडीएम गोटेगांव सुश्री संघमित्रा गौतम ने केजीएन वेयर हाउस उमरिया और अमृत स्वसहायता समूह के द्वारा शेल वेयर हाउस श्रीनगर तथा नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा ने राधा वल्लभ वेयर हाउस उमरपानी एवं हरसिद्धी वेयर हाउस बिलहेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त वेयर हाउसों में गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है।

## अवैध उत्खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त दल ने किया गया निरीक्षण

***नरसिंहपुर ( स्वतंत्र मत )।*** *कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त रूप से खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो ट्रेक्टर ट्राली खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर प्रकरण तैयार किया गया। उक्त दोनों ट्रेक्टर ट्राली वाहनों को पुलिस अभिरक्षा के लिए पुलिस थाना तेंदूखेड़ा में रखा गया। संयुक्त दल के द्वारा तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हैरी में मार्बल खदान का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।*

# हाईटेंशन तार गिरने से चटुवा में लगी भीषण आग, किसानों का भूसा जलकर खाक

### चिंगारियों के बीच भागे ग्रामीण, महिलाएं बाल-बाल बचीं

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम चटुवा के आवास टोला में रविवार सुबह लगभग 10 बजे हाईटेंशन बिजली तार टूटकर गिरने से भीषण आग लग गई। घटना में 4 से 5 किसानों द्वारा मवेशियों के लिए रखा गया धान का भूसा जलकर पूरी तरह खाक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक तेज आवाज के साथ हाईटेंशन तार नीचे गिर पड़ा, जिससे चिंगारियां निकलने लगीं और पास में रखा भूसा आग की चपेट में आ गया। देखते ही देखते





आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने बताया कि तार गिरने के दौरान कुछ महिलाएं और अन्य लोग पास में मौजूद थे, जो बाल-बाल बच गए। बिजली तार पत्थर की चट्टानों से टकराया, जिससे चट्टानों में भी छेद हो गया। घटना के बाद लोग दहशत में आ गए और तत्काल आग बुझाने में जुट गए।

किसानों का कहना है कि जला हुआ भूसा मवेशियों के लिए वर्षभर के उपयोग हेतु रखा गया था, जिसके नष्ट हो जाने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर और झूलते बिजली तारों की शिकायत की जा रही थी, लेकिन समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए तथा गांव में जर्जर हाईटेंशन तारों को बदलकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# अभी और तपाएगा मई का महीना





## जबलपुर-भोपाल समेत कई जिलों में 3 दिन भीषण गर्मी का अलर्ट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश में आंधी और बारिश का दौर थमते ही अब सूरज के तेवर तीखे हो गए हैं। जबलपुर समेत प्रदेश के 15 शहरों में पारा 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है, जिसमें खंडवा जिला सबसे गर्म रिकॉर्ड किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में महाकौशल के केंद्र जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी और लू (हीटवेव) का असर देखा जाएगा। रविवार को जबलपुर में अधिकतम तापमान 42.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री के पार रहा। सूरज की तेज तपन के कारण हालात यह है कि दिन के वक्त सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है।

### नौतपा से पहले ही गर्मी ढा रही सितम

मौसम वैज्ञानिको ने बताया कि अगले तीन दिन यानी 17, 18 और 19 मई को जबलपुर, राजधानी भोपाल के साथ ही ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर, नीमच, मंदसौर, शाजापुर, देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा आदि अन्य प्रदेश के जिलों में भीषण गर्मी पड़ेगी। दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक धूप और गर्मी का असर सबसे ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग ने आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि इस दौरान बहुत जरूरी होने पर ही लोग अपने घरों से बाहर निकलें और पूरी सावधानी बरतें।

### मई के 16 में से 13 दिन गिरा पानी

इस साल मई के महीने में मौसम का अनोखा मिजाज देखने को मिला है। प्रदेश में बीते 30 अप्रैल से शुरू हुआ आंधी-बारिश का दौर लगातार 10 मई तक जारी रहा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), चक्रवात और टर्फ लाइन के एक्टिव होने के कारण मई के शुरुआती सप्ताह में जमकर बारिश हुई। इसके बाद 11 मई को थोड़ी राहत मिली, लेकिन 12 से 15 मई के बीच एक बार फिर मौसम बदला और आंधी-बारिश दर्ज की गई। इस तरह मई के शुरुआती 16 दिनों में से 13 दिन प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी, बारिश या ओलावृष्टि का असर रहा।

# बिना टिकट यात्रियों पर पमरे का शिकंजा

## अप्रैल में वसूला 12.35 करोड़ का भारी जुर्माना



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश और तीनों मंडलों के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में स्टेशनों और यात्री ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणामस्वरूप, चालू वित्तीय वर्ष के केवल अप्रैल 2026 महीने में ही रेलवे ने 1 लाख 75 हजार मामले पकड़े। इनमें बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट और अनबुक्ड लगेज (बिना बुक किया गया सामान) के मामले शामिल हैं। इन लापरवाह यात्रियों से जुर्माने के तौर पर कुल 12 करोड़ 35 लाख रुपये का राजस्व वसूला गया है। यह आंकड़ा पिछले साल इसी अवधि में वसूले गए 10 करोड़ 30 लाख रुपये की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड- मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में बिना टिकिट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के 02 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 18 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। जबलपुर मंडल- टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 68 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनसे 05 करोड़ 20 लाख रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। भोपाल मंडल- टिकट जांच के दौरान 64 हजार प्रकरण दर्ज किए गए, जिनसे 04 करोड़ 60 लाख रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया गया। रेल प्रशासन सभी सम्मानित यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे बिना टिकट यात्रा न करें। अपनी यात्रा शुरू करने से पहले उचित और वैध टिकट अवश्य लें, ताकि सफर के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुविधा देने के लिए वाणिज्य विभाग और आरपीएफ के समन्वय से यह टिकट चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



थाना पाटन के अंतर्गत ग्राम राखी बरवटा में बीती रात पुरानी रंजिश और जमीन पर नाली बनाने के विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम राखी बरवटा निवासी 19 वर्षीय छात्र हर्षवर्धन पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके चाचा अमित पटेल से उनका पुराना विवाद चल रहा है। दिनांक 16 मई 2026 की रात करीब 8-30 बजे जब वह घर पर कुछ काम कर रहा था, तभी चाचा अमित पटेल ने उसे देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अमित ने डंडे से हमला कर उसकी पीठ पर चोट पहुंचा दी। जब बीच-बचाव करने हर्षवर्धन के पिता अश्वनी पटेल और चाचा विभाष पटेल आए, तो आरोपी ने उनके साथ भी झूमाझटकी की और जान से मारने की धमकी दी।

***नाली बनाने से रोकने पर भतीजे और भाइयों ने पीटा***- वहीं, दूसरे पक्ष के 35 वर्षीय कृषक अमित पटेल ने जवाबी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसी रात करीब 8:30 बजे वह अपने घर पर था। उसने अपने बड़े पापा जगदीश पटेल को फोन कर अपनी जमीन से नाली बनाने के लिए मना किया था। इसी बात से नाराज होकर अश्वनी पटेल का लड़का हर्षवर्धन वहां आया और गालियां देने लगा। मना करने पर हर्षवर्धन ने डंडे से मारकर उसके कंधे पर चोट पहुंचा दी। इतने में ही बड़े पापा के लड़के अश्वनी पटेल और विभाष पटेल भी हाथ में डंडा लेकर आ गए और तीनों ने मिलकर अमित की पीठ, घुटने और गले पर लाठियों से हमला कर दिया। साथ ही जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना कर रही है।



## रीवा-इतवारी-रीवा ट्रेन को स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर मिला प्रायोगिक ठहराव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक ट्रेन का स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा 16 मई शनिवार से मिलने लगी हैं। गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) ट्रेन दिनांक 16 मई से स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात 19:51/19:52 बजे रुकने लगी है। गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार) ट्रेन दिनांक 18 मई से स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय तड़के 04:44/04:45 बजे रहेगा।

# कर्मचारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं

## माढ़ोताल बिजली परिसर में विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की बैठक आयोजित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक माढ़ोताल बिजली परिसर स्थित फेडरेशन के नए क्षेत्रीय ऑफिस परिसर में आयोजित की गई। बैठक के उपरांत इसी परिसर में एक विशाल आमसभा का भी आयोजन हुआ। आमसभा को संबोधित करते हुए फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने संगठन की कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संविदा कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, नियमित कर्मचारियों, कंपनी कैडर कार्मिकों और पेंशनर्स के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि शासन, ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों द्वारा सकारात्मक सोच के साथ लगातार कर्मचारी हित में निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से फेडरेशन से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह एकमात्र ऐसा संगठन है जिसने कभी कर्मचारियों का अहित नहीं होने दिया। आज कर्मचारियों को जो बेहतर वेतन और पेंशन मिल रही है, वह इसी फेडरेशन के संघर्षों की देन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फेडरेशन पूरे प्रदेश में सक्रिय है और कर्मचारियों का शोषण करने वालों के साथ चलने वाला संगठन नहीं है।

***बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद***- इस बैठक और आमसभा में मुख्य रूप से महामंत्री राकेश डी पी पाठक, यू.के. पाठक, दिनेश दुबे, उमा शंकर दुबे, अनूप वर्मा, एच.एम. मंसूरी, मोहन श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, अजय चौबे, विनय पाठक, मोहित पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, मार्कंडे विश्वकर्मा, सुरेंद्र दुबे, मोहन ठाकुर, चंद्रभान कोल, सुशील ठाकुर, विनोद कुमार झारिया, विजय साहू, फरहीन कुरैशी, सुधीर रजक, संजय सेन, सचिन मिश्रा, विवेक चौबे, अनिकेत सेन, निलेश साहू, आनंद केवट, प्रवीण अंशोरिया, दिनेश, विपिन, मोहित दहिया, कटोरी दहिया, मनजीत पुरी, विनोद पारधी, अनिल झारिया, शिव शंकर पटेल, रवींद्र पटेल, मोहम्मद खलील और नरेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन के साथी उपस्थित थे।

# सेवा, संवेदना और स्वास्थ्य का संगम

## विश्व रक्तचाप दिवस पर लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं सेवा के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तचाप परीक्षण महाशिविर का आयोजन चिकित्सा प्रकोष्ठ संभागीय कार्यालय त्रिवेदी डेंटल क्लिनिक, राइट टाउन, जबलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विशाल बघेल के निर्देशन, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं जिला संयोजक डॉ विवेक जैन के सहयोग से किया गया। शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हर्ष रेड्डी द्वारा 154 से अधिक मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। शिविर में महत्वपूर्ण जांचों,उचित सलाह एवं दवाइया भी प्रदान की गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए। इस अवसर पर चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों को उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर समस्या के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार, व्यायाम एवं तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। शिविर को सफल बनाने में चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डॉ सचिन बुधौलिया, डॉ अमरीश पांडे, डॉ अनंत त्रिवेदी, डॉ शुभम अवस्थी, आशीष वर्मा, शशांक शर्मा, प्रमोद गोहलानी एवं करण बर्मन सहित समस्त सहयोगियों की सराहनीय भूमिका रही।

## राज्यकर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य बीमा पदोन्नति की उठाई मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संरक्षक योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में सांसद आशीष दुबे से कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए चर्चा की गई , कर्मचारियों की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठकें कलेक्टर कार्यालय में आयोजित नहीं हो रही है बैठकें आयोजित करवाई जाएं। मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना के आदेश जारी करवाने प्रदेश शासन को पत्र लिखा जाए , विभागीय स्तर पर समस्त विभागों में पदोन्नति आदेश जारी किए जाएं शासकीय कर्मचारियों के शासकीय आवासो का नवीनीकरण किया जाए, शासकीय कार्यालय के बंद होने पर जिले के शासकीय कर्मचारियों को जिले के कार्यालयों में ही पदस्थ करने का मांग पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा विगत दिनों प्रदेश के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना का लाभ देने घोषणा की गई है लेकिन आज भी लाभ देने के आदेश जारी नहीं हो पाए है।

# 220 केवी ट्रांसमिशन लाइन में ट्रिपिंग का कारण दूर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के दमोह संभाग द्वारा 220 केवी दमोह-टीकमगढ़ ट्रांसमिशन लाइन में हुई ट्रिपिंग की जांच हेतु विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। जांच में पाया गया कि जबलपुर नाका क्षेत्र में एक मकान की छत पर बन रही बाउंड्री एवं छज्जा ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित सुरक्षा कारीडोर के अत्यधिक निकट आ गया था, जिससे ट्रिपिंग की स्थिति उत्पन्न हुई। कार्यपालन अभियंता एस.के. मुड़ा के मार्गदर्शन में टीम ने संबंधित व्यक्ति को सुरक्षा मानकों की जानकारी देकर सहमति से निर्माण का खतरनाक हिस्सा हटवाया, जिससे लाइन को सुरक्षित दूरी उपलब्ध कराई जा सकी और संभावित हादसा टल गया। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि दमोह शहर में लगभग 15 ऐसे निर्माण चिन्हित किए गए हैं, जो ट्रांसमिशन लाइन के प्रतिबंधित क्षेत्र में आते हैं। संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। 132 केवी लाइन के दोनों ओर 27 मीटर तथा 220 केवी लाइन के लिए 35 मीटर का सुरक्षा कारीडोर निर्धारित है, जिसके भीतर निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। ट्रांसमिशन लाइनों की विद्युत क्षमता घरेलू बिजली की तुलना में 600 से 950 गुना अधिक घातक होती है।

# रिश्तों की नई शुरुआत, संस्कारों के साथ

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं 'प्रयास' वैवाहिक पत्रिका का भव्य लोकार्पण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जिला साहू समाज, श्री साहू वैश्य नगर सभा एवं 'प्रयास' पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को मानस भवन, राइट टाउन में भव्य साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं वैवाहिक पत्रिका 'प्रयास' का लोकार्पण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शहर सहित ग्रामीण अंचलों से समाजबंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आयोजन के संयोजक पूर्व महापौर प्रभात साहू रहे। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भरतलाल साहू, राधेश्याम साहू, उदयभान साहू, भारत साहू, डॉ. निशा साहू, पूर्व पार्षद सुबोध साहू, डॉ. दीपक साहू,इज.प्रदीप साहू राजकुमार साहू 'रज्जू भैया', श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती अरुणा संजय साहू, राहुल साहू पार्षद, श्रीमती रजनी सुरेंद्र साहू पार्षद एवं श्रीमती नीतू आशीष साहू उपस्थित रहे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से आत्मविश्वास के साथ अपना परिचय प्रस्तुत किया तथा पारिवारिक एवं सामाजिक जानकारी साझा की।

# स्वच्छता का संदेश लेकर सड़कों पर निकली साइकिल रैली

## महापौर और कमिश्नर ने चलाई साइकिल, नागरिकों को दिलाई शपथ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



संस्कारधानी को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के संकल्प के साथ रविवार सुबह नगर निगम द्वारा स्वच्छता साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। सुबह नगर निगम मुख्यालय से इस जागरूकता रैली का आगाज हुआ। महापौर जगत बहादुर सिंह की अगुवाई में शुरू हुई इस रैली में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में पैडल मारकर स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य का संदेश दिया।यह जागरूकता रैली नगर निगम मुख्यालय से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख और व्यस्त मार्गों से गुजरी। रैली का समापन सिविल लाइन स्थित सतपुड़ा क्लब के सामने हुआ। रैली के दौरान पूरे मार्ग में उत्साह का माहौल रहा; प्रतिभागी हाथों में स्वच्छता के स्लोगन लिखी तख्तियां थामे हुए थे। इस दौरान उन्होंने मार्ग पर चलने वाले लोगों को कचरा हमेशा डस्टबिन में डालने और सिंगल यूज प्लास्टिक का पूरी तरह त्याग करने के लिए प्रेरित किया।

***प्रशासनिक और राजनीतिक विंग का दिखा अनूठा समन्वय***- इस विशेष आयोजन में नगर निगम की प्रशासनिक और राजनीतिक विंग का अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। महापौर जगत बहादुर अन्नू के साथ रैली में मुख्य रूप से नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और महापौर परिषद के सदस्य भी साइकिल चलाते नजर आए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को एक साथ साइकिल पर देखकर सड़कों पर मौजूद नागरिकों का उत्साह भी दोगुना हो गया। सुबह-सुबह निकली इस रैली में शहर के युवाओं, बच्चों और जागरूक नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### सतपुड़ा क्लब पर दिलाई गई शहर को नंबर-1 बनाने की शपथ

रैली के समापन स्थल, सतपुड़ा क्लब के सामने सभी प्रतिभागियों को जबलपुर को स्वच्छता में देश का नंबर-1 शहर बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। नगर निगम प्रशासन ने इस रैली के सफल और गरिमामय आयोजन के लिए सभी सहयोगी विभागों, पुलिस प्रशासन और सहभागिता करने वाले जागरूक नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

# बजरंग दल जिलाध्यक्ष बताकर मवेशी व्यापारी से लूट!



पीड़ित संतोष गौतम व मजदूर



आरोपीगण

## तथाकथित पत्रकार सहित चार लोगों पर चाकू अड़ाकर 70 हजार लूटने के आरोप

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जिले के बिरसा थाना क्षेत्र में मवेशी व्यापारियों के साथ हुई लूट, मारपीट और धमकी की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। वार्ड क्रमांक 24 ग्राम भटलई निवासी मवेशी व्यापारी संतोष गौतम ने कथित पत्रकार हिमांशु जैन, विजय चौधरी सहित चार लोगों पर रास्ता रोककर चाकू की नोक पर 70 हजार रुपये लूटने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद मवेशी व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

पीड़ित संतोष गौतम ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने पार्टनर बलिराम साहू निवासी अजगरा के साथ वर्षों से भैंस और बोदा (गैस पाड़ा) खरीदने-बेचने का कारोबार करता है। दोनों व्यापारी बिरसा, मलाजखंड सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न हाट बाजारों से मवेशी खरीदकर मध्यप्रदेश के बाजारों में बेचते हैं। 15 और 16 मई को उन्होंने छत्तीसगढ़ के गोलरडीह (छुईखदान) और सहसपुर (लोहार) क्षेत्र से 8 नग बोदा खरीदे थे। इनकी खरीदी की रसीदें बलिराम साहू के नाम पर थीं। शनिवार 17 मई की रात करीब 2 बजे संतोष गौतम अपने मजदूर दसरू और रूपलाल के साथ मवेशियों को लेकर दमोह हाट बाजार के लिए निकला था। लेकिन सुबह करीब 5:30 बजे ग्राम कनिया मेन रोड पर पहले से मौजूद खुद को पत्रकार बताने वाला हिमांशु जैन निवासी बालाघाट, विजय चौधरी निवासी भटेरा चौकी, भूरा और निखिल निवासी सरेखा कोसमी ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि चारों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि छत्तीसगढ़ से मवेशी लाकर मध्यप्रदेश में बेचने का धंधा करना है तो पैसे देने पड़ेंगे? जब संतोष गौतम ने विरोध किया तो आरोपियों ने कथित रूप से अपने आपको बजरंग दल का जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता बताया और व्यापारियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद विवाद बढ़ गया और कथित पत्रकारो ने व्यापारी के साथ मारपीट कर दी।

पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान जेब में रखे 70 हजार रुपये जबरन निकाल लिए गए। इतना ही नहीं आरोपियों ने चाकू दिखाकर धमकी दी कि यदि पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि घटना के कुछ समय बाद विजय चौधरी पुन: उसके पास पहुंचा और कथित रूप से कहा कि हमें 50 हजार रुपये और दो, गौशाला में देना है। इसके बाद मामला और गरमा गया। संतोष गौतम ने तत्काल जनपद सदस्य बीपत राठौर को फोन कर पूरी जानकारी दी। बताया गया कि जब बीपत राठौर मौके पर पहुंचे तो हिमांशु जैन ने उन्हें भी धमकाते हुए कहा कि बीच में मत आ, तुझे भी देख लेंगे। इसके बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों की भीड़ जमा हो गई और विवाद बढ़ते-बढ़ते धक्का-मुक्की और मारपीट तक पहुंच गया।

घटना के बाद व्यापारियों और ग्रामीणों ने हिमांशु जैन और विजय चौधरी को पकड़कर दमोह लाया। मामले की सूचना बिरसा थाना पुलिस को दी गई। विवाद बढ़ने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर बिरसा थाना ले जाया गया। घटना में संतोष गौतम के दाहिने पैर के घुटने सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं, जबकि उसके मजदूर दसरू को भी पीठ और कमर में चोट पहुंची है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने मवेशियों की खरीदी से संबंधित ग्राम पंचायत गोलरडीह और सहसपुर के सरपंच द्वारा जारी रसीदें भी छीन लीं। आरोपियों के पास दो सफेद रंग की गाड़ियां थीं, जिनमें एक स्कॉर्पियो और दूसरी हुंडई कंपनी की कार बताई गई है। कार का नंबर एमपी-04सीव्ही 7542 बताया गया है। घटना के बाद संतोष गौतम अपने मजदूरों के साथ दमोह पहुंचा और अन्य व्यापारियों तथा बाजार ठेकेदार मुकेश मानकर को पूरी जानकारी दी। घटना के बाद क्षेत्र के मवेशी व्यापारियों में भारी नाराजगी है। इधर, पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 225, 3(5) और 309(6) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार हिमांशु जैन का नाम पूर्व में भी विवादों में आ चुका है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2014 में एक व्यापारी से कथित ब्लैकमेलिंग के मामले में महिला साथी के साथ उसका नाम सामने आया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था और न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। हालांकि उस मामले में न्यायालय का अंतिम निर्णय क्या रहा, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।



# एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

## तीसरे दिन कैडेट्स को दिया गया फायरिंग एवं आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** एन.सी.सी. के दस दिवसीय 97वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-97) के तीसरे दिन की शुरूआत प्रातःकालीन पीटी एवं योग अभ्यास के साथ हुई। शिविर में कैडेट्स को शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित व्यायाम एवं योग कराया गया। शिविर के दौरान जिन कैडेट्स को पूर्व में फायरिंग का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया था, उन्हें भरवेली फायरिंग रेंज में ले जाकर फायरिंग अभ्यास कराया गया। वहीं अगले दिन फायरिंग में शामिल होने वाले कैडेट्स को शिविर परिसर में शस्त्र संचालन एवं फायरिंग संबंधी प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके बाद कैडेट्स की ड्रिल प्रैक्टिस एवं नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन किया गया, जिसमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। सांयकालीन सत्र में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल की टीम ने श्री करण सिंह वल्के के नेतृत्व में कैडेट्स को आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। टीम द्वारा बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं अन्य प्राकृतिक अथवा मानव निर्मित आपदाओं के दौरान तत्काल राहत एवं बचाव कार्य कैसे किया जाए, इसके व्यावहारिक उपाय बताए गए। कार्यक्रम के अंत में खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें कैडेट्स को वॉलीबॉल एवं रस्साकसी का प्रारंभिक अभ्यास कराया गया। संपूर्ण गतिविधियों का संचालन एनसीसी अधिकारी नवीता मैथ्यू, पीआई नायक विनय शर्मा, अन्य एनसीसी अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में कैडेट्स उत्साह एवं अनुशासन के साथ सभी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं।



## अवैध रूप से भंडारित 350 ट्रॉली रेत पर प्रशासन की संयुक्त छापामार कार्रवाई

### ग्राम खैरी में लावारिश हालत में मिला रेत का बड़ा भंडारण

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 16 मई 2026 को नायब तहसीलदार एवं खनि निरीक्षक, जिला बालाघाट द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए तहसील बालाघाट अंतर्गत ग्राम खैरी में अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत के बड़े भंडारण का मामला सामने आया। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर निरीक्षण करने पर लगभग 350 ट्रॉली खनिज रेत लावारिश हालत में पाई गई। टीम ने तत्काल मौके की जांच कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की। पूछताछ के दौरान ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच द्वारा बताया गया कि उक्त खनिज रेत पूर्व से ही जप्त की गई थी तथा वर्तमान में उनकी सुपुर्दगी में रखी गई है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच को निर्देशित किया गया कि सुपुर्दगी में रखी गई उक्त जप्त खनिज रेत की आगामी आदेश तक सुरक्षित देखरेख सुनिश्चित की जाए तथा बिना अनुमति किसी प्रकार का परिवहन अथवा उपयोग न होने दिया जाए। खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनिज कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध आगे भी लगातार सघन अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राजीव सागर परियोजना से बावनथड़ी नदी में छोड़ा गया पानी, पेयजल संकट से मिलेगी राहत





**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।**

कटंगी क्षेत्र में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते पेयजल संकट के बीच रविवार 17 मई 2026 को आमजन को बड़ी राहत मिली। विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में राजीव सागर वृहद परियोजना कुड़वा के सेंट्रल स्पिलवे के गेट क्रमांक 3 एवं 4 को दोपहर 1:55 बजे 30 सेंटीमीटर तक खोलकर 55.39 क्यूमेक जल बावनथड़ी नदी में प्रवाहित किया गया।

इस दौरान अधीक्षण यंत्री जल संसाधन विभाग यू.एस. परते, एसडीएम के.सी. ठाकुर, बांध प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक-4 कुड़वा, जल संसाधन नहर उपसंभाग कटंगी की प्रभारी उपयंत्री सुश्री कंचन टेकाम, सुश्री प्रीति बल्ले, ई एंड एम उपयंत्री संजय भलावी, जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग बालाघाट के एसएसी श्री अविनाश रीड, बांध के पूर्व प्रभारी एवं वर्तमान में सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री भीमटे सहित कमांड एरिया के पूर्व संस्था अध्यक्ष, सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती गर्मी और जलस्त्रोतों के सूखने से पेयजल संकट गहराता जा रहा था।

ऐसे में राजीव सागर परियोजना से नियंत्रित रूप से पानी छोड़े जाने से आसपास के क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता बेहतर होगी तथा आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जनता को पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और जल संकट की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग लगातार समन्वय बनाकर कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार आगे भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। जल छोड़े जाने के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अतिक्रमण हटाने और विभिन्न सुविधायुक्त मानपुर नगर बनाने को लेकर नगर परिषद में हुई बैठक



**मानपुर (स्वतंत्रमत)।** अपना नगर हो सुन्दर, नगर के सड़कों में न लगे जाम, नगरवासियों को न होने पाये असुविधा के उपाय हेतु बैठक लिया गया। शनिवार 16 मई को शाम 5 बजे मानपुर नगर परिषद कार्यालय में सम्पन्न हुआ। मानपुर एसडीएम सुश्री हरनीत कौर की अध्यक्षता में यह बैठक लिया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के जन हितार्थ फैसले लिये गये। बैठक में अपने टीम के सांथ मानपुर नगर के सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, नायब तहसीलदार, पटवारी, विद्युत विभाग के कनिष्टअभियंता संदीप सोनी, ब्यापारी संगठन के अध्यक्ष उपाध्यक्ष, पत्रकार एवं कई प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। मानपुर नगर के सड़कों अक्सर लम्बे जाम लगते रहते हैं जिससे आवागमन में अड़चने आते रहते हैं, स्थाई बस स्टैंड का अभाव, मीट-मछली बाजार एवं सब्जी मंडी के स्थान का अभाव के उपाय के लिये विषय रखा गया, वहीं उपस्थित ब्यापारी एवं नागरिकों ने कहा कि स्थाई बस स्टैंड के बन जाने से सड़क और वर्तमान बस स्टैंड के पास होने वाले बहुत अतिक्रमण हट जायेंगे। मीट,मछली बाजार एवं सब्जी मंडी के लिये स्थाई जगह चयनित और ब्यवस्था करवाना अति आवस्यक है जिससे सड़कों से सटकर लगने वाले फुटकर और ठेला वाले दुकान अतिक्रमण न करें। ढाबा होटल के सामने रोड में खड़े होने वाले आटो को सड़क से कई फिट दूर खड़े करवाना चाहिये, पत्ती गोदाम, बस स्टैंड तिराहा, स्वास्थ्य केंद्र के सामने अतिक्रमण कर ठेला एवं झुग्गी पर दुकान लगाने वालों को दूसरे जगह ब्यवस्था करवाना जरूरी है। सड़क किनारे लगे हुये टीना टप्पर, बोर्ड को नाली से बाहर तक ही सीमित करना चाहिये। शिव होटल, बैंक, बीज भंडार जैसे कई दुकानों के सामने सड़क में गाड़ी बाहन को ज्यादा समय के लिये रोड पर खड़े कर दिया जाता है वहां वहां से हटकर पार्किंग की ब्यवस्था में स्वयं ब्यापारियों का सहयोग जरूरी है।

## गाँजा से लदा स्कार्पियो पलटा, गाड़ी छोड़ भागे तस्कर

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम बरदौहा के समीप पुलिया में शुक्रवार 15 मई की अलसूबह एक स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके बाद वाहन में सवार यात्री मौके से भाग निकले, इस बात की सूचना स्थानीय लोगों ने डायल 112 को दी जिसके बाद नजदीकी थाने की पुलिस मौके पर पंहुची, घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त स्कार्पियो वाहन क्रमांक एचआर 51 सीडी 1948 के अलवा 60 किलो गांजा बिखरा पड़ा था जिसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई, मौके पर ष्क्च् च्स् परस्ते पंहुचे और घटना की जाँच शुरू की गई है। उमरिया सहित आसपास के जिलों में गांजा का अवैध व्यापार जोरों पर संचालित है हालांकि कई बार सक्रियता के कारण तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े हैँ लेकिन गांजा का अवैध व्यापार अभी भी संचालित है।शुक्रवार को पकडे गए अवैध गांजे के परिवहन में आरोपियों ने हरियाणा राज्य की पासिंग वाहन स्कार्पियो का इस्तेमाल किया है पुलिस इस मामले की जाँच में जुटी है।

# आबकारी उप निरीक्षक पर लापरवाही के आरोप, विभागीय कार्यप्रणाली पर उठे सवाल..!

## पुराने कलेक्टर के जाते ही बिना ज्वाइनिंग के ही जारी हुआ वेतन..!

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** – जिला आबकारी विभाग बेलगाम घोड़े की तरह हो गया है जो नियम कायदों की धज्जियां उड़ा रहा है और उसे रोकने में शासन, प्रशासन असहाय दिख रहा है.! विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से जिले के गाँव गॉव में शराब की पैकारी हो रही है जिसे पूरी तरह से रोकना नामुमकिन सा लगता है फिर भी नए कलेक्टर के आने से प्रशासन एक्टिव हुआ है और कुछ कार्यवाही कर रहा है लेकिन ये नाकाफी है.! जब तक आबकारी और पुलिस विभाग न चाहे तब तक शराब की पैकारी रोकना नामुमकिन हैं क्योंकि दोनों की सहमति से ही ये चलता है..! वही आबकारी विभाग की उप निरीक्षक पिंकी हिंदुजा पर विभागीय आदेशों की अवहेलना एवं कार्य में लापरवाही के आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार, उनके द्वारा जारी आदेश के बावजूद आज दिनांक तक अपने कार्यस्थल पर ज्वाइनिंग नहीं की गई है.! स्वतंत्र मत द्वारा पूर्व में समाचार के माध्यम से खुलासा किया था कि किस तरह से मानपुर से नोरोजाबाद स्थानांतरण





किये जाने पर पिंकी ने बिना ज्वाइनिंग के ही कई महीने तक वेतन भत्ता मिलता रहा जिसके खुलासे के बाद पूर्व कलेक्टर द्वारा वेतन रोक दिया गया था, वही सूत्रों के मुताबिक, बिना किसी वैध आदेश के वेतन प्राप्त किए जाने की भी चर्चा है। साथ ही आरोप है कि उनके द्वारा जिला कार्यालय एवं सर्किल कार्यालय में नियमित उपस्थिति भी दर्ज नहीं कराई जाती। इसके अतिरिक्त शासकीय वाहन के दुरुपयोग तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना किए जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। वही पूर्व कलेक्टर के द्वारा जारी नोटिस का जबाब आज दिनांक तक नहीं प्रस्तुत किया गया है और न ही ज्वाइनिंग की जा रही है इसके बाबजूद वेतन भत्ता दिया जा रहा है।मामले को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि संबंधित विभाग द्वारा अभी तक नहीं की गई है। यदि मामले की जांच होती है तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

वही आबकारी अधिकारी सावित्री भगत को उमरिया जिले का अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ है लेकिन कभी कभार ही उमरिया आगमन होता है और वो भी शाम 5 या 6 बजे के बाद जब कार्यालय बंद होने का समय होता है ऐसे में इनकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े होते है कि ऑफिस बंद होने के समय आने का क्या कारण है और न कभी टीएल में आना न ही जनसुनवाई में उपस्थित रहना जबकि पैकारी और अवैध शराब के कई मामले रोजाना ही सामने आते रहते हैं.! वही आबकारी अधिकारी के द्वारा चुप्पी साधकर बैठना एवं काम न करने के प्रति बढ़ावा दिए जाने के भी आरोप लग रहे हैं। वही एडीओ हनुमान सिंह के ऊपर भी आरोप लग रहे हैं कि वे ठेकेदार से रिश्तेदारी निभा रहे रहे हैं ऐसे में पैकारी कैसे रुकेगी.?



## पहाड़ेश्वर शनि देव पर हुआ अभिषेक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पहाड़ेश्वर शनि देव के नाम से जाने जाएंगे नक्खी माई के शनिदेव जिले के बकोरी स्थित नक्खी माई मंदिर परिसर में विराजित शनिदेव का नामकरण अब श्री पहाड़ेश्वर शनिदेव महाराज के रूप में किया गया है। यह नामकरण आचार्य श्री नीलू महाराज द्वारा शनि जयंती के पावन अवसर पर विशेष पूजन-अर्चन एवं विधि-विधान के साथ सम्पन्न किया गया पहाड़ी क्षेत्र में शनिदेव के विराजमान होने के कारण यह नाम पहाड़ेश्वर शनिदेव निर्धारित किया गया है और अब से श्रद्धालु उन्हें इसी नाम से जानेंगे। शनि जयंती 16 मई के अवसर पर मंदिर परिसर में महा शनि यज्ञ एवं नामकरण समारोह का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस दौरान प्रातः 12 बजे से महा शनि यज्ञ एवं विधिवत पूजन प्रारंभ हुआ, जो पूरे दिन चला।

## अतिथि शिक्षकों की बैठक में सम्मान

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड नारायणगंज के अतिथि शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक जनपद पंचायत नारायणगंज के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्थाई शिक्षा समिति अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने की बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ प्रतिनिधि विशाल सिंह बरकड़े एवं प्रफुल्ल डोंगरे उपस्थित रहे। वहीं अतिथि शिक्षक संघ अध्यक्ष जितेन्द्र तुली सहित विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए बैठक का मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं एवं 12वीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले अतिथि शिक्षकों को सम्मानित करना रहा। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र को लेकर रिक्त पदों की भर्ती, पोर्टल पंजीयन एवं अपडेट, मानदेय भुगतान, नियुक्ति प्रक्रिया तथा अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई शिक्षकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी अधिकारियों के समक्ष रखे स्थाई शिक्षा समिति अध्यक्ष अविनाश शर्मा ने अतिथि शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में अतिथि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए वहीं बीईओ प्रतिनिधि विशाल सिंह बरकड़े ने आश्वासन दिया कि अतिथि शिक्षकों की समस्याओं एवं सुझावों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान किया जाएगा।



# आधा करोड़ के अमृत सरोवर में कागजों की खानापूर्ति से किया घोटाला अधूरा काम और राशि हो गई गायब






**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

अमृत सरोवर योजना का निवास जनपद पंचायत में बुरा हश्र दिखाई दे रहा है। ग्राम पंचायत पिपरिया में लगभग 42 लाख 53 हजार की लागत से शुरू हुआ अमृत सरोवर निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है। तीन साल बीतने के बाद भी सरोवर न तो पूरा बनाया गया और न ही इसमें पानी ठहरने की कोई व्यवस्था देखने को मिलती है ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी ठेकेदार गठजोड़ और लापरवाही के चलते यह परियोजना कागजों में पूरी और जमीन पर ध्वस्त नजर आ रही है। आज भी काम अधूरा पड़ा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य शुरू तो किया गया लेकिन उसके बाद महीनों तक न तो मजदूर दिखे और न ही कोई निर्माण गतिविधि मशीनरी कुछ दिनों तक लगी रही और फिर धीरे धीरे काम ठप्प होता गया ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना पर जारी राशि का बड़ा हिस्सा खर्च दिखा दिया गया जबकि काम उसका दसवां हिस्सा भी जमीन पर दिखाई नहीं देता एक ग्रामीण ने कहा साल भर से बस गड्ढा बना कर छोड़ दिया गया है। इसमें सरोवर जैसी कोई संरचना ही नहीं है। सरकार पैसा देती जा रही है और यहां अधिकारी उसका हिसाब दिखा रहे हैं लेकिन जमीन पर कुछ भी पूरा नहीं हुआ। ग्रामीणों द्वारा लगाया गया सबसे गंभीर आरोप यह है कि जो काम किया भी गया वह बेहद गुणवत्ताहीन है। मिट्टी की खुदाई ठीक से नहीं हुई तटबंध कमजोर और बिना कंपेक्शन के नीचे की सतह सील नहीं की गई बरसात का पानी भी कुछ घंटों में रिसकर निकल जाता है पिपरिया के एक ग्रामीण ने बताया सरोवर का मकसद गांव में जलसंकट कम करना था लेकिन यहां तो हालात उलटे हो गए। जो पानी भरता भी है वह रुकता नहीं। ऐसा लगता है जैसे बस खानापूर्ति के लिए गड्ढा खोद दिया गया हो। ग्रामवासियों का आरोप है कि ठेकेदार और संबंधित विभागीय अधिकारी पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। न कोई जांच न निरीक्षण न ही अधूरे कार्य को पूरा करने की कोई समय सीमा स्थानीय लोगों का कहना है कि बार बार शिकायत के बाद भी किसी अधिकारी ने मौके पर आकर स्थिति नहीं देखी। ग्रामीण ने कहा अगर सब कुछ सही है तो अधिकारी निरीक्षण से क्यों भाग रहे हैं इतने साल में एक छोटा सा सरोवर भी पूरा न होना अपने आप में बहुत कुछ कह रहा है। गांव के लोगों ने कलेक्टर और जनपद अधिकारियों से मांग की है कि अमृत सरोवर के अधूरे निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए गुणवत्ता जांच हेतु स्वतंत्र टीम भेजी जाए फंड उपयोग का ऑडिट किया जाए दोषी अधिकारी ठेकेदार पर कार्रवाई हो ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो परियोजना का पूरा उद्देश्य विफल हो जाएगा और लाखों रुपये जमीन में दबकर रह जाएंगे। सरकारी योजना का उद्देश्य और जमीनी हकीकत में भारी अंतर अमृत सरोवर का लक्ष्य जल संरक्षण भूजल स्तर बढ़ाना ग्रामीणों को जल संकट से राहत लेकिन चलनी का अधूरा सरोवर इस लक्ष्य के बिल्कुल उलट तस्वीर पेश कर रहा है। ग्रामीणों का दुख है कि वे कई साल से एक ऐसी योजना का इंतजार कर रहे हैं जो कागजों में पूरी दिख रही है लेकिन उनके गांव में सिर्फ एक अधूरा गड्ढा खड़ा है। बता दे कि जिले में नेताओं की कृपादृष्टि वाली अनेक पंचायतों को अनाप-शनाप राशि आवंटित की गई तो कई पंचायतें राशि के अभाव में दम तोड़ रही है जिन पंचायतों को धनराशि प्राप्त हुई है उनके अधिकांश पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्राम के समग्र विकास में रूचि न लेते हुए केवल अपने परिजन, नजदीकी नाते रिश्तेदारों को उपक्रत करने का ही काम किया तालाब, कूप निर्माण, पुल-पुलिया, शौचालय, सडक़ें आदि बनवाने में जमकर शासन को चूना लगाया गया। अनेक ऐसी जगहों पर तालाब खुदवाएं जहां बरसात में भी पानी नहीं रूकता क्योंकि यह स्थल ऊंचाई वाले क्षेत्र में है। राजीव गांधी जलग्रहण योजना के तहत जल का स्तर ऊंचा उठाने में भारी धांधली होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। यही हाल समग्र स्वच्छता अभियान का भी रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण किये बिना ही राशि आहरण कर ली गई। डब्ल्यूबीएम मार्गों के निर्माण में भी लापरवाही बरती गई।

खस्ता हाल पड़े ग्रामीण क्षेत्रों के पहुंच मार्गों से जन-प्रतिनिधियों का मूल रूप से निकलना संदेहों को जन्म देता है अधिकार प्राप्त नेताओं द्वारा जर्जर पहुंच मार्गों में कोई रूचि नहीं दिखाई जिसके चलते अनेक गांव बरसात में दुर्गम टापू बन जाते हैं वहीं कुछ गांवों में बरसात के बाद पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामों में चलने वाली गुटबाजी के कारण ग्रामीण पहुंच मार्गों के निर्माण भ्रष्टाचार या फिर पेयजल के नाम पर की गई धांधली के खिलाफ कोई आवाज उठाने का साहस नहीं जुटा पाता है क्षेत्र में एक बार ग्राम पंचायतों का निर्वाचन होने के बाद व्यक्ति ग्राम का विकास न देखते हुए भाई भतीजावाद के शिकंजे में जकड़ा हुआ दिखाई दे रहा है? क्षेत्र की अनेक पंचायतों में पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल व वर्तमान कार्यकाल में अनेक जगह गंभीर भ्रष्टाचार के खुले आरोप लगाए जाते हैं गंभीर शिकायत वाली पंचायतों पर कोई कार्यवाहीं नहीं की गई जिससे वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि पुराने प्रतिनिधियों के नक्शे कदम पर चलकर पंचायती राज की खुलेआम धज्जियं उड़ाने से परहेज नहीं कर रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा शासन की अनेक लाभकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को न देकर इनका फायदा अपने करीबियों व परिजनों को दिलाए जाने की शिकायतें आम हो गई है।

# ऑटो की धमाचौकड़ी से आमजन त्रस्त

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।**

बिछिया नगर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। अनेक हादसों के बाद भी प्रशासन की अनदेखी और ढिलाई के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। विशेषकर साप्ताहिक बाजार के दिन नगर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर ऑटो चालकों की मनमानी से यातायात व्यवस्था पूरी तरह बेकाबू हो जाती है। हालत यह है कि आधी सड़क पर अवैध रूप से ऑटो स्टैंड बना हुआ है जबकि शेष सड़क पर पैदल यात्री साइकिल मोपेड बसें और ओवरलोड वाहन जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार के दिन हाईवे पर कोई भी प्रशासनिक अमला नजर नहीं आता जिसके कारण ऑटो



चालक मनमाने तरीके से वाहन चलाते और बीच सड़क पर सवारियां भरते हैं। इससे हर आधे घंटे में जाम की स्थिति बन जाती है और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है बस स्टैंड से साई तिराहा तक ऑटो चालकों की अंधाधुंध दौड़ आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। वहीं दूसरी ओर बसें भी सवारियां भरने के लिए बेहद धीमी गति से चलती हैं और थाने के सामने कई मिनट तक खड़ी रहती हैं जिससे पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। ऐसे में अन्य वाहन चालकों के लिए साइड से निकलना भी मुश्किल हो जाता है साप्ताहिक बाजार के दिन दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण महिलाएं और बुजुर्गों को हाईवे पार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इतना ही नहीं एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवा वाहनों तक को जाम में फंसना पड़ता है स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि कम से कम बाजार के दिन प्रशासन को विशेष यातायात व्यवस्था लागू करनी चाहिए।

ऑटो के लिए हाईवे से अलग स्थान पर स्टैंड बनाया जाए शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और अवैध अतिक्रमण हटाकर सड़क को सुगम बनाया जाए।

# अधिकमास पर उत्तरवाहिनी पंचकोषी परिक्रमा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अधिकमास पुरुषोत्तम मास के प्रथम दिवस 17 मई को मां नर्मदा उत्तरवाहिनी पंचकोषी परिक्रमा श्रृद्धा भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुई। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 5 बजे श्रद्धालुओं ने श्री व्यास नारायण मंदिर किला घाट से यात्रा प्रारंभ की जो दोपहर 12 बजे सम्पन्न हुई यह पंचकोषी परिक्रमा लगभग 17.5 किलोमीटर की है जिसे सामान्यतः 4 से 5 घंटों में पैदल पूर्ण किया जा सकता है यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने श्री व्यास नारायण तीर्थ किला घाट से तट परिवर्तन कर सरस्वती प्रस्त्रवण तीर्थ पुरवा घाट एवं सहस्त्रधारा सुरंगदेवरी से पुनः तट परिवर्तन करते हुए गौंझी मार्ग से वापसी कर श्री व्यास नारायण मंदिर पहुंचकर परिक्रमा पूर्ण की अधिकमास को भगवान विष्णु का प्रिय पुरुषोत्तम



मास माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार यह अतिरिक्त मास प्रत्येक तीन वर्ष में आता है और आध्यात्मिक साधना जप तप दान व्रत एवं तीर्थ यात्रा के लिए अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

धार्मिक मान्यता है कि इस मास में किए गए पुण्य कार्यों का फल सामान्य दिनों की अपेक्षा दस गुना अधिक प्राप्त होता है इस पंचकोषी यात्रा में तीन प्रमुख तीर्थ श्री व्यास नारायण तीर्थ किला घाट सरस्वती प्रस्त्रवण तीर्थ पुरवा घाट एवं सहस्त्रधारा तीर्थ विशेष महत्व रखते हैं।

इसके अतिरिक्त त्रिवेणी संगम, हवन टेकरी से निकला घृतनाला मंगलेश्वर मंदिर दादा धनीराम की समाधि, गौ घाट देवधरा तथा ऋण मोचन कुंड जैसे धार्मिक स्थलों के दर्शन भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहे महिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के आग्रह पर अनेक श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह बाल भोग, फल, शीतल पेय तथा स्वागत की व्यवस्था की गई।




## नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री शनि देव का जन्मोत्सव

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)** बुधवारी बाजार स्थित श्री शनि मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान किये गये। न्याय के देवता भगवान शनि देव के प्राकाट्य उत्सव में सारे दिन धार्मिक अनुष्ठान जारी रहा । प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम से भगवान श्री शनिदेव जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रातः 4 बजे श्री शनिदेव भगवान एंव नवग्रह देवी देवताओ का विधि-विधान से पूजम, अर्चना अभिषेक प्रारंभ किया गया। श्रृंगार पश्चात सुबह 8 बजे सामूहिक हवन एवं यज्ञ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जो दिनभर जारी रहा। शाम 6.30 बजे महाआरती की गई इसके पश्चात विशाल भंडारा प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया जहां बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा वितरण में हंश लोक आश्रम के सेवा दल सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।



# पटाखा गोदाम में मिली अनियमितता की सील

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम चटुआमार एवं ग्राम बिनेका स्थित पटाखा गोदामों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों गोदामों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गोदामों को सील कर दिया कार्रवाई के दौरान एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम एवं थाना प्रभारी शफीक खान भी मौजूद रहे अधिकारियों ने गोदामों के स्टॉक एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया जांच में पाया गया कि ग्राम चटुआमार स्थित लाइसेंसधारी



मुकेश रहदवानी तथा ग्राम बिनेका स्थित लाइसेंसधारी दिनेश पमनानी के गोदामों में भौतिक स्टॉक का संधारण स्टॉक रजिस्टर के अनुरूप नहीं था अधिकारियों के अनुसार यह विस्फोटक नियम 2008 एवं लाइसेंस की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही दोनों गोदामों को सील कर दिया गया। साथ ही संबंधित लाइसेंसधारियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है एसडीएम ने कहा कि जिले में पटाखा गोदामों एवं विस्फोटक सामग्री के भंडारण की लगातार निगरानी की जा रही है तथा सुरक्षा मानकों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी थाना प्रभारी शफीक खान ने भी कहा कि जन सुरक्षा से जुड़े मामलों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# प्रांत स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 22 से

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

जिले में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में 6 दिवसीय प्रांत युवा शौर्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण वर्ग 22 मई से 27 मई तक गुरुकुल वैदिक जी जलहरी घाट में संपन्न होगा अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के युवा भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान नियुध, सेल्फ डिफेंस, मार्शल आर्ट, एयर गन, लाठी संचालन सहित विभिन्न शौर्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिला महामंत्री प्रवीण यादव ने बताया कि इस प्रांत स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के लगभग 28 जिलों से कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। एवं जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन कुशवाहा ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम डॉक्टर प्रवीण तोगड़िया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।

## व्हील क्लब कार्यकाल समाप्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** इनर व्हील क्लब मंडला मैकल ने अपने वर्ष 2025-26 के कार्यकाल का अंतिम प्रोजेक्ट मां नर्मदा की भव्य आरती एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर संपन्न किया कार्यक्रम श्रद्धा सेवा और सामाजिक समर्पण का सुंदर उदाहरण बना क्लब की अध्यक्ष श्रद्धा तपा के नेतृत्व में पूरे कार्यकाल के दौरान शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण संरक्षण महिला सशक्तिकरण तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए।

# कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी विवेक दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता युवा साथी छात्र-छात्राएं एवं आमजन शामिल हुए और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं




के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की। मशाल जुलूस उदय चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैंड स्थित खेरमाई मंदिर पहुंचा। पूरे मार्ग में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र सरकार एवं परीक्षा प्रणाली में हुई गड़बड़ियों के विरोध में नारेबाजी की गई तथा दोषियों पर कठोर कार्रवाई एवं पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

छात्र नेता सौरभ साहू ने कहा कि अभिभावकों और विद्यार्थियों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ पार्टी सड़क पर उत्तरकर संघर्ष कर रही है और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तक आंदोलन जारी रहेगा।

संपादकीय

# 'माफियागीरी' का दमन जरूरी

एक बार फिर 'नीट' का पेपर लीक और करीब 23 लाख युवा बच्चों का भविष्य अधर में, अंधकारपूर्ण और अनिश्चित! अभ्यर्थी युवाओं में कई होनहार, विशेषज्ञ डॉक्टर बन सकते थे! जिंदगियां बचा सकते थे! घर-परिवार की आर्थिक स्थितियां बेहतर कर सकते थे! मां-बाप के कर्ज चुकता कर सकते थे! लेकिन एक माफिया, संगठित गिरोह, पैसे के हवसी, संवेदनहीन साजिशकार इस देश में सक्रिय हैं, जो युवा पीढ़ी को बार-बार निराश, हताश कर रहे हैं। उनकी उम्मीदें छीन रहे हैं। विडंबना यह है कि बीते सालों में 70 बार या अधिक पेपरलीक कराए गए हैं, कुछ 'काली भेड़ें' जेल में हो सकती हैं, लेकिन सरगना बेखौफ, बेलगाम षड्यंत्र रच रहे हैं। आज तक न तो सीबीआई और न ही सरकारों की अन्य एजेंसियां इस नापाक नेटवर्क के 'माफिया' को तय नहीं कर पाई हैं।

बेशक सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है। कानून में सजा कितनी है- 3, 4, 5 अथवा 10 साल तक। किसको सजा दी गई? किस पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोंका गया? किस पर स्थायी पाबंदी लगाई गई? इन सवालों के जवाब तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री को देने चाहिए। हकीकत यह है कि यह शर्मनाक, देशद्रोही धंधा आज हजारों करोड़ रुपए का बताया जा रहा है। क्या इन साजिशकारों के घरों में युवा बच्चे नहीं हैं? वे भी डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते होंगे! शायद उनके साथ ऐसे हादसे नहीं हुए या उनके बच्चे भी पेपरलीक के जरिए पास हो गए होंगे! अब तो पेपरलीक का धंधा तो शाश्वत लगने लगा है! भारत जैसे विराट, सम्मानित और विश्व-गुरु की खुशफहमी पाले देश के लिए ये करतूतें, हरकतें, युवा पीढ़ी के सपनों को चकनाचूर करने वाली 'माफियागीरी' शर्मनाक ही नहीं, बल्कि इसका दमन भी आतंकवाद, नक्सलवाद की तरह किया जाना चाहिए। दरअसल शिक्षा मंत्रालय नकारा, भ्रष्ट है और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी बार-बार साबित हो रही है कि वह पारदर्शी, ईमानदार, लीक-मुक्त परीक्षाएं कराने के लायक ही नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी बेहद जागरूक और पारदर्शी नेता हैं, ऐसे निकम्मेपन के खिलाफ माने जाते रहे हैं, लिहाजा मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह बदलें। अंततः युवा पीढ़ी और जनता को सड़कों पर बिछ कर जन-आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा।

यह सिर्फ 23 लाख बच्चों के भविष्य का ही नहीं, बल्कि 23 लाख परिवारों के भविष्य पर आघात किया गया है। अधिकांश बच्चे गरीब या निम्न मध्यवर्गीय होते हैं। जिन बच्चों के लिए 10-28 लाख रुपए में लीक वाले प्रश्नपत्र खरीदे जाते हैं, उस जमात को छोड़ दीजिए। दरअसल वे ही पेपरलीक के धंधे के थोक-ग्राहक हैं, लिहाजा इस शर्मनाक धंधे के सह-भागीदार हैं। अब इस नेटवर्क को तोड़ने और मसलने का वक्त आ गया है। अब प्रधानमंत्री मोदी और उनकी कैबिनेट के खास, समझदार मंत्रियों को विमर्श कर यह तय करना पड़ेगा कि परीक्षा का तरीका क्या होना चाहिए? ऑफलाइन परीक्षा क्यों जरूरी है? डिजिटल के दौर में कई परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जा रही हैं। अब 'नीट' का पेपरलीक हुआ है, तो 400-500 करोड़ रुपए पर पानी फिर गया। यह करदाता का पैसा था। बताया जा रहा है कि एक गैस पेपर बीते 15-30 दिनों से घूम रहा था। वह 150 पन्नों का था, जिसमें 410 प्रश्न संकलित किए गए थे। उनमें 120-140 सवाल हूबहू परीक्षा में पूछे गए। बॉयलोजी के तो 90 प्रश्न और रसायन विज्ञान के 45 प्रश्न परीक्षा में आ गए, मानो गैस पेपर की 'फोटोप्रति' की गई हो! सीबीआई जांच करेगी कि यह कैसे और क्यों हो सकता है? अनुमानित पेपर के नाम पर पुस्तिकाएं बाजार में बिकती रही हैं, लेकिन इतना मिलान, हूबहू होना सवालिया और संदेहजनक है। परीक्षा रद्द करना कोई समाधान नहीं है।

संदर्भ : नीट पेपर लीक

# परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही तय होनी चाहिए



डॉ. जगदीप सिंह
लेखक असिस्टेंट प्रोफेसर हैं

हाल ही में नीट परीक्षा के पेपर लीक की घटना ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। वर्षों से नीट, जेईई, यूपीएससी, एसएससी और विभिन्न राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षाओं में बार-बार होने वाले पेपर लीक युवाओं के भविष्य के साथ निरंतर खिलवाड़ बन गए हैं।

छात्र-छात्राएं रात-दिन की मेहनत, परिवार का आर्थिक बलिदान और कोचिंग संस्थानों पर खर्च के बावजूद एक संगठित गिरोह की वजह से अपनी मेहनत को व्यर्थ होते देखते हैं। पिछले पांच वर्षों में 15 राज्यों में 41 प्रमुख परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं, जिनसे करीब 1.4 करोड़ युवा प्रभावित हुए। सात वर्षों की अवधि में यह संख्या 70 से अधिक पहुंच गई है और लगभग 1.7 करोड़ अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। यह समस्या केवल व्यक्तिगत नुकसान नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रतिभा और मेरिट को कमजोर करने वाली है।

जब चिकित्सा, इंजीनियरिंग और प्रशासनिक सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अयोग्य उम्मीदवारों का चयन होता है, तो समाज और देश दोनों को दीर्घकालिक क्षति पहुंचती है। युवा पीढ़ी में निराशा बढ़ती है, कई बार आत्महत्या जैसे कदम भी उठाए जाते हैं। कोचिंग माफिया, भ्रष्ट अधिकारी, प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी और डिजिटल नेटवर्क मिलकर एक शक्तिशाली गिरोह का रूप ले चुके हैं। गरीब छात्र बिना संसाधनों के तैयारी करते हैं, जबकि साधन रखने वाले लीक पेपर खरीदकर सफलता हासिल कर लेते हैं। इससे सामाजिक असमानता बढ़ती है और मेरिट की जगह सिफारिश और पैसा हावी हो जाता है। परिणामस्वरूप सही प्रतिभा को अवसर नहीं मिल पाता।




इस समस्या को समाप्त करने के लिए सशक्त और देश में एकसमान कानून की तत्काल जरूरत है। वर्तमान में लागू पब्लिक एग्जामिनेशंस एक्ट में तीन से दस वर्ष की जेल और जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन इसका क्रियान्वयन कमजोर रहा है। नए कानून में परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति-प्रश्न सेटर, प्रिंटर, परिवहनकर्ता और केंद्र अधीक्षक-की कड़ी सुरक्षा जांच, डिजिटल ट्रैकिंग और जवाबदेही तय होनी चाहिए। पेपर तैयार करने से लेकर वितरण तक ब्लॉकचेन या एआई आधारित एन्क्रिप्शन प्रणाली अपनाई जाए। लीक कराने, खरीदने या मध्यस्थता करने वालों के लिए न्यूनतम दस वर्ष की जेल, संपत्ति जब्ती और आजीवन परीक्षा प्रतिबंध जैसी कठोर सजाएं हों। सीबीआई या विशेष एजेंसी को स्वतः संज्ञान लेने का अधिकार मिले और फास्ट-ट्रैक अदालतों में मुकदमों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए। साथ ही व्हाट्सएप, टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर सख्त निगरानी और त्वरित कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए। विकसित देशों में पेपर लीक जैसी घटनाएं अत्यंत दुर्लभ हैं क्योंकि उनकी परीक्षा प्रणाली पारदर्शी, तकनीकी रूप से मजबूत और जवाबदेह है। अमेरिका में एसएटी, एसीटी और एमसीएटी जैसी परीक्षाएं स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाती हैं। ये ज्यादातर कंप्यूटर आधारित होती हैं, जिसमें प्रश्न रैंडमाइज्ड होते हैं। चीटिंग को गंभीर नैतिक उल्लंघन माना जाता है, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय से निष्कासन या डिग्री रद्द हो सकती है। बड़े पैमाने के फ्रॉड में आपराधिक मुकदमा चलता है।

यूरोपीय देशों जैसे फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन में भी स्थिति बेहतर है। फ्रांस में बैकलॉरिएट परीक्षा में चीटिंग पर तीन वर्ष तक की जेल हो सकती है। ब्रिटेन की कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड जैसी परीक्षाओं में लीक की घटनाएं लगभग नहीं होतीं। जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया में परीक्षा संस्कृति इतनी मजबूत है कि लीक की संभावना ही नहीं रहती। चीन में गाओकाओ परीक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय मानकर चीटिंग पर सात वर्ष तक जेल और अन्य परीक्षाओं पर प्रतिबंध लगाया जाता है। इन देशों में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, मेटल डिटेक्टर और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग मानक हैं। मुख्य अंतर सिस्टम की मजबूती, भ्रष्टाचार नियंत्रण, तकनीकी उपयोग और सामाजिक मूल्यों में है, जहां मेरिट और कौशल को सर्वोच्च महत्व दिया जाता है। भारत में सुधार के लिए बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। पूरी परीक्षा प्रक्रिया को डिजिटल बनाया जाए, जिसमें प्रश्न बैंक से रैंडम प्रश्न चुने जाएं और हर छात्र को अलग सेट मिले। एनटीए जैसी संस्थाओं को स्वायत्त लेकिन सख्त जवाबदेही के दायरे में लाया जाए तथा स्वतंत्र बोर्ड द्वारा नियमित ऑडिट किया जाए। बड़े कोचिंग संस्थानों पर वित्तीय निगरानी और छापेमारी बढ़ाई जाए। स्कूल स्तर से नैतिक शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाएं।

भारत एक युवा राष्ट्र है। यदि इन युवाओं का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास टूट गया तो देश की विकास क्षमता प्रभावित होगी। निष्पक्ष परीक्षाएं ही प्रतिभा को सही दिशा दे सकती हैं और कौशल-आधारित समाज का निर्माण कर सकती हैं। सरकार को राजनीतिक लाभ से ऊपर उठकर इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए। विपक्ष, मीडिया, शिक्षाविद् और समाज सभी को मिलकर इस लड़ाई में योगदान देना होगा। यदि हम अभी सशक्त कानून नहीं बनाते, तकनीकी सुरक्षा नहीं अपनाते और सख्त कार्रवाई नहीं करते, तो भारत के बच्चों के भविष्य के साथ यह खिलवाड़ जारी रहेगा। एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए निष्पक्ष और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली अनिवार्य है। तभी आने वाली पीढ़ियां सपनों को मेहनत से हासिल करने का विश्वास रख सकेंगी और राष्ट्र प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ सकेगा।

## खुश रहने के विकल्प का संकल्प

मित्रो! मैं नेटिव नहीं, ऑल्टरनेटिव जीव हूं। मैं न एक दोस्त के भरोसे हाथ पर हाथ धरे रहता हूं न एक दुश्मन के। घर में आटा खत्म हो तो जमकर चावल खा पेट भर लेता हूं। चावल भी खत्म हों तो दाल पीकर पेट भर लेता हूं। दाल भी खत्म हो तो पानी पीकर भी पेट भर लेता हूं। बिजली महंगी हो जाती है तो पंखा बंद कर प्याज के गट्ठे से दिल को ठंडक पहुंचा लेता हूं। आप भी ट्राई कीजिए। उतनी ठंडी हवा एसी नहीं देता जितना प्याज का गट्ठा देता है। मुझे पता है कि प्याज के बहुआयामी उपयोग हैं। वह तड़के के लिए ही काम नहीं आता। गर्मियों में एसी से भी अधिक कूल कूल हवा के काम आता है। पानी महंगा हो जाता है तो बावड़ी की तरफ हो लेता हूं मुंह की तरह बाल्टी उठाए। बावड़ी पर जा नहा भी आता हूं और वहां से बाल्टी भर पानी भी लेता हूं। भले ही बावड़ी पर नोटिस लगा हो कि इस बावड़ी का जल सेहत के लिए हानिकारक है। अगर सड़क से लेकर संसद तक लगे हानिकारक नोटिसों की तरफ ध्यान दिया जाए तो मित्रो कल को घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो जाए।

ऑल्टरनेटिव जीव होने के चलते छोटू-मोटू महंगा होने पर मैंने घर में गैस की जगह लकड़ियों का चूल्हा जलाना शुरू कर दिया है। वैसे भी घर के आसपास बहुत झाड़ियां हो गई थीं। इस बहाने वे अब कट जाएंगी तो अड़ोस-पड़ोस थोड़ा साफ-सुथरा हो जाएगा और मेरा काम भी चल पड़ेगा। सिलेंडर महंगा होने के बाद भी कम से कम पका खाना तो खा सकूंगा। चूल्हे से जो लकड़ियां जलाकर राख निकलेगी उससे बर्तन धो लूंगा। कम से कम अब राख फ्लिपकार्ट, अमेजन से तो नहीं मंगवानी पड़ेगी। रही बात चूल्हे के धुएं से नजरें खराब होने कि तो जो जब चारों ओर कुछ देखने लायक है ही नहीं तो सही नजरों का क्या लाभ। कल मेरे पड़ोसी ने सिलेंडर महंगा होने पर जंगलात महकमे के ऑफिस के साथ लगता पेड़ काट दिया। दिन-दहाड़े। उसका साहस देख मैंने उससे पूछा,'ये क्या कर रहे हो?'

तब उसने कुल्हाड़ी मेरे हाथ में पकड़ाते पसीना मुझ पर झाड़ते हुए कहा- 'सरकारी पेड़ काट रहा हूं।'

'क्यों?'

'सरकार जेब काट रही है। सब कुछ कट जाए तो कट जाए, पर किसी भी हाल में आदमी की जेब नहीं कटनी चाहिए,' उसकी बातें सुन लगा, मेरे मोहल्ले में एक और दार्शनिक ने जन्म ले लिया। वैसे मैंने साक्षात् देखा है, कटी नाक वाले बहुत आगे तक जाते हैं। इतने आगे कि देखते ही देखते वे भरी-पूरी नाक वालों के रोल मॉडल बन जाते हैं। जबकि नाक वाले सारी उम्र अपनी नाक की साख बचाते-बचाते मर जाते हैं।

**- अशोक गौतम**

## मुश्किल से मिलता है देशभक्त बनने का सुलभ अवसर

देशभक्त बनने का ऐसा सुलभ अवसर कब-कब मिलता है जी। सो मौका है देशभक्त बन लो! अभी तक देशद्रोही बनने के अवसर ही ज्यादा मिलते रहे हैं। किसान फसल के भाव मांगे, तो देशद्रोही, मजदूर मजदूरी बढ़ाने की मांग करें, तो देशद्रोही, युवा रोजगार मांगें तो देशद्रोही और छात्र आंदोलन करें तो देशद्रोही। लग रहा था जैसे देशद्रोह के काम ही ज्यादा हो रहे हैं। लेकिन अब देशभक्ति के काम करने के अवसर भी खूब हैं। एक साल तक सोना मत खरीदो-देशभक्ति है।

हालांकि, सोना इतना महंगा है-कौन खरीदता है जी! लेकिन अपने यहां धनतेरस पर तो चाहे सोना न खरीदो, पर शादी-ब्याह में सोने की खरीददारी मजबूरी मानी ही जाती है। शादी-ब्याह में बहू-बेटी को सोने के गहने उपहार में देना बेशक शान होती होगी, शुभ भी होता होगा। लेकिन देशभक्ति न पहले थी, न अब होगी। अलबत्ता सोने के गहने उपहार में न देने पर यह चर्चा जरूर हो जाती थी कि देखो बिना दान-दहेज के शादी हुई है। न कोई गहना न तिलक। कई लोग इसे लुक्खी शादी मानते थे। कई लोग इसे खोट छुपाने का आवरण भी मानते थे। लेकिन दिखावे के लिए कहा जाता था कि देखो कितनी आदर्श शादी है। लेकिन ऐसी शादी अब देशभक्तिपूर्ण शादी भी मानी जाएगी। इसी तरह विदेश यात्रा है जी। अब वैसे तो विदेश यात्रा कौन करता है जी! लेकिन नेता, अफसर, फिल्म वाले, बिजनेस वाले और दौलतमंद तो विदेश यात्रा करते ही हैं। हां, बेहतर शिक्षा पाने के लिए छात्र भी विदेश यात्रा करते हैं और बेहतर जिंदगी की तलाश में निकले युवा भी विदेश यात्रा करते हैं। वे कभी कंटेनरों में भर कर विदेश जाते हैं, कभी कबूतरबाजी के जरिए जाते हैं, तो कभी डंकी रूट से जाते हैं। अब नेताओं-अफसरों की विदेश यात्राओं को तो चाहे कितना ही देशभक्तिपूर्ण माना जाता हो, लेकिन कंटेनरों में जाने वालों ओर डंकी रूटवालों की विदेश यात्रा को कभी देशभक्तिपूर्ण नहीं माना जाता। लेकिन जो विदेश यात्रा को तरस जाते हैं, तड़प जाते हैं, किलसते रहते हैं। उनकी इस किलस को अब देशभक्ति माना जाएगा। बल्कि अब तो समस्या यह आने वाली है कि बात-बात पर लोगों को पाकिस्तान जाने की सलाह देने वाले कहीं लोगों को जबर्दस्ती पाकिस्तान न भेजने लगे ताकि उन पर देशद्रोही होने का पक्का ठप्पा लगाया जा सके। खैर, साल भर तक सोना न खरीदने, विदेश न जाने के अलावा और भी गम हैं जमाने में मोहब्बत के सिवा की तर्ज पर देशभक्त बनने के और भी अनेक अवसर है। जैसे आप पेट्रोल-डीजल कम खर्च करके देशभक्त हो सकते हैं, बल्कि तेल कम खाने पर भी देशभक्त हो सकते हैं। देशभक्ति ऐसी सुलभ कब थी जी!

**- सहीराम**

बात पते की

## अबे लुटेरो...डूब मरो चुल्लू भर पानी में



देव शंकर अवस्थी

जबलपुर के अपराध जगत में झकझोर देने वाली घटना सामने आई। हालांकि, घटना का स्वरूप छोटा है लेकिन उस पर चिंतन करिए तो घटना बड़ी है। अधारताल थाना में अहमद नगर निवासी 89 वर्ष के अकील सिद्दीकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे कटनी में प्राइवेट नौकरी करने बस से आते-जाते हैं। बीते दिन वे रात 11 बजे बस से उतरकर घर जा रहे थे, तभी अहमद नगर मोड़ पर बाइक सवार दो युवक उनका मोबाइल झपटकर ले भागे। गजब हो गया...89 वर्ष का वृद्ध जीवन के अंतिम चरण में लाठी टेककर मेहनतकश बना है और नौजवान लुटेरे। सच भी है.. वर्तमान में समाज का चरित्र भी कुछ इसी तरह का है। देखें तो जीवकोपार्जन के लिए काम की कमी नहीं लेकिन निठल्लों को काम ढूंढे नहीं मिलता। बहुतेरे युवा बेरोजगारी का रोना रोकर दिनभर निकम्मे बने खाट तोड़ते रहेंगे लेकिन उनका काम की तरफ ध्यान नहीं जाएगा। जबलपुर के बिल्डिंग वर्क में बिहार से आए श्रमिकों का वर्चस्व स्थापित हो रहा। इसका मुख्य कारण बिहारी श्रमिक मेहनती और समय पर काम करके देता है। दूसरा, हमारे यहां का मिस्त्री एक रद्दा लगाएगा और बीड़ी सुलगाकर बैठ जाएगा। समय पर काम न करना उसकी पहचान बन गई। बाहर से आए लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर अपने काम-धंधे को संभाला और स्थापित हो गए। आज उनके पास मकान, गाड़ी, जायदाद सब कुछ है। ... और लोकल के युवा को जिंदाबाद-मुर्दाबाद, चाय-पान के टपरे की बतोलेबाजी और इधर-उधर की ताकझांक से फुरसत नहीं। निकम्मे, नशेड़ियों को अपने जीवन को ढोने कुछ तो करना पड़ेगा, लुटेरे ही बन गए। अरे, कुछ तो शर्म आई होती एक लाठी टेककर जाते एक बुजुर्ग को लूटने में। जीवन के आखिरी पड़ाव में भी मेहनत की रोटी खाने वाले वयोवृद्ध के सम्मान में हमारा सीना गर्व से भर उठता है, जबकि नौजवान लुटेरे समाज के कलंक ही कहे जाएंगे।

### 4 लाख का ब्याज 44 लाख

ब्याज लेने का भी कोई तरीका होता है... या जो मन आए वसूलते जाओ। मनमाना ब्याज वसूलने का एक मामला जबलपुर पुलिस के पास आया, जिसमें ब्याज वसूली देखकर पुलिस के भी होश उड़ गए। बेलखेड़ा निवासी ने पुलिस को बताया कि उसने सूदखोर से 4 लाख रुपए कर्जा लिया, जिसके बदले अभी तक 32 लाख चुका दिए। इसके बाद भी सूदखोर 16 लाख और मांग रहा है। हालांकि, इस तरह की ब्याज वसूली कोई नई बात नहीं है। विशेषकर आयुध निर्माणियां की सड़कें सूदखोरों की वसूली के लिए कुख्यात रहीं। अब तो जगह-जगह खुलीं फाइनेंस कंपनियां मनमाने ब्याज पर कर्जा देने के लिए बैठी हैं। भौतिक सुख सुविधाओं के प्रति ललक इतनी बढ़ गई है कि लोग कहीं से, कैसे भी कर्ज लेने तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कर्ज लेने और देने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

### ....और अंत में

पश्चिम बंगाल की जीत जितनी बड़ी रही, उस हिसाब से भाजपा कार्यकर्ता खुशी नहीं मना पाए। राजनीतिक दलों में कोई नियुक्ति हो या छोटी-मोटी जीत, कम से कम बूंदी के लड्डू तो बंट ही जाते हैं। बंगाल की जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह झालमुड़ी ही बंटवाई। पांच रुपए मात्र की एक पुड़िया झालमुड़ी से ही संतोष करना पड़ा। भाजपा कार्यकर्ता कहते पाए गए कि जीत तो रसमलाई के लायक रही लेकिन झालमुड़ी में ही निपटा दिया गया।

# कठिन हो रहा है आम आदमी का जीवन-यापन



डॉ. जयंतीलाल भंडारी
लेखक अर्थशास्त्री हैं

पश्चिम एशिया संकट और अन्य कारणों से भारत में महंगाई बढ़ रही है। 12 मई को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल, 2026 में खुदरा महंगाई दर 3.48 प्रतिशत हो गई, जो मार्च की 3.40 प्रतिशत दर से अधिक है। इससे आम जनता का दैनिक जीवन कठिन हो रहा है और अर्थव्यवस्था की विकास दर धीमी पड़ रही है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण जनता से पेट्रोल, डीजल और गैस के संयमित उपयोग की अपील की है और मेट्रो, सार्वजनिक परिवहन, इलेक्ट्रिक वाहन, कार पूलिंग, वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों को बढ़ावा देने को कहा है। अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक अनिश्चितता के लिए सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, आरबीआई के गर्वनर ने महंगाई बढ़ने पर नीतिगत रेपो रेट बढ़ाने की संभावना जताई है।



पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति बाधाओं से भारत में महंगाई बढ़ रही है। सरकार महंगाई नियंत्रण के उपाय कर रही है, लेकिन नागरिकों को पेट्रोल-डीजल के संयमित उपयोग और अन्य प्रयासों में मदद करनी होगी। एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ी कीमतों से व्यवसायों की लागत बढ़ी है, जिसका बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ने से महंगाई और बढ़ रही है।

हालांकि, अभी पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी की खुदरा कीमतें वैश्विक पेट्रोलियम उत्पादों की ऊंची कीमतों के कारण और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। सरकारी तेल कंपनियों को हर माह करीब 30 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। भारत में महंगाई की दर अभी दुनिया की तुलना में कम है, लेकिन बढ़ने की प्रवृत्ति स्पष्ट है। एशियाई विकास बैंक और ईवाई इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, 2026 में महंगाई दर 6 प्रतिशत से ऊपर स्तर तक पहुंच सकती है।

क्रिसिल की 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में घर पर बनी थाली की कीमतें बढ़ गई हैं। आम जीवन की रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे रसोई का सामान, कपड़े और घरेलू उपकरण महंगे हो रहे हैं। एफएमसीजी कंपनियां उत्पादों की कीमत बढ़ाने या पैकेट का आकार घटाने पर विचार कर रही हैं। साथ ही, भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण सामान्य से कम मॉनसून की आशंका जताई है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच आम आदमी को महंगाई से बचाने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद कर में कटौती की गई और निर्यात शुल्क बढ़ाया गया ताकि घरेलू ईंधन की कीमतें काबू में रहें। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है, तेल रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। इसके अलावा, सरकार ने खाद्य वस्तुओं के बफर स्टॉक बढ़ाए, रणनीतिक बिक्री की और जरूरी आयात को सुविधाजनक बनाया है ताकि महंगाई के प्रभाव को कम किया जा सके। पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत के पास महंगाई नियंत्रण की कुछ मजबूत बुनियादी शक्ति है। सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक पहलें असर दिखा रही हैं, और विशाल खाद्यान्न भंडार, रिकॉर्ड उत्पादन और 80 करोड़ कमजोर वर्ग को निःशुल्क वितरण भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। विदेशी मुद्रा भंडार में 690 अरब डॉलर से अधिक की उपलब्धता भी आर्थिक स्थिरता का संकेत है। हालांकि, वैश्विक तेल कीमतें बढ़ रही हैं और नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, ऐसे में नागरिकों को पेट्रोल-डीजल का संयमित उपयोग करने की आवश्यकता है।

आशा है सरकार द्वारा पश्चिम एशिया संकट के बीच महंगाई नियंत्रण के मद्देनजर ब्राजील, रूस और वेनेजुएला से कच्चे तेल का अधिक आयात किया जाएगा। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 30 प्रतिशत किया जाएगा। तेल की मांग में कमी करने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के उपयोग में तेजी लाई जाएगी। सरकार द्वारा गैर विकास कार्यों पर खर्च में कमी के साथ अनावश्यक सब्सिडी में कटौती की जाएगी। सरकार के द्वारा खाद्य तेल के आयात शुल्क में कमी सहित उर्वरकों की उपयुक्त आपूर्ति के लिए आगे बढ़ा जाएगा। रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को आवश्यकता के अनुरूप बढ़ाया जाएगा। साथ ही सरकार द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 को कड़ाई से लागू करना चाहिए। सरकार के बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से ही भारत वैश्विक ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से सामना कर पाएगा।

# कांगो में इबोला वायरस से 80 मौतें

## डब्ल्यूएचओ ने घोषित की ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी




किंशासा

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले इबोला के प्रकोप को इंटरनेशनल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया कि बंडिबुग्यो वायरस से फैला यह संक्रमण महामारी घोषित किए जाने के मानकों पर खरा नहीं उतरता।

संयुक्त राष्ट्र की स्वास्थ्य एजेंसी के मुताबिक, शनिवार तक कांगो के इटुरी प्रांत में कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों (बुनिया, रवामपारा और मोंगब्वालू) में 80 संदिग्ध मौतें, 8 लैब में पुष्टि किए गए मामले और 246 संदिग्ध केस सामने आए हैं। इबोला एक बहुत खतरनाक वायरस से होने वाली बीमारी है। यह संक्रमण दुर्लभ जरूर है, लेकिन काफी गंभीर और कई मामलों में जानलेवा साबित होता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों जैसे खून, उल्टी, पसीना या वीर्य के संपर्क में आने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है।

इसका कोई पक्का इलाज अभी तक नहीं है, लेकिन वैक्सीन उपलब्ध है। बता दें, कांगो से यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों में 15 और 16 मई 2026 को, युगांडा के कंपाला में एक दूसरे से कोई स्पष्ट संबंध न होने के बावजूद, दो प्रयोगशाला-पुष्टि मामले दर्ज किए गए हैं। इटुरी के कई स्वास्थ्य क्षेत्रों में बंडीबुग्यो वायरस रोग के लक्षणों से मौत के मामले सामने आए हैं। इसके अलावा, प्रभावित क्षेत्र से वायरल हेमोरेजिक बुखार के लक्षणों के चलते 4 स्वास्थ्यकर्मियों की मौत की जानकारी भी मिली है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम के प्रावधानों के तहत, जल्द ही एक इमरजेंसी कमेटी की बैठक बुलाएंगे। इस वायरस से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोऑर्डिनेशन की जरूरत मानी जा रही है, ताकि प्रकोप की गंभीरता और फैलाव को समझा जा सके।

# इजरायल की रॉकेट-मिसाइल इंजन बनाने वाली कंपनी के टेस्टिंग ग्राउंड में बड़ा धमाका

यरूशलम

इजरायल के मध्य इलाके बेइत शेमेश में शनिवार देर रात अचानक जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना बड़ा था कि आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग घबरा गए और कुछ ही देर में आसमान काले धुएं से भर गया। यह विस्फोट इजरायल की सरकारी डिफेंस कंपनी टोमर के टेस्टिंग ग्राउंड में हुआ। यही कंपनी एरो-2 और एरो-3 जैसे मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए रॉकेट इंजन बनाती है।



घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल होने लगे, जिनमें दूर से आग की ऊंची लपटें और धुएं का विशाल गुबार साफ नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी और कुछ मिनटों तक ऐसा लगा जैसे कोई बड़ा हमला हुआ हो। हालांकि, टोमर कंपनी ने तुरंत सफाई देते हुए कहा कि यह एक प्री-प्लांड और कंट्रोल्ड एक्सपेरिमेंट था, जिसे तय योजना के तहत किया गया। कंपनी का दावा है कि इस घटना में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ और न ही कोई घायल हुआ है। लेकिन सोशल मीडिया पर कई लोग और सुरक्षा मामलों के जानकार इस दावे पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि अगर यह सिर्फ एक तय टेस्ट था, तो आसपास के लोगों को पहले से जानकारी क्यों नहीं दी गई। इसके अलावा, धमाके के तुरंत बाद इमरजेंसी सेवाओं का मौके पर पहुंचना भी कई सवाल खड़े कर रहा है। कुछ डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह रॉकेट मोटर या ठोस ईंधन की टेस्टिंग के दौरान हुआ हादसा भी हो सकता है। क्योंकि जिस जगह धमाका हुआ, वहां मिसाइल और रॉकेट प्रोपल्शन सिस्टम पर काम किया जाता है। इस पूरे मामले को लेकर इसलिए भी ज्यादा चर्चा हो रही है क्योंकि हाल के दिनों में ईरान और इजरायल के बीच तनाव काफी बढ़ा हुआ है। ऐसे माहौल में इस धमाके ने लोगों की चिंता और अटकलों को और बढ़ा दिया है।

# तूफान से पहले की शांति

## मध्य-पूर्व में तनाव के बीच ट्रंप की युद्धपोतों वाली रहस्यमयी पोस्ट वायरल

वाशिंगटन

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव और होर्मुज में समुद्री सुरक्षा को लेकर उपजे विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। शनिवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक बेहद रहस्यमयी और युद्ध के संकेतों वाली तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में अमेरिकी और ईरानी युद्धपोत एक-दूसरे के आमने-सामने नौसैनिक टकराव की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं, और फोटो के अंदर कैप्शन में लिखा है, यह तूफान से पहले की शांति थी। एआई द्वारा बनाई गई तस्वीर में में ट्रंप आक्रामक मुद्रा में एक वॉरशिप पर खड़े हैं जिसमें पीछे अमेरिकी नौसेना अधिकारी हैं। समुद्र में ईरानी झंडे वाले वॉरशिप हैं और आसमान में बिजली गरजने के साथ समुद्र में तेज लहरें यानि तूफान आया हुआ है। हैरान करने वाली बात यह है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस तस्वीर के साथ कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया। उन्होंने इसे पूरी तरह से ओपन-टू-इंटरप्रिटेशन छोड़ दिया है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विश्लेषक इस पोस्ट को ईरान के




लिए एक सीधी और कड़ी चेतावनी के रूप में देख रहे हैं, क्योंकि होर्मुज स्ट्रैट में पिछले कुछ दिनों से अमेरिकी और ईरानी नौसेना के बीच रणनीतिक टकराव की खबरें आ रही हैं। इस नौसैनिक युद्धपोत वाली पोस्ट के अलावा राष्ट्रपति ट्रंप ने एक और चौंकाने वाली तस्वीर साझा की। इस दूसरी तस्वीर में ट्रंप किसी हाई-टेक स्पेस वॉर रूम (अंतरिक्ष युद्ध नियंत्रण कक्ष) जैसी जगह पर खड़े होकर बेहद गंभीरता से बड़ी स्क्रीनों पर स्थिति की निगरानी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में सिर्फ स्पेस फोर्स लिखा है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बैक-टू-बैक शेयर की गई इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया से लेकर अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है। अतीत में भी ट्रंप कई बार तूफान से पहले की शांति जैसे मुहावरों का इस्तेमाल बड़ी सैन्य कार्रवाइयों या रणनीतिक फैसलों से पहले कर चुके हैं। व्हाइट हाउस की तरफ से अभी तक इन पोस्ट्स पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है, लेकिन इस घटनाक्रम ने साफ कर दिया है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव इस वक्त अपने चरम पर पहुंच चुका है।

## महिलाओं को अर्धनग्न कर पहनाई चप्पलों की माला

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर से इंसानियत को तार-तार और कानून-व्यवस्था को ठेंगा दिखाने वाली एक बेहद सनसनीखेज व अमानवीय घटना सामने आई है। उल्हासनगर कैंप-3 इलाके में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की रंजिश को लेकर दबंगों ने एक ही परिवार की महिलाओं के साथ हैवानियत की। पीड़ित महिलाओं के सरेराह बाल काटे गए, उनके कपड़े फाड़कर उन्हें अर्धनग्न किया गया और गले में जूतों-चप्पलों की माला डालकर करीब दो किलोमीटर तक सड़क पर उनका जुलूस निकाला गया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में भारी आक्रोश है। स्थानीय सूत्रों और पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, यह पूरा विवाद उल्हासनगर के वाघरी नगर इलाके का है। कुछ समय पहले स्थानीय जात पंचायत ने एक तुगलकी फरमान सुनाते हुए एक पीड़ित परिवार के लोगों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया था और उनके मंदिर प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी। लेकिन यह परिवार इस सामाजिक अन्याय के आगे झुकने को तैयार नहीं था। घटना वाले दिन परिसर के मंदिर में एक धार्मिक कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन था। पीड़ित परिवार के एक युवक ने इस पाबंदी का विरोध करते हुए कहा, हमारा क्या कसूर है, हम मंदिर क्यों नहीं आ सकते? और वह मंदिर परिसर में पहुंच गया। युवक का मंदिर जाना वहां मौजूद वाघरी समुदाय के कुछ रसूखदार लोगों को नागवार गुजरा।

# 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर भारत-नीदरलैंड्स के संबंध

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटन से मिले। द हेग में दोनों के बीच हुई एक अहम बैठक के बाद दोनों देशों ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने का फैसला किया। बैठक के दौरान दोनों प्रधानमंत्रियों ने व्यापार, रक्षा, टेक्नोलॉजी, जल प्रबंधन, क्लीन एनर्जी, स्वास्थ्य सेवा और एजुकेशन सहित कई क्षेत्रों में चल रहे सहयोग पर बात की। भारत और नीदरलैंड्स ने इन क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के लिए कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि पिछले एक दशक में भारत-नीदरलैंडस के रिश्तों में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने नीदरलैंड्स को यूरोप में भारत के सबसे अहम भागीदारों में से एक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और नीदरलैंड्स के रिश्ते साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, मजबूत आर्थिक सहयोग और गहरे व्यावहारिक संबंधों पर टिके हैं। पीएम मोदी ने कहा, लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और जिम्मेदार व्यवहार हमारे साझा नजरिए का हिस्सा हैं।



पीएम मोदी ने सलाह दी कि भारत और नीदरलैंड्स को डच एक्सपर्टाइज को भारत की रफ्तार और हुनर के साथ जोड़ना चाहिए। इससे इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, निवेश और रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाया जा सकेगा। भारत और नीदरलैंड्स के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने की घोषणा करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमें इनोवेशन, निवेश, सस्टेनेबिलिटी और रक्षा के क्षेत्रों में अपने सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की जरूरत है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रोब जेटन ने भी भारत के साथ संबंधों की बढ़ती अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने आर्थिक और रणनीतिक क्षेत्रों में मजबूत सहयोग का पूरा समर्थन किया। द्विपक्षीय बैठक से पहले पीएम मोदी और डच पीएम रोब जेटन ने द हेग में आयोजित सीईओ राउंडटेबल में संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। इस बैठक में ऊर्जा, बंदरगाह, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़ी डच कंपनियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

## लखनऊ में वकीलों के चैंबरों पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। यहां सिविल कोर्ट के बाहर वकीलों के चैंबरों पर बुलडोजर चला दिया गया। दूसरी तरफ इस दौरान वकील विरोध में खड़े थे। वकीलों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। यहां नगर निगम की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी और कई चैंबरों को हटाना शुरू कर दिया। मामला पुराने हाई कोर्ट और स्वास्थ्य भवन चौराहे के बाहर बने वकीलों के चैंबरों का है। सुबह नगर निगम और पुलिस की टीम अचानक मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में बुलडोजर ने सड़क किनारे बने चैंबरों को तोड़ना शुरू कर दिया। प्रशासन का कहना था कि ये निर्माण अवैध थे और अतिक्रमण हटाने के तहत कार्रवाई की जा रही है। लेकिन जैसे-जैसे बुलडोजर आगे बढ़ा, विरोध भी तेज हो गया। मौके पर पहुंचे वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने हाई कोर्ट के आदेश का गलत इस्तेमाल किया। अधिवक्ताओं का कहना है कि अदालत ने केवल 72 चैंबर हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन नगर निगम और पुलिस ने उसी आदेश की आड़ में करीब 240 चैंबर गिरा दिए। पुराने हाई कोर्ट परिसर के बाहर वर्षों से वकीलों के छोटे-छोटे चेंबर बने हुए थे। इन्हीं में बैठकर अधिवक्ता अपने मुवक्किलों से मिलते और केस से जुड़ा कामकाज करते थे। वकीलों का कहना है कि अचानक कार्रवाई से उनके काम पर असर पड़ा है। बुलडोजर चलने के दौरान कई वकील विरोध जताने लगे, नारेबाजी हुई, प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन हुआ और कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण बन गया।

फिल्म/टीवी मनोरंजन

# आमिर की फिल्म में ईशान बनकर दिलों में बनाई जगह लेकिन खोया बचपन, दर्शील सफारी का छलका दर्द




आमिर खान साल 2007 में समाज के अंदर एक बेहद अहम फिल्म तारे जमीन पर लेकर आए थे, जिसने सभी की आंखों को नम कर दिया था। इसमें ईशान नाम का एक डिस्लेक्सिस बच्चा दिखा, जिसने अपनी मासूमियत से लोगों का दिल जीता। ये रोल दर्शील सफारी ने निभाया, जिन्हें आज भी इसी रोल के लिए जाना जाता है। दर्शील को 10 साल की उम्र में ही वो पॉपुलैरिटी मिल गई थी, जिसका सपना हर एक्टर देखता है। वो जहां जाते थे, लोगों की भीड़ उनसे मिलने के लिए जमा हो जाती थी। लेकिन इतनी कम उम्र में इतना स्टारडम मिलना दर्शील के लिए कई मुश्किलें खड़ी कर गया था। एक्टर ने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया कि एक वक्त के बाद उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। डिजिटल कमेंट्री संग बातचीत में दर्शील से पूछा गया कि क्या ईशान का किरदार उनके करियर में रुकावट लेकर आया? तो इसपर एक्टर ने कहा- मैं अपनी जिंदगी में इस बारे में कभी सोचा नहीं, कभी-कभी ना सोचना भी सही है। मैंने कभी नहीं सोचा कि लोग मुझे कैसे देखते हैं। मैं बस उस समय अपनी मस्ती में था, एक फ्लो चल रहा था क्योंकि मैं तब बच्चा ही था। उस फिल्म के बाद मैंने एक सुपरहीरो फिल्म करने की इच्छा जाहिर की, जो पूरी भी हुई। लेकिन क्या होता है कि जब आप 100 फिल्में भी कर लेते हो, तब भी लोग आपको पहले काम के लिए ही याद रखते हैं। तो मैंने हमेशा यही सोचा है कि मैं ऐसा काम करता रहूं जिससे लोग मुझे याद रखे। उम्मीद है कि लोग मेरे बाकी काम को भी नोटिस करेंगे। दर्शील से आगे फेम मिलने के बाद उनके बचपन पर क्या असर पड़ा, इसके बारे में भी पूछा। जिसके जवाब में एक्टर ने कहा- मेरे ऊपर काफी सारी रोक लगा दी गई थीं। मैं बाहर अपने दोस्तों के साथ उतना घूम नहीं पाता था क्योंकि लोगों की भीड़ आ जाती थी। मैं उस उम्र में सिक्योरिटी लेकर भी नहीं घूम सकता था क्योंकि वो काफी अजीब लगता। मुझे बाहर घूमने-फिरने का बहुत शौक था। जब घर पर कोई सामान लाना हो, तो मैं मम्मी से कहता था कि मैं लेकर आऊंगा, लेकिन वो बंद हुआ। कोई भीड़ वाली जगह जाता था, तो मुंह छिपाकर या कैप-चश्मे पहनकर जाता था। एक्टर ने बताया कि उन्हें इस पूरे फेज के साथ जीना पड़ा, और वो अपनी जिंदगी में काफी कुछ सीख भी गए। बात करें दर्शील सफारी की, तो कई लोगों के मन में ये सवाल उमड़ता है कि वो आजकल आखिर कहां हैं और क्या कर रहे हैं। दर्शील लगातार कैमरा के सामने काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें तारे जमीन पर के जैसी कोई फिल्म के लेवल वाला काम नहीं मिल रहा है। हालांकि वो जल्द टीवी के राम यानी अरुण गोविल संग एक फिल्म कृष्णा और चिट्ठी में नजर आएंगे। ये 29 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## भूकंप ने हिलाया दिलीप कुमार और राज कपूर का पुश्तैनी घर

हेरिटेज विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों ने रविवार को बताया कि पेशावर में मशहूर भारतीय अभिनेताओं दिलीप कुमार और राज कपूर के पुश्तैनी घर कभी भी ढह सकते हैं। पाकिस्तान में हाल ही में आए भूकंप के बाद, बारिश से बुरी तरह प्रभावित ये इमारतें अब और भी ज्यादा कमजोर हो गई हैं। उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी में स्थित इन दोनों घरों को पाकिस्तान सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया था। मॉनसून से पहले की बारिश और बरसात का मौसम बस कुछ ही हफ्ते दूर है, ऐसे में विशेषज्ञों ने सरकार का ध्यान इन इमारतों की उपेक्षित हालत की ओर खींचा है और इन ऐतिहासिक इमारतों के तत्काल संरक्षण की मांग की है। राज कपूर की ये हवेली पेशावर की वास्तुकला का कभी एक नायाब नमूना रही, किस्सा ख्वानी बाजार के ढाकी नालबंदी इलाके में स्थित सौ साल पुरानी कपूर हवेली को लगातार बारिश के कारण ढांचागत नुकसान पहुंचा है, जिससे इमारत कमजोर हो गई थी, वहीं 3 अप्रैल को आए भूकंप के झटकों ने इसकी पहले से ही जर्जर हालत को और भी ज्यादा अस्थिर कर दिया।

### ब्राह्मणों पर टिप्पणी करके फंसे फिल्ममेकर अनुराग कश्यप

## कोर्ट ने दिया केस दर्ज करने का आदेश



गुजरात के सूरत की एक अदालत ने फिल्म निर्माता और अभिनेता अनुराग कश्यप के खिलाफ ब्राह्मण समुदाय पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर आपराधिक मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत ने सोशल मीडिया पर की गई उनकी टिप्पणी को लेकर दायर निजी शिकायत पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने अधिवक्ता और विश्व हिंदू परिषद नेता कमलेश रावल की ओर से दायर शिकायत को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पुलिस को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। अदालत ने माना कि प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि आरोपी की सोशल मीडिया पोस्ट को इस तरह प्रसारित किया गया, जिससे एक विशेष समुदाय की मानहानि हुई और सामाजिक वैमनस्य फैलने की आशंका है। अदालत ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य फैलाना), धारा 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और धारा 353(2) (झूठी जानकारी प्रसारित करना) के तहत मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। शिकायतकर्ता कमलेश रावल का आरोप है कि अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर ब्राह्मण समुदाय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे पूरे समुदाय की भावनाएं आहत हुईं। शिकायत में यह भी कहा गया कि विरोध में की गई एक पोस्ट पर उनका जवाब भी आपत्तिजनक था और उससे पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान हुआ। शिकायत के अनुसार, पिछले वर्ष 16 अप्रैल को फिल्म फुले के ट्रेलर को लेकर ऑल इंडिया ब्राह्मण समाज ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर कथित रूप से ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी दावा किया कि अनुराग कश्यप पहले भी हिंदू समुदाय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुके हैं। मामले में अदालत की ओर से कई बार समन भेजे गए, लेकिन आरोपी के पेश न होने पर गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया था। फिलहाल अदालत के आदेश के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# जिला विकास सलाहकार समिति जिले के विकास के लिए अभिनव पहल है : प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

## जिले के दीर्घकालीन विकास के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की अभिनव पहल पर जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति के माध्यम से जिले के विकास से संबंधित सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिससे जिले में विकास योजनाओं व कार्यों को गति दी जा सकेगी तथा समग्र विकास सुनिश्चित होगा। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने आयोजित बैठक में गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि गेहूं नरसिंहपुर जिले की प्रमुख फसल है और सभी किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा तथा खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में दीर्घकालीन विकास के लिए सभी से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिससे जिले में विकास योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर हो सके और विकास कार्यों को गति दी जा सके। जिले के परंपरागत कौशल को चिन्हित कर वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत को दृष्टिगत रखते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार किया जाएगा तथा स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। जिले में शासकीय योजनाओं व कार्यों को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए दिए गए सुझाव पर विचार किए जाएंगे और स्थानीय स्तर पर प्रचलित नवाचारों को भी प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। जिले में उद्योग, व्यापार, जल संरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की विकास योजनाओं के लिए सुनियोजित एवं समन्वित रूप से कार्य किए जाएंगे। आयोजित बैठक में जिला सलाहकार समिति के सदस्यों ने कहा कि जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए, जिससे जिले में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सके। उन्होंने सड़कों के निर्माण कार्य व मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्वक करने तथा जिले में ओव्हर लोडिंग करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सभी सड़कों को बेहतर बनाया जाए और आवश्यकतानुसार पुल-पुलियों का निर्माण किया जाए। नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए नर्मदा पथ का सुदृढ़ीकरण करने तथा सांकेतिक चिन्ह लगाने की मांग की गई, जिससे नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें सुगम मार्गदर्शन मिल सके। आयोजित बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों ने जिले में चिकित्सा सुविधाओं तथा शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की बात कही, जिससे जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हो सके। बैठक में जिले के प्राकृतिक स्थल, धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित करने की मांग की गई, जिससे जिले के इन प्रमुख स्थलों पर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाओं पर शीघ्रता से कार्य करने की मांग की गई। आयोजित बैठक में किसानों के हित में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को तत्परता से दिलाने की बात कही गई। जिले में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज का आवंटन हो, जिससे किसानों को निर्धारित समय में खाद और बीज उपलब्ध हो सके और कृषि कार्य प्रभावित न हो। बैठक में जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की विस्तृत चर्चा की गई। जल संरक्षण के लिए जिले में बोरी बंधान और स्टाप डैमों का निर्माण करने को कहा गया तथा निस्तार हेतु जल सरोवरों का निर्माण एवं सिंचाई हेतु नहरों का विस्तार करने की बात कही गई। जिले में उपभोक्ताओं और किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत उपलब्ध रहे, जिससे किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए विद्युत की कमी का सामना न करना पड़े और उत्पादन में वृद्धि हो सके। आयोजित बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों ने अवगत कराया कि जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में रोजाना ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इसलिए जिला मुख्यालय में एक वृहद सुलभ काम्पलेक्स का निर्माण किया जाए, जिससे जिला मुख्यालय में आने वाले व्यक्ति इस सुलभ काम्पलेक्स की सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा सकें। बैठक में स्पोट्स क्लब तैराकी प्रारंभ करने की मांग की गई तथा डाक घर में एक पासपोर्ट कार्यालय खोलने की मांग भी प्रमुख रूप से रखी गई। प्रभारी मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें अमल में लाया जाएगा, जिससे नरसिंहपुर जिले के विकास को नई दिशा, गति और सुदृढ़ आधार मिल सके। आयोजित बैठक में सांसद श्री चौधरी दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश, श्री रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया सहित जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



## नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** नीट परीक्षा पेपर लीक एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी नरसिंहपुर के आहवान पर विशाल मशाल जुलूस निकाला गया राम मंदिर से सुभाष पार्क चौराहा तक निकाले गए इस विशाल मशाल जुलूस में कांग्रेसजनों ने विद्यार्थियों के समर्थन में जोरदार आवाज बुलंद करते हुए नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए शिक्षा मंत्री को बर्खास्त कर , सी बी आई जांच की मांग की ।उक्त मशाल जुलूस में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटैल ,जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी दीवान शैलेन्द्र सिंह , पूर्व जिलाध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी , वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटैल, प्रदेश सचिव मनीष राय , डॉ.संजीव चाँदोरकर, प्रदेश सचिव अभिनव ढिमोले , अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष हरिसिंह अहिरवार जी, जनपद अध्यक्षगण शैलेन्द्र राजपूत एवं सोबरन सिंह ठाकुर , जनपद उपाध्यक्ष कंछेदी पटैल, देवेंद्र शुक्ला , देवेंद्र पटेल गूंदरई, नगरपालिका प्रतिपक्ष नेता रुद्रेश तिवारी , पूर्व ब्लॉक अध्यक्षगण जिनेश जैन , छोटराजा कौरव , दिग्विजय सिंह , गणेश पटेल , ब्लॉक अध्यक्ष गण मनीष साहू , रामरतन पटेल , ओमप्रकाश पटेल , सतीश सैनी , लखन पटेल , राजेंद्र कौरव , सूर्यकांत लोधी , धनीराम पटेल , अरविंद पटेल , नगराध्यक्ष रोहित पटैल , कमल जैन , राजीव दुबे , पवन पटेल , अरविंद पटेल ,युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल , एनएसयूआई अध्यक्ष ईशान राय , प्रतीक त्रिवेदी ,अस्सू नेमा , अतुल चौरसिया , अब्दुल हकीम खान , मुकेश कटारे , अभय राय , मनोज राव , राजेन्द्र नेमा , अभिषेक शर्मा, शिवम् राय ,शाश्वत राय , शुभम ठाकुर , प्रीतम पटेल आनंद चौरसिया , अभिषेक पटेल ,जितेंद्र लोधी , संजय कौरव , अजय दुबे , भगवान सिंह गुजर , संजय मेहरा , सौरभ रिछारिया , देवेंद्र प्रजापति , राजा ठाकुर , अमित श्रीवास्तव , बुध्दि प्रकाश विश्वकर्मा , तोपसिंग महोबिया ,रीतेश नामदेव, राजा राय, पलाश पटैल , यासीन मनचला ,नीलेश ढिमोले , निकिता सक्सेना , सत्यव्रत कौरव , प्रियंक कहार, गोल्डी खान, आजाद खान , बिट्टू किंग , निखिल सराठे , प्रिंस पटेरिया , सोमनाथ पटैल , संजय तिवारी ,महेंद्र लोधी ,विकास पटैल , शुभ गोस्वामी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## डॉ. सोनी को मिला बुंदेलखंड साहित्य शिरोमणि सम्मान

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** विगत दिवस दतिया के महाराजा गोविंद देव पैलेस सिविल लाइंस में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका विषय बुंदेलखंड साहित्य विद्या रहा साथ ही बुंदेलखंड सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के अकादमिक सत्र की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष गणित प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के डॉ गनेश कुमार सोनी ने की। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों से साहित्यकार शोधार्थियों के बीच बुंदेलखंड की साहित्य विद्या पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि अतीत और वर्तमान को जोड़ने के लिए इसका संरक्षण आवश्यक है। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि दतिया के महाराजा गोविंद देव , प्रवक्ता बुंदेलखंड साहित्य विषेशज्ञ,



विशिष्ट अतिथि मा. परिणीता राजकुमारी, भारत उत्थान न्यास के केंद्रीय अध्यक्ष आचार्य सुजीत कुंतल तथा पीतांबर पीठ संस्कृत महाविद्यालय की कार्यक्रम संयोजक डॉ आशा पाठक की उपस्थिति में साहित्यकार शिक्षाविद् डॉ सोनी को बुंदेलखंड साहित्य शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पुरस्कार सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर डेंगू बीमारी से बचाव के लिए नागरिकों को जागरूक करने के लिए दिलाई गई शपथ

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस जिला मलेरिया कार्यालय नरसिंहपुर में मनाया गया। कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने डेंगू बीमारी की रोकथाम एवं बचाव की शपथ ली। साथ ही जिला चिकित्सालय परिसर में जनजागरूकता संबंधी पम्पलेटों का वितरण कर बीमारी के बचाव व रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय डेंगू दिवस (डेंगू नियंत्रण के लिये जन भागीदारी- जांच करें, सफाई करें और ढकें) की थीम पर आयोजित किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. राजकिशोर पटेल ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू बुखार का वायरस व्यक्ति के शरीर के अंदर फैलता है।

उन्होंने डेंगू बुखार की रोकथाम के लिए आम नागरिकों से अपील की है कि वे घरों की सीमेंट एवं प्लास्टिक की पानी की टंकी को ढककर रखें। सप्ताह में एक बार घरों के कूलरों को अवश्य साफ करें। एडीज मच्छर दिन में काटते हैं। इससे बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहने, शरीर ढंककर रखें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और अपने घरों में नीम की पत्ती का धुंआ करें।

यदि किसी व्यक्ति को बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर निःशुल्क खून की जांच करवाएं। डेंगू बीमारी होने पर पूर्ण उपचार लें और भरपूर तरल पदार्थ का सेवन करें। इस अवसर पर प्रभारी एएमओ श्री जगदीश प्रसाद धुर्वे, प्रभारी टेक्नीकल शाखा मलेरिया श्री रामनरेश दुबे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## लव जिहाद को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा किया थाने का घेराव

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले के गाडरवारा में एक युवती के लापता होने के मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल का आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने गाडरवारा थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि 4 अप्रैल को कॉलेज के लिए निकली युवती अब तक घर नहीं लौटी है और उसे लव जिहाद का शिकार बनाया गया है। मामले में बैरागढ़ निवासी अरशद खान उर्फ असहान खान पर संदेह जताया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस को जानकारी देने के बावजूद अब तक न तो युवती का पता लगाया जा सका है और न ही संबंधित युवक का नाम एफआईआर में जोड़ा गया है। पहले ज्ञापन देने के बाद कार्रवाई नहीं



होने पर आज कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर थाने का घेराव किया और हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि पुलिस प्रशासन को पहले भी ज्ञापन देकर दो दिन का समय दिया था, लेकिन अभी तक युवती का कोई पता नहीं चल पाया है। हमारी मांग है कि संबंधित आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और युवती को सुरक्षित बरामद किया जाए।

## संभागायुक्त धनंजय सिंह ने नरसिंहपुर जिले के गेहूं खरीदी केंद्रों का किया सघन निरीक्षण

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने शनिवार को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव तहसील के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के साथ भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कमल वेयर हाउस कंजई, पारस वेयर हाउस गर्रा रोड, बालाजी वेयर हाउस, जैन वेयर हाउस श्रीनगर, जय श्री वेयर हाउस सिवनी बंधा एवं जय मारुति वेयरहाउस लाठगांव के खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जयश्री वेयर हाउस सिवनी बंधा खरीदी केंद्र में निरीक्षण के दौरान बोरों की तुलाई में वजन संबंधी विसंगतियां और उपस्थित किसानों द्वारा खरीदी शिकायत बिन्दू पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं से स्पष्टीकरण लेकर कार्यवाही करने के निर्देश संभागायुक्त द्वारा दिए गए। इसी प्रकार जैन वेयर हाउस श्रीनगर खरीदी केंद्र में तुलाई के कांटे कम पाए जाने से निर्धारित गाइड लाइन अनुसार बढ़ाए जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियो को दिए गए। बालाजी वेयर हाउस गर्रा रोड खरीदी केंद्र पर उपार्जित गेहूं परिवहन की समस्या पाए जाने पर क्षेत्रीय प्रबन्धक नागरिक आपूर्ति निगम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री सिंह द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर तुलाई हेतु मज़दूरों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित करें एवं तौल काटों की निर्धारित संख्या भी बढ़ाना सुनिश्चित करें ताकि किसानों की गेहूं खरीदी तत्परता और सहूलियत के साथ की जा सके। साथ ही प्रत्येक खरीदी केंद्र पर जितनी मात्रा में गेहूं खरीदी की जाए उसका परिवहन भी अतिशीघ्र कराए ताकि किसानों को समय पर भुगतान की कार्यवाही की जा सके। संभागायुक्त द्वारा खरीदी केंद्रों पर किसानों से संवाद कर उनके द्वारा ली गई गेहूं उपज की किस्म एवं प्रति एकड़ उत्पादन तथा सिंचाई संसाधनों की जानकारी ली गई।

## संत रामपाल जी महाराज के सत्संग में गूंजा मानव सेवा और समाज सुधार का संदेश

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।**

सिंहपुर रोड स्थित मनोहारी पैलेस में आयोजित भव्य सत्संग कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और मानव सेवा के संदेश से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जहां संत रामपाल जी महाराज जी के समाजहित और मानव कल्याण के लिए किए जा रहे महापरोपकारी कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सत्संग में बताया गया कि संत रामपाल जी महाराज जी के नेतृत्व में समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए अनेक अभियान चलाए जा रहे हैं। अयोध्या के राम मंदिर में एक महीने तक 24 घंटे निःशुल्क भंडारा करवाने जैसे सेवा कार्यों ने मानवता और परोपकार की नई मिसाल पेश की है। इसके साथ ही गरीबों, जरूरतमंदों और आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए लगातार



राहत कार्य किए जा रहे हैं। आज युवा पीढ़ी नशे, हिंसा और अनैतिकता की ओर बढ़ रही है, ऐसे समय में संत रामपाल जी महाराज जी युवाओं में नैतिक और आध्यात्मिक जागृति लाने का कार्य कर रहे हैं। उनके अनुयायी सभी प्रकार के नशों से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैला रहे हैं। दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, पाखंडवाद और जातिवाद जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। सत्संग कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि कोरोना काल जैसी कठिन परिस्थितियों में संत रामपाल जी महाराज जी के अनुयायियों ने घर-घर खाद्य सामग्री पहुँचाकर हजारों परिवारों की सहायता की। वहीं बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री, बच्चों के लिए किताबें और कपड़े उपलब्ध कराना, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, माता-बहनों के लिए निःशुल्क बस सेवा तथा वृद्ध और अनाथ लोगों की देखभाल जैसे कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। सत्संग में सामाजिक समानता, भाईचारे और स्वच्छ समाज की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान और खेलों को बढ़ावा देने हेतु आर्थिक सहयोग जैसे कार्यों को समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया ।कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने संत रामपाल जी महाराज जी के बताए मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने तथा समाज को नशामुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त और कुरीतिमुक्त बनाने का संकल्प लिया।

## पंच कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं नर्मदा चिंतन महापुराण का आयोजन

### 17 से 25 मई तक होगा आयोजन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** समीपी ग्राम कामती के यज्ञ शाला प्रांगण में 5 कुण्डीय श्री शतचंडी महायज्ञ एवं नर्मदा चिंतन महापुराण का आयोजन कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत अवधूत महायोगी श्री दादा गुरु भगवान की प्रेरणा से 17 मई से 25 मई तक किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मई को सुबह 8 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक संतो के प्रवचन होंगे जिनमे अवधूत महायोगी दादा गुरु भगवान के प्रवचन 23 मई से 24 मई तक, कथावाचक के प्रवचन 18 एवं 19 मई को, साध्वी सत्यप्रिया गिरी जी (श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर काशी पीठ) के प्रवचन 19 मई से 20 मई तक, साध्वी सुश्री प्रभा भारती जी (श्री वृंदावन धाम) के प्रवचन 21 मई से 22 मई तक आयोजित होंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मां खेड़ापति रामलीला मंडल (सिंहपुर छोटा ) द्वारा 25 मई तक प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से रामलीला होगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय श्रद्धांलुओं से उपस्थिति की अपील की गई है ।

## एनटीपीसी गाडरवारा में बालिका सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा 16 मई 2026 को 'बालिका सशक्तिकरण अभियान (त्रश्वरू) 2026' का शुभारंभ किया गया। यह एक माह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें परियोजना प्रभावित ग्रामों के सरकारी विद्यालयों से पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण बालिकाएँ भाग ले रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी सिंह, कलेक्टर नरसिंहपुर, द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर श्री राधेश्याम मौर्य, महाप्रबंधक (ह्र×रू), राजीव त्रिपाठी महाप्रबंधक (परियोजना), बी. बी. पात्रा अपर महाप्रबंधक





(मानव संसाधन),अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी बालिकाएँ एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत एवं स्वागत संबोधन से हुई। इसके पश्चात त्रश्वरू पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। पूर्व त्रश्वरू प्रतिभागी बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया।

इस अभियान के अंतर्गत प्रतिभागी बालिकाओं को संवाद कौशल, कंप्यूटर साक्षरता, योग, आत्मरक्षा, संगीत, नृत्य, कला, विज्ञान तथा नेतृत्व क्षमता जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह पहल उनके शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक एवं नैतिक विकास को सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी।

अपने संबोधन में श्रीमती रजनी सिंह ने कहा, च्बालिकाओं का सशक्तिकरण केवल समाज की आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा, आत्मविश्वास और सही अवसरों के माध्यम से बेटियाँ हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकती हैं। ऐसे अभियान बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ज्ज

त्रश्वरू2026 यह दर्शाता है कि एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए किस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर सकती है। यह पहल शिक्षा, समानता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## ग्राम बसुरिया में दीवार लेखन से दिया गया जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

**नरसिंहपुर स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड चीचली के सेक्टर बसुरिया में दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। यह जनजागरूकता कार्यक्रम मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद जिला नरसिंहपुर के तत्वाधान में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया के समन्वयक, सदस्यों एवं सेक्टर टीम द्वारा आयोजित किया गया। अभियान के तहत गांव की प्रमुख दीवारों पर प्रेरणादायी नारों का लेखन कर नागरिकों को जल के महत्व एवं उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों को जल बचाओ- कल बचाओ, जल ही जीवन है, जल संरक्षण है हमारा सपना- खुशहाल रहे गांव अपना जैसे आदि प्रेरक संदेशों के माध्यम से लोगों को जल के सदुपयोग एवं संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया ।समन्वयक श्री रामेश्वर वर्मा ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से जिले के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन, श्रमदान, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जनजागरूकता संबंधी गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जा रही हैं।

# 17 दिन बाद खत्म हुआ युवा कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह

## बड़वारा में सरकार के खिलाफ गरजे नेता

कटनी (स्वतंत्रमत)



जिले के बड़वारा मुख्यालय में पिछले 17 दिनों से चल रहा युवा कांग्रेस का किसान न्याय सत्याग्रह शनिवार को संपन्न हो गया। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन के अंतिम दिन पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सत्याग्रह का समापन किया। आंदोलन के अंतिम दिन कांग्रेस के कई नेता और सैकड़ो कार्यकर्ता बड़वारा में एकत्रित हुए, जहाँ उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सत्याग्रह के समापन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, पूर्व विधायक बसंत सिंह, प्रदेश सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने कहा कि जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य चल रहा है ऐसे में किसान बड़ी परेशानियां झेल रहा है। कहीं किसानों के स्लाट बुक नहीं हो रहे हैं तो वहीं तुलाई नहीं हो पा रही तो कहीं पर्याप्त वारदाना नहीं है। लेकिन किसानों की सरकार कोई सुध लेने को तैयार नहीं है ऐसे में भाजपा सरकार को जगाने के लिए आंदोलन ही सही रास्ता है। जो कांग्रेस आंदोलन के जरिए उठा रही है, कांग्रेस हमेशा से गरीब, मजदूर किसानों के हित खड़ी थी और खड़ी रहेगी किसानों के मुद्दों को हर स्तर पर उठाने और बहरी भाजपा सरकार की जागने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक बसंत सिंह, विधानसभा प्रभारी ओमकार सिंह, अंशु मिश्रा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इजरायल ने सत्तासीन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, यह सरकार पूरी तरह से किसान और युवा विरोधी है। लगातार युवाओं के भविष्य और किसानों के हक के साथ छलावा किया जा रहा है। हाल ही में नीट परीक्षा का रद्द होना इस दमनकारी नीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस इस सरकार के खिलाफ जमीनी स्तर पर लड़ाई जारी रखेगी और आने वाले समय में युवा इस सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने केंद्र सरकार की विदेश व्यापार नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि (यूएस ट्रेड डील) देश और प्रदेश के किसानों की आत्मा पर सीधा वार है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार में किसान पहले से ही खाद, बीज और फसलों के सही दाम के लिए दर-बदर भटक रहा है और आत्महत्या करने को मजबूर है। ऐसे में यह ट्रेड डील किसानों के लिए दोहरी मार साबित होगी। स्थानीय मुद्दों को उठाते हुए मोहम्मद इसराइल ने कहा कि कटनी जिला प्रदेश में सर्वाधिक खदानों और फैक्ट्रियों वाला क्षेत्र है, जो सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व देता है। इसके बावजूद यहाँ का पढ़ा-लिखा और योग्य युवा आज भी रोजगार के लिए पलायन करने को मजबूर है। उन्होंने बड़वारा क्षेत्र में स्थापित बिरला व्हाइट सीमेंट कंपनी और जेके व्हाइट सीमेंट प्लांट प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन प्लांट्स में स्थानीय और क्षेत्रीय युवाओं को दरकिनार कर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए बाहरी लोगों को नौकरियां दी जा रही हैं, जो इस क्षेत्र के युवाओं के साथ सरासर छलावा है। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित इस 17 दिवसीय सत्याग्रह के अंत में युवा कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा की गई (यूएस ट्रेड डील) को तुरंत वापस लिया जाए, जिससे किसानों के हितों की रक्षा हो सके, बड़वारा क्षेत्र में संचालित बिरला व्हाइट सीमेंट प्लांट और जेके सीमेंट जैसी बड़ी कंपनियाँ यहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठा रही हैं, इसलिए इन उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देना अनिवार्य किया जाए। इन दोनों बड़ी कंपनियों के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल और स्कूलों का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिह, पूर्व विधायक विजय राघवेंद्र सिंह, पूर्व उमरिया युथ कांग्रेस जिला अंबुज सिह, प्रदेश सचिव विक्रम प्रताप सिंह, पूर्व आदिवासी जिला अध्यक्ष रंजीत जनपद सदस्य सुनील बघेल सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, बड़वारा ब्लाक कांग्रेस विकाश निगम, अध्यक्ष विधनसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग, विधानसभा अध्यक्ष बहोरीबंद यूथ अध्यक्ष दीपक यादव, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओमकार सिह, अंशुल राजपूत, सचिन गर्ग, अवध लाल यादव, राहुल चौधरी, परम कॉल अधिक उपस्थित रहे।



# कटनी में विस्फोटक इकाइयों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर

## कलेक्टर के निर्देश पर पटाखा फैक्ट्रियों, विस्फोटक मैगजीन और अमोनियम नाइट्रेट स्टोर हाउसों की सघन जांच

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में नागरिक सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में संचालित पटाखा फैक्ट्रियों, विस्फोटक भंडारण मैगजीनों एवं अमोनियम नाइट्रेट फैक्ट्रियों व स्टोर हाउसों की व्यापक जांच और भौतिक सत्यापन अभियान चलाया गया। अनुविभाग, तहसील एवं थाना स्तर पर गठित संयुक्त जांच दलों ने विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों, लाइसेंस शर्तों और विस्फोटक अधिनियमों के पालन की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि विस्फोटक पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं उपयोग में शासन द्वारा निर्धारित नियमों, सुरक्षा मानकों और विस्फोटक अधिनियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, नियम उल्लंघन अथवा सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित इकाइयों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बीते 7 अप्रैल ऐहतियातन एक आदेश जारी कर गठित जांच दलों को प्रत्येक लाइसेंसधारी इकाई का भौतिक सत्यापन और निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जांच दलों ने लाइसेंसधारियों के नाम, लाइसेंस जारी करने वाली संस्था, लाइसेंस की वैधता अवधि एवं शर्तों के अनुपालन की गहन जांच की। इसके साथ ही विस्फोटक पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और मानकों को भी देखा गया। अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा संधारित अभिलेखों के अनुसार विस्फोटक सामग्री के क्रय-विक्रय एवं भंडारण का भी सत्यापन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि नागरिक सुरक्षा सर्वोपरि और सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सुरक्षा मानकों और नियमों की अवहेलना और लापरवाही करने वालों के विरुद्ध जांच प्रतिवेदन के आधार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त जांच दलों ने लाइसेंसधारियों के नाम, लाइसेंस जारी करने वाली संस्था, लाइसेंस की वैधता, निर्धारित शर्तों के अनुपालन तथा उल्लंघन की स्थिति का विस्तृत परीक्षण किया। इसके साथ ही विस्फोटक पदार्थों के निर्माण और भंडारण के लिए चिन्हित परिसरों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी बारीकी से जांच की गई।

## लोकतंत्र सेनानी संघ मध्य प्रदेश शाखा जबलपुर द्वारा नवीन कार्यकारिणी घोषित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** लोकतंत्र सेनानी संघ मध्य प्रदेश शाखा जबलपुर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी की सहमति से अध्यक्ष अंजनी कुमार सिंह, महामंत्री शंभू नारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष सुभाष जैन, पूर्ति द्वारा जिला कटनी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गयी जिसमें संरक्षक अशोक शर्मा, एडवोकेट राम सुजान सोनी, अध्यक्ष विजय कुमार टीपा, उपाध्यक्ष नीलिमा बनर्जी पांडा, जयप्रकाश नारायण, मंतू निगम, कोषाध्यक्ष परमल, अधिकारी महामंत्री रमेश कुमार जैन, सचिव एवं कार्यालय प्रभारी विजय कुमार, स्वर्णकार सचिव संतोष कुमार असाटी तथा कार्यकारिणी में काशी प्रसाद राय बसंत कुमार असाटी, भागचंद असाटी, विजय कुमार त्रिवेदी की नियुक्ति की गई तथा जयप्रकाश नारायण मंतू निगम को ग्रामीण प्रभारी एवं नीलिमा बनर्जी पंडा को शहर प्रभारी नियुक्त किया गया इस नियुक्ति पर कटनी जिले के शहर तथा ग्रामीण जनों ने हर्ष व्यक्त कर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की है बधाई प्रेषित करने वालों में पूर्व विधायक विधायक सरोज बच्चन नायक, अजय सरावगी, विनय निगम, राजू अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, प्रेम प्रकाश, पुतू दीक्षित, अनिरुद्ध बजाज, ललित सोनी, मनोज निगम है।

## जिला मूल्यांकन समिति में विधायक सदस्य मनोनीत



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी के अनुमोदन से जिला मूल्याकंन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक को सदस्य के रूप मनोनीत किया है। जिला मूल्याकंन समिति कटनी की गाईड लाईन बैठक के दौरान कलेक्टर अध्यक्ष होंगे। जबकि सदस्य के तौर पर निर्वाचित विधान सभा सदस्य संजय सत्येन्द्र पाठक विधायक विजयराघवगढ अध्यक्ष, जनपद पंचायत जिला मुख्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग आयुक्त, नगर पालिका निगम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अधीक्षक, भू-अभिलेख/ अधीक्षक, व्यपवर्तन सदस्य, भाडा नियंत्रण अधिकारी, जिला वन अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकास प्राधिकरण, उपायुक्त मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल, संयुक्त संचालक, उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, महाप्रबंधक उद्योग, होंगे और समिति के संयोजक जिला पंजीयक को बनाया गया है।

## आहना की समाज सेविकाओं ने लिया गौ सेवा का संकल्प

कटनी (स्वतंत्रमत)




जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने गौशाला में जाकर गाय को फल सब्जियां और गुड़ खिलाया साथ ही गौ सेवा करने का संकल्प भी लिया। जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं का कहना है कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म है। गाय में 33 कोटी देवी देवताओं का वास होता है। हिंदू धर्म में घरों में पहली रोटी गाय के लिए बनाई जाती है। गाय की सेवा करने से जीवन में सुख समृद्धि और शांति बनी रहती है। जायंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने गौशाला में गायों को केले तरबूज पालक और गुड़ खिलाकर सदैव गायों की सेवा करने की बात कही। इस दौरान गौशाला में जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की अध्यक्ष वाणी गट्टाणी, वंदना गट्टाणी, रश्मि गट्टाणी, उपासना बजाज, शालिनी बजाज, रश्मि राय, पूजा बेहरे, स्मिता सोमानी, रेनुका गोयनका, शिवानी बर्मन, शिल्पी माहेश्वरी, लक्ष्मी और आरती शिवहरे और इस नेक कार्य में ग्रुप की महिलाओं के साथ दो प्यारे प्यारे बच्चे ध्रुवंश बजाज और वेदांत बजाज मौजूद रहे।

## बिलहरी पुलिस द्वारा सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह के फरार आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी से 9 गैस सिलेंडर किए गए बरामद

कटनी (स्वतंत्रमत)



कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में हुई गैस गोदाम से सिलेंडर चोरी के मामले में फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय के नेतृत्व 17 जनवरी को दरमियानी रात बिलहरी भारत गैस गोदाम से 44 सिलेंडर चोरी हो जाने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान चोरी गये सिलेंडर व अज्ञात चोरों की लगातार पता तलाश के दौरान 1 फरवरी को प्रकरण का खुलासा कर 5 आरोपियों सन्नी दाहिया, जोबीकला के मंजू पटेल, सलोक कुशवाहा, ग्राम छैघरा के रोहित यादव, संदीप काछी को गिरफ्तार किया गया था व चोरी गए सिलेंडर में से 24 सिलेंडर बरामद किए गए थे। बिलहरी पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही थी 16 मई को बिलहरी पुलिस को मुखबीर सूचना कि चोरी में संलिप्त सिलेंडर चोरी मामले में फरार चल रहे आरोपी करिया उर्फ रामकरण भूमिया पिता नरेश भूमिया उम्र 21 साल निवासी छैघरा थाना कुठला को 16 मई को ग्राम छैघरा से अभीरक्षा में लेकर पूछताछ में 05 बड़े सिलेंडर व 04 छोटे सिलेंडर कुल 09 सिलेंडर करिया भूमिया के घर से जप्त किए गए व गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है जहां से उसे जेल भेज दिया है। जिला कटनी में की गई चोरियों का विवरण- अप.क्र. 65/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस थाना कुठला चौकी बिलहरी भारत गैस गोदाम में चोरी, अप.क्र. 55/26 धारा 331 (4), 305 (ए) थाना बड़वारा इन्डेन गैस गोदाम में चोरी, अप.क्र. 472/25 धारा 331 (4), 305 (ए) थाना एनकेजे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया वट सावित्री पर्व

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहर व उपनगरीय क्षेत्रों सहित जिले भर में सुहागिन महिलाओं ने शनिवार को पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए वट सावित्री व्रत रखा। महिलाओं ने बरगद के पेड़ की 108 परिक्रमा कर पूजा की और दान-पुण्य किया। शहर के बाबाघाट हनुमान मंदिर, पुराना जिला न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर, विश्राम बाबा काली मंदिर, उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित खेर माता मंदिर परिसर सहित उन मंदिरों में सुहागिन महिलाओं की भीड़ ज्यादा देखी गई, जहां बरगद का वृक्ष है। बाबा घाट हनुमान मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस व्रत का आयोजन किया, जहां उन्होंने सावित्री-सत्यवान की कथा भी सुनी। विभिन्न मंदिरों में बरगद के वृक्ष के नीचे बड़ी संख्या में महिलाओं ने वट सावित्री व्रत का पूजन किया। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत के पुण्य प्रभाव से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वट सावित्री व्रत के कारण सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर सुबह से ही पूजन-अर्चन में जुट गईं। देवालयों, नदी-तालाबों के किनारे स्थित पीपल एवं वट वृक्षों के नीचे व्रतियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

# कर्तव्यबोध के साथ समाजसेवा को राजनीति का आधार बनाने का आह्वान

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

### सांसद विधायक सहित वरिष्ठ नेता हुए शामिल, दिखा अनुशासन

कटनी (स्वतंत्रमत)



भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत दो दिवसीय आवासीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ होटल सत्कार में हुआ। वैचारिक ऊर्जा, संगठनात्मक अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से ओतप्रोत इस प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ वर्ग गीत एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। इसके उपरांत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और नमन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, अध्यक्ष मेला एवं तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन तथा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी, जिला प्रभारी सुजीत जैन, विधायक संदीप जायसवाल, विधायक प्रणय पांडे, विधायक धीरेन्द्र सिंह, महापौर प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, जिला वर्ग प्रभारी संदीप जैन, वर्ग के संभागीय सह प्रभारी पीताम्बर टोपनानी एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत जिले के पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। वर्ग का संचालन जिला महामंत्री मनीष देव मिश्रा ने किया एवं नियंत्रक जिला उपाध्यक्ष रवि खरे रहे। उद्घाटन सत्र का आभार जिला मंत्री आशीष गुप्ता बाबा ने किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष चमनलाल आनंद ने, द्वितीय सत्र की वरिष्ठ नेता नंदू बसरानी, तृतीय सत्र की वरिष्ठ नेता राजा चौरसिया, चतुर्थ सत्र की पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने पंचम सत्र पूर्व मंत्री अलका जैन, छठवें सत्र की वरिष्ठ नेता संतोष जायसवाल एवं सप्तम सत्र की अध्यक्षता पूर्व महापौर आशा कोहली ने की। विशेष वक्ता सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रवाद और अंत्योदय के सिद्धांतों को केंद्र में रखकर राष्ट्रहित में कार्य किया है।

भाजपा सरकारों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो संकल्प लिया था, उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कर्तव्यबोध के साथ समाजसेवा को राजनीति का आधार बनाकर जनसेवा के लिए समर्पित रहें। प्रस्तावना प्रबोधन देते हुए जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की वैचारिक रीढ़ को मजबूत करने का माध्यम हैं। इन वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक मूल्यों की गहराई को समझने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अनुशासन और समर्पण के साथ प्रशिक्षण ग्रहण करने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता डॉ. विनोद गोंटिया ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने तुष्टिकरण की राजनीति के माध्यम से देश में वैमनस्यता का वातावरण बनाया, किंतु राष्ट्रवादी विचारधारा ने हर बार ऐसे नैरेटिव को परास्त किया है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार भाजपा सरकार की प्रेरणा हैं और इन्हीं सिद्धांतों के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में विकास और सुशासन का भगवा परचम लहरा रहा है। द्वितीय सत्र में अखिलेश जैन ने विचार प्रवाह विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सशक्त विचारधारा ही समाज को एकता के सूत्र में बांध सकती है। संगठन के कार्यकर्ता परिवारों तक पहुंचकर समरसता और सामाजिक एकात्मता को मजबूत कर रहे हैं। तृतीय सत्र में प्रदेश मंत्री लोकेंद्र परासर ने भाजपा की मूल विचारधारा- एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और पंच निष्ठाओं- पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन और सरकार मानवहित के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। भाजपा परिवारवाद नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और शोषणमुक्त समाज की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध संगठन है। प्रशिक्षण वर्ग में देशहित, संगठन विस्तार और सरकार की उपलब्धियों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना की।

चतुर्थ सत्र को संबोधित करते हुए जबलपुर मध्य क्षेत्र के विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि कार्यकर्ता एक अच्छे श्रोता के रूप में स्वयं को बेहतर तरीके से विकसित कर सकता है। उन्होंने कहा कि दायित्वों के प्रति व्यवहारिक रूप से सक्रिय रहने से कार्यकर्ता का निरंतर विकास होता है। संगठन में संपर्क, संवाद और समन्वय के माध्यम से कार्य आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यप्रणाली में कार्यकर्ता ही सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है, इसलिए कार्यकर्ता विकास संगठन की प्राथमिकता है। अनुकूलता को कार्यकर्ता की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को सदैव सीखने की इच्छा के साथ कार्य करना चाहिए। यही भाव संगठन को मजबूत और सशक्त बनाता है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर



# पंजाब को 23 रन से हराकर आरसीबी प्लेऑफ में



## अय्यर और कोहली के अर्धशतक

धर्मशाला, (वार्ता)

वेंकटेश अय्यर (नाबाद 73) और विराट कोहली (58) के शानदार अर्धशतकों तथा पर्पल कैप लीडर भुवनेश्वर कुमार (38 रन पर दो विकेट) तथा रसिख सलाम डार (36 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को रविवार को आईपीएल मुकाबले में 23 रन से हराकर शान के साथ प्लेऑफ में जगह बना ली। आरसीबी ने चार विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद पंजाब की चुनौती को आठ विकेट पर 199 रन पर थाम लिया।

## प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम

आरसीबी इस जीत के साथ प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गयी है। आरसीबी की 13 मैचों में यह नौवीं जीत है और उसने टॉप दो टीमों में अपना स्थान लगभग सुनिश्चित कर लिया है। पंजाब लगातार छठी हार के बाद 13 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उसे प्लेऑफ में जगह बनाने आखिरी मैच हर हाल में जीतना होगा मैचों से अनुकूल परिणाम की उम्मीद करनी होगी।

## पंजाब की टीम आखिर तक संघर्ष करती रह गयी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब को भुवनेश्वर ने पॉवरप्ले में अपने पहले दो ओवरों में दोनों ओपनरों प्रियांश आर्य (0) और प्रभसिमरन सिंह (2) को आउट कर ऐसा झटका दिया जिससे वे अंत तक उबर नहीं सके। रही सही कसर रसिख सलाम डार ने कप्तान श्रेयस अय्यर (1) को आउट कर पूरी कर दी। प्लेऑफ में तीन विकेट गंवाने के बाद पंजाब की टीम आखिर तक संघर्ष करती रह गयी। कूपर कॉनली ने 37, सूर्यांश शेडगे ने 35, मार्कस स्टॉयनिस ने 37 और शशांक सिंह ने 56 रन बनाये लेकिन यह काफी नहीं था।

## एकबार फिर से आरसीबी की टीम ने जीत हासिल की

पिछले साल के दो फ़ाइनलिस्ट का आमना-सामना था और एकबार फिर से आरसीबी की टीम ने जीत हासिल की। पहले विराट कोहली और वेंकटेश अय्यर की बेहतरीन पारियों ने उन्हें एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। उसके बाद भुवी, हेजलवुड और रसिख की गेंदबाज़ी ने शुरुआत में ही पंजाब को बैकफुट पर धकेला दिया और वापसी करने का कोई मौक़ा नहीं दिया। आईपीएल में एक और दिन जब पंजाब के बॉलर्स ने 200 रन दिए। जैकब बेथेल एक बार फिर सस्ते में आउट हो गए, लेकिन देवदत्त पडिक्कल के अटैकिंग 45 रन ने बैटिंग पावरप्ले के बाद आरसीबी को आगे कर दिया। इससे कोहली को खेलने का मौका मिला और इस अनुभवी खिलाड़ी ने अपनी 67वीं आईपीएल फिफ्टी पूरी की। विराट ने 37 गेंदों की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए।

## वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन बनाए

रजत पाटीदार की गैरमौजूदगी में, वेंकी अय्यर को चौथे नंबर पर बैटिंग करने का मौका मिला और उन्होंने निराश नहीं किया, 40 बॉल पर आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। टिम डेविड के अटैकिंग कैमियो ने पक्का किया कि आरसीबी 220 के पार जाए, जिससे यह गेम अच्छी तरह से सेट हो गया। डेविड ने 12 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाए। देवदत्त पड़िक्कल ने 45 और टिम डेविड ने 28 रन का योगदान दिया।



# एलिना स्वितोलिना ने तीसरी बार रोम खिताब जीता

**रोम (वार्ता)।** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को एक और डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने का लंबा इंतज़ार करना पड़ा, लेकिन पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ने शनिवार को शानदार अंदाज़ में यह कर दिखाया, उन्होंने तीसरी सीडेड कोको गॉफ़ को एक हाई-क्वालिटी फ़ाइनल में 6-4, 6-7 (5), 6-2 से हराकर इटेलियन ओपन खिताब जीता। यह जीत 2017 और 2018 में लगातार दो जीत के बाद रोम में स्वितोलिना का तीसरा टाइटल है। रोम में अपना पहला टाइटल जीतने की कोशिश कर रही गॉफ़ ने ज़ोरदार शुरुआत की और दो बार ब्रेक करके 2-0 और 4-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, स्वितोलिना ने दोनों मौकों पर वापसी की। यूक्रेन की खिलाड़ी ने अहम नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर 5-4 की बढ़त बनाए रखी, फिर गॉफ की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। गॉफ, जो इस हफ़्ते पहले ही तीन-तीन सेट के मैच खेल चुकी थीं, दूसरे सेट में भी स्वितोलिना के करीब रहीं। हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने सेट के पहले तीन सर्विस गेम में हर बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन 11वें गेम तक कोई भी खिलाड़ी ब्रेकथ्रू नहीं कर पाई। गॉफ ने ब्रेक करके 6-5 की बढ़त बना ली, लेकिन स्वितोलिना ने तुरंत ब्रेक करके वापसी की और टाईब्रेक के लिए मजबूर कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। स्वितोलिना ने जल्द ही आखिरी सेट में कंट्रोल हासिल कर लिया और पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके 5-2 से आगे हो गईं।

# ऑरेंज कैप टेबल में सुदर्शन और गिल ने किया पहले और दूसरे नंबर पर कब्जा



**कोलकाता (वार्ता)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस (जीटी) की मेज़बानी की और उन्हें 29 रन से हरा दिया। अंक तालिका में नंबर 8 पर मौजूद टीम ने नंबर 2 को मात दी। मैच के बाद आईपीएल 2026 की पर्पल कैप सूची में तो कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन ऑरेंज कैप तालिका पूरी तरह बदल गई।

**ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड**-जीटी मैच हार गई, लेकिन उनके ओपनर्स बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने केकेआर के 247 रन के स्कोर का पीछा करने की पूरी कोशिश की। सुदर्शन तीसरे ओवर में कार्तिक त्यागी की गेंद लगने के बाद 13 गेंदों पर 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। लेकिन 17वें ओवर में, जब गिल आउट हुए, तब वह दोबारा बल्लेबाज़ी करने लौटे और फिर 15 गेंदों पर 30 और रन जोड़कर 28 गेंदों पर नाबाद 53 रन के स्कोर पर समाप्त किया।। इस पारी के साथ उनके इस सीज़न में कुल रन 554 हो गए और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। यह उनके लिए नया नहीं है, क्योंकि वे आईपीएल 2025 में भी ऑरेंज कैप विजेता रहे थे। वहीं, गिल की इस सीज़न की तीसरी 80-प्लस पारी ने उन्हें 552 रन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। इस दौरान उन्होंने अस्थायी रूप से हेनरिक क्लासेन को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के क्लासेन इस सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य बल्लेबाज़ हैं, जिनके नाम 508 रन हैं। टॉप पांच में आगे विराट कोहली (आरसीबी) और क्लासेन के टीम-साथी अभिषेक शर्मा शामिल हैं। कोहली के नाम 484 रन हैं, जबकि अभिषेक ने 481 रन बनाए हैं। शीर्ष 10 से बाहर रहते हुए भी केकेआर के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिससे वे 422 रन के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए।

# नोआ लाइल्स ने 100 मीटर की दौड़ 9.95 सेकंड में जीती



**टोक्यो (वार्ता)।** मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन अमेरिका के नोआ लाइल्स ने रविवार यहां आयोजित गोल्डन ग्रैंड प्रिक्स एथलेटिक्स मीट में 2026 की अपनी पहली 100मीटर की दौड़ 9.95 सेकंड में जीती। इस सीजन में दुनिया में छठे सबसे तेज धावक नोआ के लिए यह जीत का समय अच्छा रहा। दूसरी स्पर्धाओं में, ओलंपिक 400मी हर्डल्स चैंपियन राय बेंजामिन ने दो फाइनल हीट में 400मी फ़्लैट रेस 44.69 सेकंड में जीती। यह बेंजामिन की दो साल से ज़्यादा समय में फ़्लैट जमीन पर पहली 400मी रेस थी, और यह उनके पर्सनल बेस्ट से 0.38 सेकंड कम थी। मुकाबले के बाद अमेरिकी धावक बेंजामिन ने कहा, यह बहुत अच्छा था, एक अजीब सा, बस 400मी की उस रिदम को फिर से महसूस करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए मुझे लगता है कि 44.6 सेकंड में बाहर आकर बहुत खुश हूं। हम घर जाकर सोचेंगे कि अगले मीट के लिए हम क्या बेहतर कर सकते हैं।

# सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहे

पटुमवान (थाईलैंड) (वार्ता)।



भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे, उन्हें इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में सात्विक और चिराग को मोमेंटम पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जिसमें इंडोनेशियाई जोड़ी ने 21-12 से जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की, जोरदार वापसी की और गेम को आखिर तक खींचा, जहां लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद, वे आखिरकार 25-23 से हार गए। 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीज़न के अपने पहले फाइनल में हिस्सा ले रहे टॉप सीडेड भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, बिना सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 53 मिनट में हार गए। लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह पांच आमने-सामने की मुलाकातों में पहली हार थी।

सात्विक-चिराग ने आखिरी बार दो साल पहले बीडब्ल्यू?फ़ टाइटल जीता था। इत्तेफाक से, उनकी आखिरी जीत 2024 थाईलैंड ओपन में हुई थी। भारतीय जोड़ी ने 2019 में भी यह टूर्नामेंट जीता था। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन के फाइनल में भी पहुंचे थे, लेकिन खिताब नहीं जीत पाए थे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल के शुरुआती गेम में, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी 4-1 से पीछे हो गए और वापसी नहीं कर पाए। दूसरा गेम काफी करीबी मुकाबला था। शुरुआत में 5-2 से पीछे रहने के बाद, सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए बराबरी कर ली और चार मैच पॉइंट बचाए। हालांकि, इंडोनेशियाई जोड़ी ने अपने पांचवें मैच पॉइंट का फायदा उठाकर उन्हें हरा दिया। सेमीफाइनल में, सात्विक और चिराग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरी सीडेड मलेशियाई जोड़ी को 19-21, 22-20, 21-16 से हराया और उससे पहले क्वार्टर फाइनल में जापान के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी को 21-12, 21-13 से हराया।

लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु की हार के साथ सिंगल्स इवेंट्स में भारत की चुनौती क्वार्टर फाइनल में खत्म हो गई। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अगले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट में खेलते हुए दिखाई देंगे।

# सरकार ने चांदी की सिल्ली के लिए आयात नीति बदली

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने आयात बिल कम करने के प्रयासों के तहत चांदी की सिल्ली के आयात के लिए नीति में बदलाव किया है और इसे मुक्त जगह नियंत्रित कर दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसमें वजन के हिसाब से 99.9 प्रतिशत या उससे अधिक चांदी वाली सिल्लियों और चांदी की अन्य सिल्लियों के लिए भी आयात नीति मुक्त से बदलकर नियंत्रित कर दी गयी है। डीजीएफटी ने कहा है कि यह अधिसूचना वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री की स्वीकृति से जारी की गयी है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के मद्देनजर सरकार ने दूसरे मदों में आयात बिल कम करने की योजना तैयार की है ताकि चालू खाते के घाटे को नियंत्रित रखा जा सके। इसी के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, और अब चांदी की आयात नीति में बदलाव किया गया है। भारत ने इस साल अप्रैल में 562.69 करोड़ डॉलर का सोना आयात किया था जो सालाना आधार पर 81.69 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाता है। अप्रैल में चांदी का आयात भी 157 प्रतिशत बढ़कर 41.11 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण दोनों कीमती धातुओं के मूल्य में एक साल में आयी भारी वृद्धि है।

# एफपीआई ने मई में अबतक पूंजी बाजार से निकाले 23,545 करोड

मुंबई, (वार्ता)।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने घरेलू पूंजी बाजार में मई के महीने में अबतक 23,545 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये और अप्रैल में 70,786 करोड़ की शुद्ध निकासी की थी। शुद्ध निकासी बाजार में लगायी गयी पूंजी और बाजार से निकाली गयी पूंजी का अंतर होता है। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मई में इक्विटी में एफपीआई का निवेश 27,048 करोड़ रुपये कम हुआ। वहीं, अन्य उपकरणों में उन्होंने




शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में उन्होंने 2,429 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इसमें सामान्य सीमा के तहत एफपीआई ने अपना निवेश कम किया है जबकि स्वैच्छिक रिटेंशन रूट (वीआरआर) और पूर्ण पहुंच रूट (एफएआर) के तहत उन्होंने निवेश बढ़ाया है। हाइब्रिड उपकरणों में एफपीआई का शुद्ध निवेश 931 करोड़ रुपये रहा। म्यूचुअल फंड में एफपीआई का निवेश 143 करोड़ रुपये रहा। इसमें इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड में उन्होंने 134 करोड़ रुपये का निवेश किया।

मौजूदा कैलेंडर वर्ष में अबतक एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 2,12,546 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। फरवरी को छोड़कर बाकी सभी महीनों में उनका निवेश घटा है।

इस दौरान, इक्विटी में उन्होंने सबसे अधिक 2,19,017 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। डेट में उनका निवेश सकारात्मक रहा जबकि म्यूचुअल फंड और हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने शुद्ध रूप से बिकवाली की है।

# चावल में साप्ताहिक तेजी; गेहूं, चीनी नरम

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। वहीं, गेहूं और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 68 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 34 रुपये घटकर 3,256 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान मूंग दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 22 रुपये और तुअर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल पांच रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 115 रुपये और पाम ऑयल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 20 रुपये फिसल गया। वहीं, वनस्पति 35 रुपये और सोया तेल 29 रुपये महंगा हो गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199.44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4327.36 रुपये और गुड़ 5068.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 17862.07 रुपये, मूंगफली तेल 18853.49 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.98 रुपये, सोया तेल 14996.12 रुपये, पाम ऑयल 13496.02 रुपये ।

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगा मुथूट फिनकॉर्प

## चार हजार करोड़ जुटाने की उम्मीद

**मुंबई (वार्ता)।** विशेषकर गोल्ड लोन के क्षेत्र में कारोबार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) मुथूट फिनकॉर्प ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनायी है। कंपनी ने बताया कि उसके निदेशकमंडल ने नये इक्विटी शेयर जारी कर आईपीओ के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। हालांकि अभी इस प्रस्ताव को नियामकीय मंजूरियां मिलनी शेष है। मुथूट फिनकॉर्प ने बताया कि वह बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से आईपीओ लेकर आयेगा। आईपीओ कंपनियों के लिए शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया है। नियमों के मुताबिक, सूचीबद्ध कंपनियों के कम से कम 25 प्रतिशत शेयर सार्वजनिक निवेशकों के पास होने चाहिए, यानी कंपनी के प्रवर्तक से अलग लोगों या संस्थानों के पास होने चाहिये।

नयी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए तीन साल के अंदर अपनी सार्वजनिक शेयरधारिता 25 प्रतिशत करनी जरूरी है जो वे सूचीबद्ध होते समय आईपीओ, उसके बाद ऑफर फॉर सेल (ओएफएफ) या दूसरे माध्यमों से शेयर बेचकर हासिल कर सकती हैं। जिन कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 50,000 करोड़ रुपये से अधिक है उन्हें इसके लिए पांच साल तक और जिनका बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है उन्हें 10 साल तक का समय मिल सकता है।

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

मुंबई (वार्ता)।

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिलहाल दोबारा शुरू होती नहीं दिख रही है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजार दबाव में हैं। विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर समाधान नहीं निकलने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। निवेशकों के लिए यह एक बड़ा कारक है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों आईटीसी और एनटीपीसी के अलावा तेल एवं गैस सेक्टर की चार बड़ी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, इंद्रप्रस्थ गैस और गेल के तिमाही और वार्षिक परिणाम




आने वाले हैं। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि पश्चिम एशिया संकट के पहले एक महीने में इन कंपनियों पर कितना प्रभाव पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 2,090.2 अंक (2.70 प्रतिशत) लुढ़ककर 75,237.99 अंक पर आ गया। सोमवार और मंगलवार को बाजार में बड़ी गिरावट देखी गयी जबकि बुधवार और गुरुवार को लिवाली का जोर रहा। शुक्रवार को सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर एक बार फिर बिकवाली हावी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 532.65 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 2.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीते सप्ताह टाइटन का शेयर 7.64 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 6.92 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.21, इटरनल में 5.97, भारतीय स्टेट बैंक में 5.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.50, टीसीएस में 5.47 और इंफोसिस में 5.16 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 4.90 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 4.69, इंडिगो का 4.64, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.84, बीईएल का 3.65 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 3.64, ट्रेंट का 3.36 और पावर ग्रिड का 2.56 प्रतिशत उतर गया।

एक्सिस बैंक का शेयर 1.93 फीसदी, एनटीपीसी का 1.80, एचडीएफसी बैंक का 1.72, एलएंडटी का 1.66, आईसीआईसीआई बैंक का 1.59 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 0.74 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा। अच्छे तिमाही परिणाम के कारण भारती एयरटेल का शेयर सप्ताह के दौरान 3.80 प्रतिशत उछल गया। अडानी पोर्ट्स में 2.01, सन फार्मा में 1.77, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.72, टाटा स्टील में 1.10 और आईटीसी में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही।

# प्रदेश में बढ़ रही पेपर लैस कार्य संस्कृति : डॉ. यादव

## डिजिटल सशक्तिकरण से शासकीय कार्य प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने में मिलेगी मदद

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में पेपरलेस कार्य संस्कृति को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। नागरिकों को एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल ऐप पर सरकार के 56 विभागों की 1700 सेवाएं एक ही पोर्टल पर उपलब्ध हैं। प्रदेश में साइबर तहसीलों की स्थापना हो चुकी है। इस नवाचार को प्रधानमंत्री पुरस्कार भी मिल चुका है। भोपाल में देश के पहले साइबर पंजीयन कार्यालय की शुरुआत की गई है। प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर का भी शुभारंभ किया गया है। मंत्रि-परिषद की कार्यवाही पूर्णत: पेपरलैस हो चुकी है, जिससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता भी बढ़ी है। प्रदेश में सुशासन के साथ ग्रीन गवर्नेंस को भी बढ़ावा मिल रहा है। इन नवाचारों से प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं और जन सामान्य से जुड़ी सेवाओं तक आम आदमी की पहुंच को आसान और उनके उपयोग को सरल व सुगम बनाया जा रहा है। सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश-न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने जबलपुर के एक कार्यक्रम में प्रदेश में पेपर लैस कार्य प्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश, पूर्णत: पेपरलैस बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। इससे पर्यावरण को भी संबल मिलेगा।

### गुड गवर्नेंस के नए आयाम होंगे स्थापित

प्रधानमंत्री श्री मोदी के सुशासन के मंत्र को आत्मसात करते हुए मिनिमम गवर्नमेंट- मैग्सिमम गवर्नेंस के मूल मंत्र के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में गुड गवर्नेंस के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में सक्रिय हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यालयों में फाइलों की मॉनिटरिंग,



समयबद्ध निराकरण और उत्तरदायित्व सुनिश्चित हुआ है। इससे भ्रष्टाचार में कमी, पारदर्शिता में वृद्धि तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गति आई है। लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सीएम हेल्पलाइन नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर सिस्टम के माध्यम से प्रदेश में रजिस्ट्री की सुविधा अब लोगों के लिए आसान हुई है। नागरिक अब घर बैठे दस्तावेज के पंजीयन करवा रहे हैं। वारंट और समन की तामील के लिए ई-तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। मध्यप्रदेश, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

### तकनीक के बदलते दौर में बदल रहा न्यायिक प्रशासन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही, सुशासन के दो मजबूत स्तंभ हैं और एक -दूसरे के पूरक भी। पारदर्शिता से जवाबदेही मजबूत होती है और जवाबदेही स्वयं पारदर्शिता की कारक होती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डिजिटल क्रांति ने देश में सर्विस डिलीवरी और व्यवस्था की जवाबदेही को मजबूती दी है। तकनीक आज सामाजिक परिवर्तन के साथ व्यवस्था में बदलाव का भी प्रमुख कारक बन गई है। तकनीक के इस बदलते दौर में प्रदेश के न्यायालय तेजी से बदल रहे हैं। वर्षों तक न्यायिक प्रक्रिया कागजी अभिलेखों पर आधारित रही। एफआईआर से लेकर चार्जशीट, केस डायरी, मेडिकल रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट, समन, वारंट और अंतिम निर्णय हर चरण पर भौतिक दस्तावेजों का आदान-प्रदान होता था। अब डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से हम एंड-टू-एंड ई-प्रोसीडिंग की ओर बढ़ रहे हैं। ई-फाइलिंग, ई-समन, डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) और इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं न्यायिक प्रशासन को अधिक कुशल बना रही हैं। महाधिवक्ता कार्यालय में भी पेपरलैस प्रणाली स्थापित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। केस मैनेजमेंट, डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग एवं विभागीय समन्वय के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है।

### कानूनी जागरूकता बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने अधिकारों को जानना जरूरी है। कमजोर वर्गों, महिलाओं और बुजुर्गों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। कानून की भाषा ऐसी होनी चाहिए जो न्याय चाहने वाले व्यक्ति को सरलता से समझ में आ जाए। राज्य सरकार जन सामान्य में कानूनी जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर कार्यरत है। डिजिटल समय में कानूनी प्रक्रियाओं को डिजिटली सशक्त करने से न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने में मदद मिलेगी जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त और जीवंत बनाने में सहायक होगी।

# भोपाल में आज होगा ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट का शुभारंभ

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ऊर्जा विकास निगम के व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का डिजिटली प्रचार-प्रसार करने के लिये एमपीयूवीएनएल एवं काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवॉयरनमेंट एंड वॉटर के सहयोग से 18 मई सोमवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सुबह 10 बजे व्हाट्सऐप चैटबॉट एवं प्रचार वीडियो लॉन्च किया जाएगा। व्हाट्सऐप चैटबॉट और प्रचार वीडियो से नागरिकों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी सरल एवं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे योजना के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और नागरिकों को आवेदन एवं सोलर संयंत्र लगाने की प्रक्रिया को समझने में मदद मिलेगी।

### प्रमुख शहरों में आईईसी अभियान का होगा शुभारंभ

मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम



**इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर में एक साथ होगा प्रचार प्रसार अभियान का शुभारंभ**

लिमिटेड द्वारा प्रदेश के प्रमुख शहरों भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर एवं जबलपुर में एक लक्षित सूचना, शिक्षा एवं संचार (ढ्ढश्वष्ट) एवं जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान उपभोक्ताओं के बीच विश्वास निर्माण, व्यवहारगत परिवर्तन को प्रोत्साहित करने एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### आमजन के बीच लोकप्रिय हो रही है योजना

प्रदेश में योजना को लेकर लगातार सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अब तक मध्यप्रदेश में 1 लाख 96 हजार 791 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 1 लाख 24 हजार 663 सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों की कुल क्षमता 467.06 मेगावाट है।

भारत सरकार द्वारा अब तक 879.69 करोड़ रुपये का अनुदान भी प्रदान किया जा चुका है। चैटबॉट और आईईसी शुभारंभ कार्यक्रम में भारत सरकार के अधिकारी, जिला कलेक्टर, बैंक प्रतिनिधि, विद्युत वितरण कंपनियों एवं नगर निगम के अधिकारी तथा योजना से जुड़े पंजीकृत वेंडर भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# उदय प्रोजेक्ट की टीम के 9 वार्डों के दौरों के बावजूद नहीं सुधरी जल प्रदाय व्यवस्था

**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा नगर में 40 करोड़ रुपये की उदय प्रोजेक्ट जल योजना अब सवालों के घेरे में है। नवंबर 2024 में कार्य पूर्ण होने के दावों के बावजूद 15 वार्डों में आधे वार्डों तक भी नियमित जल प्रदाय नहीं हो पा रहा है। घर-घर नल से जल पहुंचाने की सरकारी योजना अब तक धरातल पर पूरी तरह नहीं उतर सकी है। प्रोजेक्ट इंजीनियर पीडी तिवारी लगातार तीन दिन तक हटा में कैम्प कर व्यवस्थाओं को सुधारने में जुटे रहेए लेकिन हालात सुधरने के बजाय और उलझते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि अधिकारियों को गुमराह कर ढोलियाखेड़ा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में दूसरी बार पाइप लाइन बिछा दी गईए जबकि कई वार्ड आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। नगर के बाजार बजरिया रोड स्थित कोऑपरेटिव बैंक के पास, तिगड्डा बजरिया रोड, दमोह-पन्ना रोड, खचना बड़े बाजार रोड और नव निर्मित काम्प्लेक्स के आसपास जल संकट बना हुआ है। हालात यह हैं कि जगह-जगह सड़कें खोदकर चाबियां लगाई जा रही हैं और दूसरी ओर लोगों को टैंकरों से पानी सप्लाई किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों की योजना के बावजूद बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। वहीं नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे का कहना है कि समस्या पर प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही है तथा प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से जल प्रदाय कराया जा रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर करोड़ों की योजना का लाभ जनता को कब मिलेगा और कब तक शहर की सड़कें गड्ढों और अधूरी व्यवस्थाओं का बोझ झेलती रहेंगी।

# शनि जयंती पर शनि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

## दिनभर चले धार्मिक अनुष्ठान

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** शनि जयंती पर एसपीएम नगर दमोह में स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में शनि जयंती का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ धार्मिक वातावरण में मनाया गया। अमावस्या एवं वट सावित्री व्रत होने के साथ-साथ 25 वर्षो पश्चात शनिवार को शनि जयंती होने पर को जिले के एकमात्र प्रसिद्ध श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में विशेष संयोग के साथ आई इस जयंती पर पूजन पाठ को लेकर भी भक्तजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही भक्तजन इस अवसर पर शनि देव को तेल से लेकर उड़द आदि चढ़ाकर पूजा कर रहे थे। साथ ही



शनि मंदिर में दिनभर विविध आयोजनों का दौर चलता रहा। इस अवसर पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, जनसम्पर्क अधिकारी वायके कुरैशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। 15 मई की सुबह से अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ किया गया था जो कि शनिवार की दोपहर तक लगातार चलता रहा। वहीं शाम 4 बजे से सिंगपुर की प्रसिद्ध रामधुन की मंडली द्वारा संगीतमय बातावरण में आयोजन किया गया। इस दौरान लगातार ही भक्तों का तांता लगा रहा। अमावस्या के दिन शनि जयंती के मौके पर शनिवार को भक्तों ने जहां शनिदेव से सुख शांति समृद्धि की कामना की और अभिषेक हवन पूजन कर धर्म लाभ लिया। शाम 5 बजे से प्रारंभ हुए हवन में जहां हजारों की तादाद में भक्त जनों ने हवन कुंड में अपनी आहुतियां देकर शनि देव से शांति हेतु कामना की। शनि जयंती पर मुख्य यजमान के रुप मे महिला मंडल द्वारा पूजन किया गया। शाम के समय मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शास्त्री के मार्ग निर्देशन में महाआरती का आयोजन भी किया जिसमें भी सैकड़ों की तादाद में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर बालकृष्ण शास्त्री, जागेश्वर तिवारी, विनोद पांडे, केशव रावत एवं आचार्य आशुतोष गौतम ने बताया कि शनि जयंती का व्रत रखने से शनिदेव प्रसन्न रहते हैं। इस दिन संध्याकाल में शनि देव की उपासना और आराधना की जाती है तथा शनि मंदिर पहुंचकर शनि से संबंधित वस्तुओं का दान किया जाता है।



# पटेरा कृषि कार्यालय से जागरुकता रथ रवाना

## किसानों को मिलेगी योजनाओं व आधुनिक खेती की जानकारी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को शासन की योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि कार्यालय पटेरा से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गनेश पटेल एवं स्थाई समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुशील शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रथ के माध्यम से पंचायतों में पहुंचकर किसानों को शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं, जैविक एवं आधुनिक खेती की तकनीकों, उन्नत बीज, फसल प्रबंधन तथा कृषि संबंधी नई जानकारी से अवगत कराया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसका उद्देश्य किसानों को जागरूक बनाकर खेती को अधिक लाभकारी और वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान करना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डीके साहू, कृषि विकास अधिकारी बीएस अजवानी, जीपी आर्य, अनिल पटेल, बबली बाघरी सहित देवांश एग्रो एजेंसी के संचालक राजेश राठौर एवं कृषक सेवा केंद्र संचालक मयंक जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि शासन किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार नई योजनाएं संचालित कर रहा है जिनकी जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना आवश्यक है।

# 5 अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों का 3 दिवस का वेतन काटा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के प्राथ. स्वा. केन्द्र इमलियाघाट का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना व सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना ही कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर 5 अधिकारी-कर्मचारियों का तत्काल प्रभाव से 3 दिवस का वेतन काटा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया बंधपत्र चिकित्सक डॉ. मुफादल सैफी संविदा फार्मासिस्ट इमरान खान, संविदा एएनएम राजेशकुमारी विश्वकर्मा, आउटसोर्स डाटा एंट्री ऑपरेटर विनय शर्मा एवं आउटसोर्स एमटीएस प्राथ. स्वा. केन्द्र इमलियाघाट हिण्डोरिया वीरेन्द्र रैकवार का 3 दिवस का वेतन काटा गया हैं।

# कृषि वर्ष 2026 के तहत कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

दमोह (स्वतंत्र मत)।

जिला प्रशासन के निर्देशन एवं कृषि विभाग जबेरा के मार्गदर्शन में तहसीलदार सोनम पांडेय, रूपेश सेन, रानू रामदेव, बंटी दुबे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टाफद्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो दस दिवस तक जबेरा विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर कृषि एवं संबंधित विषयों जैसे कृषि, अभियांत्रिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी आदि पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के मध्य सीधा संपर्क कर नवीन एवं वैधानिक तकनीकियों सुधार आदि की जानकारी कृषको तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान



तहसीलदार सोनम पांडेय ने कहा कि शासन द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषि रथ के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाई जा रही है जिसका किसान भाई लाभ उठाएं साथ ही कृषक अपने खेतों की नरवाई ना जलाएं यह दंडनीय अपराध है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में राजस्व विभाग निरंतर कार्य कर रहा है और कृषि विभाग को जहां भी सहयोग की जरूरत होगी किसानों के हित में सहयोग किया जाएगा। रूपेश सेन ने कहा कि मप्र शासन की मंशा है कि प्रदेश का किसान समृद्ध और खुशहाल हो जिसके लिए शासन निरंतर कार्य कर रहा है और वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों के हित में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी कृषि रथ के माध्यम से गांव.गांव तक पहुंचाई जा रही है जिससे किसान भाई निश्चित तौर पर लाभान्वित होंगे। वहीं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कृषि रथ के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जिसके तहत 16 मई से 10 दिवस तक कृषि रथ जबेरा विकासखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पहुंचकर ई विकास प्रणाली अंतर्गत ई टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा उर्वरकों का अनुशंसा अनुसार उपयोग संबंधी प्रचार प्रसार, जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार प्रसार, एकीकृत पोषक तत्वए कीट एवं रोग प्रबंधन सहित कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने का उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार, प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना, पराली प्रबंधन, कृषि अभियांत्रिकी आदि द्वारा खरीफ पूर्व खेतों का समतलीकरण आदि की जानकारी किसानों को दी जाएगी।

## पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा

# दूरी, संसाधनों और आर्थिक अभाव को दूर कर सुनिश्चित कर रही है जीवनरक्षक उपचार

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सुलभ, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर उपचार की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मई 2024 से प्रदेश में 'पीएम एयर एम्बुलेंस सेवा' प्रारंभ की गई, जो आज गंभीर रूप से बीमार, दुर्घटना प्रभावित एवं आपदा पीड़ित मरीजों के लिए जीवनरक्षक पहल के रूप में स्थापित हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई यह महत्वाकांक्षी सेवा उन परिस्थितियों में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है, जब मरीज को गोल्डन ऑवर के भीतर उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान तक पहुंचाना आवश्यक होता है। सेवा के अंतर्गत एक




हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस तथा एक फिक्स्ड-विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग एम्बुलेंस को प्रशिक्षित चिकित्सकीय और पैरामेडिकल टीम के साथ संचालित किया जा रहा है। यह व्यवस्था राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित मानकों और आपातकालीन चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुरूप कार्य कर रही है। एयर एम्बुलेंस के माध्यम से कम समय में उन्नत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे मरीजों की जान बचाने की संभावनाएं उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि आर्थिक अभाव किसी भी मरीज के उपचार में बाधा नही बने। आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को प्रदेश के भीतर एवं बाहर स्थित सभी शासकीय तथा आयुष्मान मान्यता प्राप्त अस्पतालों तक एयर एम्बुलेंस सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इसका समस्त व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। वहीं गैर-आयुष्मान श्रेणी के मरीजों को भी प्रदेश के भीतर शासकीय अस्पतालों तक यह सेवा निःशुल्क प्रदान की जा रही है। सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसों एवं आपदा प्रभावित मरीजों के लिए भी राज्य के भीतर और बाहर किसी भी शासकीय अथवा निजी अस्पताल तक निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मई 2024 से प्रारंभ इस सेवा से 140 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। अनेक गंभीर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में यह सेवा महत्वपूर्ण साबित हुई है।

# मध्यप्रदेश के 'नूरजहाँ' की विश्व में पहचान

## प्रदेश के गौरव को किंग ऑफ मैंगो भी कहा जाता है

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** भारत को आमों का देश कहा जाता है और मध्यप्रदेश इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला प्रमुख राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश की जलवायु, उपजाऊ मिट्टी और विविध भौगोलिक परिस्थितियां आम उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल मानी जाती हैं। यही कारण है कि यहां दशहरी, लंगड़ा, चौसा, केसर, आम्रपाली, अल्फांसो और तोतापरी जैसी अनेक प्रसिद्ध किस्मों के साथ-साथ एक ऐसी अनोखी किस्म भी पैदा होती है, जिसने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी विशेष पहचान बनाई है। यह विशेष किस्म है नूरजहाँ आम। इसे किंग ऑफ मैंगो भी कहा जाता है। मध्यप्रदेश के जनजातीय बहुल आलीराजपुर जिले के कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में पैदा होने वाला नूरजहाँ आम अपने विशाल आकार, अद्वितीय स्वाद और आकर्षक स्वरूप के लिए प्रसिद्ध है। इसे दुनिया के सबसे बड़े आमों में गिना जाता है। सामान्यत: एक नूरजहाँ आम का वजन लगभग 2 से 5 किलोग्राम तक होता है। इसका आकार इतना बड़ा होता है कि एक ही आम पूरे परिवार के लिए पर्याप्त माना जाता है। इसका रंग, सुगंध और मिठास लोगों को पहली नजर में आकर्षित कर लेते हैं। बाजार में इसकी मांग विशेष रूप से बड़े शहरों और विदेशों में अधिक है। एक आम की कीमत 1500 से 3000 तक होती है। नूरजहाँ आम केवल अपने आकार के कारण ही नहीं, बल्कि अपनी दुर्लभता के कारण भी विशेष माना जाता है। इसके पेड़ों पर सीमित संख्या में फल आते हैं, इसलिए इसकी कीमत सामान्य आमों की तुलना में कई गुना अधिक होती है। कई बार एक फल ही हजारों रुपये में बिक जाता है। यही कारण है कि यह आम किसानों के लिए लाभकारी फसल के रूप में उभर रहा है। कट्ठीवाड़ा का मौसम और वातावरण इस किस्म के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है, जिससे यहां पैदा होने वाले फल विशेष गुणवत्ता वाले होते



हैं। माना जाता है कि नूरजहाँ आम की यह प्रजाति वर्षों पहले अफगान क्षेत्र से भारत पहुंची और बाद में पाँचवें - छठवें दशक में मध्यप्रदेश के मालवा तथा आदिवासी अंचल झाबुआ में विकसित हुई। आलीराजपुर जिले के ग्राम जूना कट्ठीवाड़ा स्थित शिव (बावड़ी) आम फार्म के कृषक श्री भरतराजसिंह जादव बताते हैं कि उनके पिता स्व. रणवीरसिंह जादव लगभग 55 से 60 वर्ष पूर्व गुजरात के बनमाह क्षेत्र से नूरजहाँ आम का पौधा लेकर आए थे। उन्होंने अपने खेत में इस पौधे को लगाया और वर्षों की मेहनत से इसे संरक्षित किया। यही पौधा आगे चलकर पूरे क्षेत्र की पहचान बन गया। श्री जादव के अनुसार उनके पिता ने ग्राफ्टिंग तकनीक से एक विशेष पौधा तैयार किया था, जिसकी वर्तमान आयु लगभग 20 से 25 वर्ष है। इसके अतिरिक्त स्वयं श्री भरतराजसिंह जादव द्वारा तैयार किए गए 11 ग्राफ्टेड पौधे आज 3 से 5 वर्ष की अवस्था में विकसित हो रहे हैं। आज यह मध्यप्रदेश की विशेष पहचान बन चुकी है। कट्ठीवाड़ा क्षेत्र में नूरजहाँ आम की ख्याति वर्षों पुरानी है। इसकी विशिष्टता को देखते हुए वर्ष 1999 तथा 2010 में इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इन पुरस्कारों ने न केवल किसानों का उत्साह बढ़ाया बल्कि आलीराजपुर जिले को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाई। धीरे-धीरे यह आम मध्यप्रदेश की उद्यानिकी पहचान का महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया। नूरजहाँ आम का इतिहास मालवा और पश्चिमी भारत की सांस्कृतिक विरासत से भी जुड़ा माना जाता है। कहा जाता है कि मुगलकाल में बड़े आकार और विशेष स्वाद वाले आमों को शाही बागों में विशेष महत्व दिया जाता था। इसी परंपरा से जुड़ी यह किस्म समय के साथ गुजरात और झाबुआ-आलीराजपुर अंचल तक पहुंची। आदिवासी बाहुल्य इस क्षेत्र की जलवायु, मिट्टी और तापमान नूरजहाँ के लिए अनुकूल सिद्ध हुए, जिसके कारण यह किस्म यहां अच्छी तरह विकसित हुई। झाबुआ और आलीराजपुर के सीमावर्ती क्षेत्रों में इसका संरक्षण किसानों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी किया जाता रहा है। विदेशों में भी नूरजहाँ आम की विशेष मांग देखी जा रही है। विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर और कुवैत जैसे खाड़ी देशों में भारतीय प्रीमियम आमों की अच्छी मांग रहती है। वहां बड़े आकार और आकर्षक स्वरूप वाले फलों को विशेष पसंद किया जाता है। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा तथा यूनाइटेड किंगडम में बसे भारतीय समुदाय के बीच भी भारतीय आम अत्यंत लोकप्रिय हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के सिंगापुर और मलेशिया जैसे देशों में भी इसकी विशेष पहचान बन रही है।

हालांकि नूरजहाँ आम का उत्पादन सीमित मात्रा में होता है, इसलिए इसका निर्यात बड़े पैमाने पर नहीं हो पाता, लेकिन इसकी विशिष्टता और दुर्लभता इसे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लक्ज़री मैंगो की पहचान दिला रही है। विदेशी बाजारों में यह आम आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार और उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीकों, उन्नत पौधों, ड्रिप सिंचाई तथा फल प्रसंस्करण के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## प्रबंधन समिति ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग



### खमरिया कालीबाड़ी मंदिर में महिला ने डाला डेरा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** खमरिया स्थित ऐतिहासिक कालीबाड़ी मंदिर में एक महिला द्वारा जबरन डेरा डाले जाने का मामला सामने आया है। मंदिर के पट बंद होने के बाद भी महिला द्वारा परिसर से न हटने की जिद के कारण अब क्षेत्रीय नागरिकों और मंदिर प्रबंधन समिति में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने खमरिया थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से लिखित शिकायत दर्ज कराई है और त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## बेलखेड़ा में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही

### संगठन ने शराब से भरा वाहन पकड़ा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** थाना बेलखेड़ा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने रविवार को एक बोलेरो वाहन पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। बताया गया है कि बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडएच 0435 में करीब 10 पेटी अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। संगठन के कार्यकर्ताओं ने वाहन को रोककर इसकी सूचना तत्काल बेलखेड़ा पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों को वाहन एवं आरोपी मोनू भंडारी को सौंप दिया गया।





# खुले में पड़ा अनाज मौसम न गिरा दे गाज



## प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ी गेहूं की सरकारी खरीद

जबलपुर/सिहोरा (स्वतंत्र मत)

इस वर्ष गेहूं की सरकारी खरीदी पूरी तरह से प्रशासनिक अव्यवस्था और तंत्र की विफलता की भेंट चढ़ गई है। बीते 15 दिनों से गेहूं खरीदी केंद्रों के लिए स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया पूरी तरह बंद पड़ी है। इसके चलते केंद्रों पर अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों के अनाज की तौल नहीं हो पा रही है। स्थिति यह है कि हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे भगवान भरोसे पड़ा है, जिससे अन्नदाताओं में जबरदस्त हताशा और आक्रोश का माहौल है। किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रशासन के इस ढुलमुल रवैए पर तीखी नाराजगी व्यक्त की है।

### पहले देरी, फिर सर्वर का बहाना

क्षेत्र के किसान प्रतिनिधियों और ग्रामीणों, जिनमें ग्राम पंचायत सरपंच लमकना उर्मिला बहादुर पटेल, वैभव अग्निहोत्री, आनंद यादव, छोटे लोधी, सुधा पटेल, संतोष यादव, राम सहाय पटेल, संगीत पटेल, मुन्नी बाई पटेल, बसंत कुमार, रजनी भारत, कृषक समाज के संरक्षक सुबोध पांडे, तहसील अध्यक्ष एडवोकेट रामगोपाल पटेल, छोटे पटेल तथा भारतीय किसान संघ के सुरेश पटेल, आशीष पटेल एवं गंगा पटेल शामिल हैं, ने प्रशासन पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष पहले ही सरकारी खरीद 15 दिन की देरी से शुरू की गई। इसके बाद 1 अप्रैल से स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ तो हुई, लेकिन महज 5 दिन चलने के बाद 5 अप्रैल को अचानक बंद हो गई। उस समय प्रशासन ने भरोसा दिलाया था कि सर्वर में तकनीकी खराबी के कारण बुकिंग रुकी है, जिसे जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा। लेकिन बीते 15 दिनों में प्रशासन न तो सर्वर की गड़बड़ी ठीक कर पाया और न ही किसानों की स्लॉट बुकिंग दोबारा शुरू हो सकी।

### बदलते मौसम से थम रही हैं सांसें

प्रशासन ने बिना पुख्ता तैयारी के 10 अप्रैल से खरीदी केंद्रों पर गेहूं की आवक तो शुरू करा दी, लेकिन स्लॉट बुकिंग न होने से तौल का काम पूरी तरह ठप है। स्लॉट चालू होने की उम्मीद में किसान अपनी खून-पसीने की गाढ़ी कमाई (उपज) ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर केंद्रों पर तो पहुंच रहे हैं, लेकिन वहाँ उनका अनाज लावारिस स्थिति में पड़ा हुआ है। वर्तमान में मौसम के बदलते मिजाज, तेज आंधी और बेमौसम बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता को कई गुना बढ़ा दिया है। अन्नदाताओं को डर सता रहा है कि यदि अचानक तेज बारिश हो गई, तो उनकी महीनों की मेहनत पल भर में मिट्टी में मिल जाएगी। किसान संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि युद्धस्तर पर तकनीकी खराबी को दूर कर तत्काल स्लॉट बुकिंग शुरू की जाए, ताकि किसानों को इस मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके।

## साले ने जीजा पर लोहे के पाइप से किया हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर एक साले द्वारा अपने ही जीजा पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंडी मदार टेकरी (गेट नंबर 3) निवासी मोहम्मद फहीम (30 वर्ष), जो वेल्डिंग का काम करता है, का शनिवार रात अपनी पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया था। विवाद के बाद वह मानसिक शांति के लिए रात करीब 9:15 बजे कब्रिस्तान गेट नंबर 1 के पास सड़क किनारे टहलने चला गया। इसी दौरान उसका साला निजाम वहाँ पहुंच गया और बहन के साथ हुए विवाद को लेकर फहीम से गाली-गलौज करने लगा।

## ई-रिक्शा चोरी

**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत एल्गिन अस्पताल के सामने से एक अज्ञात चोर द्वारा ई-रिक्शा चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भंतलैया बड़ी खेरमाई निवासी मोहम्मद शेख (26 वर्ष) मोहम्मद इरशाद राइन का ई-रिक्शा किराये पर चलाता है। दिनांक 16 मई 2026 की दोपहर लगभग 12:45 से 1:30 बजे के बीच, वह अपने परिजनों को इलाज के बाद घर ले जाने के लिए एल्गिन अस्पताल आया था। शेरू अपना ई-रिक्शा अस्पताल के बाहर खड़ा करके परिजनों को लेने अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह परिजनों के साथ बाहर लौटा, तो उसका ई-रिक्शा वहां से गायब था।

# बिना परमिट दौड़ रही बाराती बस पर 51 हजार का जुर्माना

## बरगी के पास पकड़ी गई बिना दस्तावेजों के चल रही राधिका ट्रैवल्स की बस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश के इंदौर में हाल ही में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद परिवहन विभाग पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। परिवहन मंत्री और परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के सख्त निर्देश पर जबलपुर, सिवनी और मंडला सहित पूरे संभाग में बसों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को जबलपुर की उड़नदस्ता टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र के धड़ल्ले से चल रही एक बाराती बस को जब्त किया है। वाहन संचालक से मौके पर 51,500 रुपए का शमन शुल्क (जुर्माना) भी वसूला गया। उड़नदस्ता प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मंडला से जबलपुर की ओर जा रही राधिका ट्रैवल्स की बस क्रमांक एमपी13 पी 1949 को बरगी के समीप घेराबंदी कर रोका गया। यह बस बारातियों को लेकर जा रही थी। जब उड़नदस्ता टीम ने चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे, तो वह परमिट, फिटनेस, बीमा या प्रदूषण प्रमाणपत्र जैसे कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका।



***बस जब्त, यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक भेजा-*** नियमों के इस गंभीर उल्लंघन और यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में देखते हुए उड़नदस्ता टीम ने बस को तत्काल जब्त कर लिया और उसे आरटीओ परिसर में खड़ा करवा दिया। बस में सवार बारातियों और यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए विभाग ने तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की और उन्हें दूसरे सुरक्षित वाहन से उनके गंतव्य तक पहुंचाया। गौरतलब है कि बीते दिनों इंदौर से शिवपुरी जा रही एक एसी बस में आग लगने से 4 साल के मासूम की मौत हो गई थी। स्टाफ की लापरवाही से हुए इस हादसे के बाद परिवहन विभाग अलर्ट मोड पर है।

# स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर पत्रकार थे पं. कुंजबिहारी पाठक

## स्मृति दिवस पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. कुंजबिहारी पाठक न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वरन उर्दू एवं हिंदी के विद्वान और प्रखर पत्रकार होने के नाते उन्होंने आम आदमी के हृदय में भी देश भक्ति की भावना भरकर उन्हें स्वतंत्रता आन्दोलन से जोड़ा। उपरोक्त आशय के विचार गोलबाजार स्थित अमर शहीद स्मृति मेला के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित पं. कुंजबिहारी पाठक स्मृति समारोह में वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल्या गौटिया थीं। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अंशुमन शुक्ला ने की। विशिष्ठ वक्ता जादूगर एस. के. निगम ने पाठक जी से जुड़े संस्मरण व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता के धर्म का पालन किया। लायन नरेंद्र जैन ने उनके साहित्यिक अवदान एवं कलम की प्रखरता पर चर्चा की। विक्रम परवार सहित कमलेश यादव,सुधा जायसवाल, संध्या जायसवाल, विमला श्रीवास्तव ने पाठक जी के चित्र के साथ अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार व्यक्त किये। अतिथियों का स्वागत ओ.पी.तिवारी, सुधीर पाठक, मधु पाठक, राजीव गुप्ता, रीता पाठक, प्रदीप जैन, भीम सिंह दीवान, अंजन कुमार आदि ने मोतियों की माला से किया। प्रारंभ में वरिष्ठ साहित्यकार प्रतुल श्रीवास्तव ने पाठक जी के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पाठक जी जैसी विभूतियों के जीवन दर्शन से वर्तमान पीढ़ी को शिक्षा लेने की आवश्यकता है इस अवसर पर अवनी धनोप्या ने भक्ति गीत एवं गुंजन के कलाकारों ने लोक संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संचालन राजेश पाठक प्रवीण, आभार विजय जायसवाल एवं इंदिरा पाठक तिवारी ने व्यक्त किया। समारोह में गुंजन कला सदन, पाथेय संस्था की सहभागिता रही।



# भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला सम्पन्न

## सेवा, संस्कार एवं संगठन विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला लक्ष्य सिद्धि का आयोजन दिनांक 16 मई 2026 को होटल समदड़िया इन, जबलपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का आयोजन भारत विकास परिषद जबलपुर मुख्य शाखा द्वारा किया गया, जिसमें महाकौशल प्रांत की विभिन्न शाखाओं से लगभग 50 सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में रीजनल संगठन मंत्री श्री विक्रांत खंडेलवाल, मुख्य अतिथि अखिलेश जैन कोषाध्यक्ष भाजपा, मध्य प्रदेश रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं महाकौशल प्रांत अध्यक्ष इंजी. रामकृष्ण चौकसे की विशेष उपस्थिति रही। मंच पर जबलपुर शाखा अध्यक्ष डॉ. श्रीमती रिशा पांडे, शाखा सचिव श्रीमती मौली जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती रुचि पालीवाल तथा महिला सहभागिता मार्गदर्शन के लिए श्रीमती सरोज चौकसे उपस्थित रहीं। कार्यशाला का संचालन डॉ नीलेश पांडे द्वारा प्रभावी एवं आकर्षक ढंग से किया गया। मुख्य अतिथि अखिलेश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजनीति में आने से पूर्व वे स्वयं भारत विकास परिषद के सक्रिय सदस्य एवं जबलपुर शाखा के अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सभी सदस्यों को समाजसेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।



***इनकी रही उपस्थिति-*** कार्यशाला में प्रांतीय स्तर से नितिन पालीवाल, जितेंद्र कुलकर्णी, शैलेंद्र जेठा, श्रीमती सरोज चौकसे, सचिंद्र गुप्ता, डॉ. यू एस बी गौर एवं पंकज स्वदेशी उपस्थित रहे। महिला सहभागिता में रीजनल महिला प्रमुख श्रीमती भारती कोरव एवं प्रांतीय महिला प्रमुख श्रीमती अर्चना सोनी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमन पांडे, श्रीमती लता तिवस्कर, सुभाष तिवस्कर, धर्मेंद्र कुशवाहा सहित सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

# जल संवर्धन यात्रा का ग्राम पथरिया में स्वागत

## ग्रामीणों ने की बैराज निर्माण की मांग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निकाली जा रही माँ हिरन नदी जल संवर्धन यात्रा का दिनांक 17 मई 2026 को ग्राम पथरिया (भैरोघाट) में भव्य आगमन हुआ। यह यात्रा पूर्व जनपद अध्यक्ष अनुराग सिंह, एसडीएम शाहपुरा एम.एम. रघुवंशी और तहसीलदार पिपरिया कला के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। पथरिया पहुंचने पर यात्रा का ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, ग्रामीण पंचायत विभाग तथा जन अभियान परिषद के तमाम अधिकारी व कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



***यात्रा ध्वज का पूजन-*** अभियान के तहत यात्रा ध्वज के साथ सभी सेवादार और अधिकारी हिरन नदी घाट (पथरिया) पहुंचे। यहाँ उपस्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पूरे विधि-विधान से यात्रा ध्वज का व मां हिरन नदी का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ की गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष अनुराग सिंह (गोलू) ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए नदी के किनारे स्थित ऐतिहासिक वट वृक्ष की जड़ों के कटाव को रोकने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आज से ही जनभागीदारी के माध्यम से सहयोगात्मक निर्माण कार्य शुरू कर प्रकृति को बचाने का संकल्प दिलाया। वहीं, ग्रामीणों ने क्षेत्र में जल स्तर सुधारने और जल संवर्धन के लिए प्रशासन के सामने नदी पर एक बैराज बनाने की मांग रखी। इस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम शाहपुरा एम.एम. रघुवंशी ने ग्रामीणों को उपयुक्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक की जांघ में घोंपा चाकू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

थाना गोसलपुर के अंतर्गत ग्राम धमधा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू जैसी धारदार चीज से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम धमधा निवासी अनुज चौधरी (25 वर्ष) शनिवार की रात करीब 9:30 बजे अपने घर से पैदल गुटखा लेने के लिए बरनू तिराहा जा रहा था। जैसे ही वह गांव के राजा कोल के घर के पास पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद गांव के ही साहिल चौधरी ने उसे रोक लिया। साहिल पुरानी बुराई (रंजिश) को लेकर अनुज के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब अनुज ने इसका विरोध किया, तो आरोपी साहिल चौधरी ने अचानक अपनी जेब से चाकू जैसी कोई धारदार वस्तु निकाली और अनुज के बाएं पैर की जांघ पर दे मारी। हमले में अनुज बुरी तरह घायल हो गया।

## शराब के लिए पैसे न देने पर किया हमला

**जबलपुर।** थाना कुंडम के अंतर्गत ग्राम सहजपुरी में शराब के पैसे न देने पर एक युवक पर धारदार बके से हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, सहजपुरी निवासी जयसिंह बागरी (35 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार (16 मई) की रात लगभग 9 बजे जब वह मजदूरी का काम खत्म कर घर लौट रहा था, तभी कॉलोनी में हैंडपंप के पास गांव के ही मनोज झारिया और पुष्पेंद्र झारिया ने उसे रोक लिया। मनोज के हाथ में लोहे का बका था। दोनों आरोपियों ने जयसिंह से शराब पीने के लिए 200 रुपये की मांग की। जब जयसिंह ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने बके से हमला कर दिया।

## साज जबलपुरी स्मृति काव्य संध्या आज

**जबलपुर (स्वतंत्रमत)।** वर्तिका संस्था के तत्वावधान में आज 18 मई को सायं 7:00 बजे से गोलबाजार मुक्ताकाशी रंगमंच में स्वर्गीय साज जबलपुरी स्मृति में काव्यांजलि समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य अतिथि जादूगर एस के निगम एवं अध्यक्षता प्रतुल श्रीवास्तव जी करेंगे, वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज, अध्यक्ष संतोष नेमा एवं दिशा दर्शक राजेश पाठक प्रवीण ने सहित्यानुरागियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।






# कांबिंग गस्तः गुंडे-बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा

## सालों से फरार 205 वारंटियों को दबोचा

## देर रात तक चली चेकिंग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराधों की रोकथाम और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में जबलपुर पुलिस ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक बड़ा कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के तहत पुलिस टीमों ने जिले भर में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए कई वर्षों से फरार चल रहे अपराधियों के कुल 205 वारंट तामील कराने में बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी के आदेश पर दिनांक 16 मई 2026 की रात 9 बजे से लेकर 17 मई 2026 की रात 2 बजे तक शहर और देहात के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कॉम्बिंग गस्त की गई। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को पकड़ने के लिए हर थाने में अधिकारियों और कर्मचारियों की विशेष टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों ने रात भर अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान 106 गैर म्यादी वारंट तामील किए गए। 55 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 44 जमानती वारंट भी तामील कराए गए।



***संदिग्धों की हुई चेकिंग, मुसाफिरखानों को खंगाला-*** कॉम्बिंग गस्त के दौरान न सिर्फ वारंटियों को पकड़ा गया, बल्कि क्षेत्र के सक्रिय गुंडे-बदमाशों के रिकॉर्ड और उनकी मौजूदगी को भी चेक किया गया। देर रात सड़कों पर घूमने वाले संदिग्धों से पूछताछ की गई। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मुसाफिरखानों और होटलों में ठहरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। पुलिस कप्तान ने कहा कि जनता में सुरक्षा की भावना पैदा करना और कानून का पालन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे अपराधियों को पकड़ना बेहद जरूरी था जो लंबे समय से कानून से बचते फिर रहे थे। जिले में अपराध और अपराधियों पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए इस प्रकार की सख्त कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.